सुप्रभात
रांची, सोमवार
05.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 142
12 पाक से तनाव के बीच तालिबान सरकार ने भारत से मांगी मदद

## न्यूज डायरी

### खूंटी से अगवा कानू मुंडा का शव बरामद

खूंटी। मुरहू थाना क्षेत्र के इठे गांव निवासी अपहृत कानू मुंडा का शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने उसका सिर और धड़ अलग अलग स्थान से बरामद किया। मुरहू के डैम किनारे से उसका कटा हुआ सिर मिला है, जबकि उसका बाकी शरीर तपकरा थाना क्षेत्र के जंगल में दफनाया हुआ पाया गया। मुरहू और तापकरा पुलिस जंगल में दफनाये शव को निकालने की तैयारी में जुट गया है। एक दिसंबर को चचेरे भाई ने उसका अपहरण कर लिया था।

### गुजरात : दूसरे चरण की 93 सीटों पर आज वोटिंग

अहमदावाद। गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए सोमवार को 93 सीटों के लिए वोटिंग होगी। मतदान सुबह आठ बजे से शुरू होकर शाम पांच बजे तक चलेगा। इस चरण में 74 सामान्य सीटें, 6 अनुसूचित जाति और 13 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं।

### ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत

गोड्डा। सदर प्रखंड के पुंसिया गांव के समीप गोड्डा हंसडीहा रेलवे लाइन पर रविवार को दिनेश कुमार (16 ) की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। वह रंगमटीया गांव का रहने वाला था। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### लोगों को चिकित्सा सेवा घर के पास मिलेगी : मुंडा

सरायकेला। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाया जा रहा है, ताकि इलाज की समुचित व्यवस्था लोगों को घर के नजदीक मिल सके। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से मरीजों का डाटा बन रहा है, जिसके बाद उसका फॉलो भी किया जायेगा। यह आयोजन एक दिन के लिए नहीं है, बल्कि दूरगामी लक्ष्यों को लेकर आयोजित किया गया है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर संगोष्ठी 7 को

रांची। राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सात दिसम्बर को एक संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास झारखंड, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान रांची एवं झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रयास से प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सभागार में होगा। सेमिनार का उद्घाटन राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बैस करेंगे।

### पत्थर का मलबा गिरने से ट्रेन सेवा बाधित

कोडरमा। बरकाकाना रांची रेलखंड पर शनिवार रात पत्थर का मलबा गिरने से रेलवे परिचालन घंटों बाधित रहा। पत्थर का मलबा जवाहर पुल के पास वाली रेल पटरी पर गिरी। घटना के बाद पटरी से मलबा हटा दिया गया है। नॉन इंटरलॉकिंग का काम हो रहा है। इसलिए पिछले कुछ दिनों से इस ट्रैक पर पैसेंजर ट्रेन नहीं चल रही है।

### खड़गे राज्यसभा में पार्टी के नेता भी रहेंगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राज्यसभा में विपक्ष के नेता बने रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रविवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि खड़गे न केवल पार्टी अध्यक्ष के रूप में, बल्कि राज्यसभा में विपक्ष के नेता के रूप में भी विपक्षी दलों के साथ जुड़ेंगे। ऐसे में अगर खड़गे दो पद संभालते हैं तो यह कांग्रेस की 'एक व्यक्ति, एक पद' पॉलिसी के उलट होगा। दूसरी तरफ, राहुल गांधी संसद के शीतकालीन सत्र में शामिल नहीं होंगे। यह फैसला दिल्ली में कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में लिया गया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 50,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 67,000 रु./प्रति किलो |

झासा की सभा में बोले सीएम, राज्यहित में लगन, ईमानदारी से काम करें, सरकार आपके साथ

# बिना आप के सरकार आगे नहीं बढ़ सकती

खबर मन्त्र ब्यूरो

▸▸ प्रशासनिक व्यवस्था का मजबूत होना जरूरी
▸▸ आमलोगों से पूरी आत्मीयता से जुड़ें और समस्याएं सुनें



रांची। झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झासा) की वार्षिक आमसभा को संबोधित करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि प्रखंड से लेकर मंत्रालय तक राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की बड़ी टीम कार्य करती है। ऐसे में आप व्यवस्था की सबसे मजबूत और महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की व्यवस्था तथा कार्यशैली थोड़ी अलग है, लेकिन अगर आप इन वरीय अधिकारियों के सहयोगी के रूप में खड़े नहीं हों, तो वे भी एक कदम आगे नहीं चल पायेंगे। रविवार को मोरहाबादी के आर्यभट्ट सभागर में आयोजित आमसभा को सीएम बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर सीएम ने झासा की पत्रिका का भी विमोचन किया। सीएम ने कहा कि आप सभी अधिकारी अपना कार्य करें, आपकी मांगों पर सरकार काम कर रही है। हमारी सरकार में आप अपनी मांगें और समस्याएं बेहिचक रख सकते हैं। आप राज्य की बेहतरी के लिए लगन और ईमानदारी से कार्य करें, सरकार हमेशा आपके साथ रहेगी।

**रंजीता हेम्ब्रम अध्यक्ष, राहुल महासचिव :** आमसभा के दूसरे सत्र में नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति रंजीता हेम्ब्रम को अध्यक्ष चुन लिया। वहीं महासचिव पद के लिए मान-मनौव्वल के बाद राहुल कुमार को चुना गया।

**आप सरकार के अहम सहयोगी :** सीम ने कहा कि राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सरकारी व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। सरकार के अहम सहयोगी हैं। राज्य को दिशा दिखाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में आपकी कार्यशैली से राज्य के सर्वांगीण विकास और उसे मजबूती देने का हौसला मिलता है। राज्य में अधिकारी ही ग्रास रूट पर कार्य करते हैं। आप को व्यवस्था के हर स्तर पर कार्य करने का अनुभव होता है। ऐसे में वे राज्य की तमाम समस्याओं और हालात से से भलीभांति वाकिफ होते हैं। ऐसे में आप जैसे अधिकारियों पर सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, ताकि उसका लाभ आम जनता को मिल सके।

### ठोस प्रशासनिक व्यवस्था से ही राज्य मजबूत होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की मजबूती के लिए प्रशासनिक व्यवस्था का मजबूत होना अत्यंत जरूरी है। अगर किन्ही वजहों से प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर हो जाये तो सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। इन्ही बातों को ध्यान में रखकर हम अन्य राज्यों की प्रशासनिक व्यवस्थाओं को भी समझने की कोशिश करते हैं, ताकि यहां की प्रशासनिक व्यवस्था को और भी मजबूती दे सकें। किसी भी राज्य को आगे बढ़ाने में तथा गांव-गांव, शहर-शहर में लोगों को योजनाओं से जोड़ने में राज्य सेवा कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

### जोहार से करें संबोधन

झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के आम सभा में शिरकत करते सीएम श्री सोरेन ने सभी पदाधिकारियों से 'जोहार' के साथ अभिवादन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसा कहने से आप सभी पदाधिकारियों को लोगों से जुड़ने में मदद मिलेगी। साथ की उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने में आपकी सहभागिता बहुत जरूरी है। ( पेज 2 भी देखें)

# आठ को गढ़वा से सीएम की खतियानी जोहार यात्रा

## पहले चरण में तीन प्रमंडलों के दो-दो जिलों को कवर करेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। हेमंत सोरेन की सरकार 8 दिसंबर से खतियानी जोहार यात्रा की शुरूआत करने जा रही है। यात्रा के पहले चरण में सीएम हेमंत सोरेन तीन प्रमंडलों के दो-दो जिलों की यात्रा करेंगे। खतियानी जोहार यात्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री जनता के बीच जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजना की जानकारी तो लेंगे ही, साथ ही सरकार की तीन साल की उपलब्धियां को बताने का काम करेंगे।

**प्रमंडल और जिले में करेंगे समीक्षा बैठक :** यात्रा के दौरान सीएम प्रमंडल और जिले के उच्च स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधियों के साथ रिव्यू मीटिंग करेंगे। इस मीटिंग का उद्देश्य योजनाओं के धरातल पर उतारने की सफलता की जानकारी लेने के साथ और क्षेत्रों में लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था की स्थिति की भी जानना है। इन सबके अलावा खतियान जोहार यात्रा के कई राजनीतिक मायनें भी निकाले जा रहे हैं। इसमें सबसे प्रमुख यूपीए गठबंधन कार्यकर्ताओं के साथ जिला स्तर पर अगर कोई दूरी है, तो उसे पाटने (कम करना तो है ही) के साथ ही 2024 के चुनाव को लेकर तैयारी की भी शुरूआत करना है।

**कार्यकर्ताओं की बातें भी सुनेंगे :** हर प्रमंडल के दौरे के पहले दिन सीएम जिले में कार्यकताओं के साथ आम बैठक करेंगे। आम बैठक में वे गठबंधन के कार्यकर्ताओं की समस्याएं और बातें सुनेंगे। कोई नाराजगी होगी, तो सीएम उसे दूर करेंगे, ताकि आगामी चुनाव में महागठबंधन और मजबूती के साथ चुनाव लड़ सकें। दूसरे दिन दूसरे जिले में रिव्यू मीटिंग करेंगे। इसमें दोनों जिलों और प्रमंडल के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### पहले चरण में इन तीन प्रमंडलों की यात्रा

खतियान जोहार यात्रा के पहले चरण में हेमंत सोरेन तीन प्रमंडल पलामू, दक्षिण छोटानागपुर और संथाल परगना का दौरा करेंगे। 8 और 9 दिसंबर को पलामू प्रमंडल के गढ़वा और पलामू, 12 और 13 दिसंबर को दक्षिण छोटानागपुर के गुमला और लोहरदगा तथा 15 को गोड्डा और 16 दिसंबर को देवघर जायेंगे।

बीआइटी का दीक्षांत समारोह, 10 गोल्ड समेत 1532 को मिली डिग्री

# देश के विकास में योगदान दें: कुलाधिपति

### बोले राज्यपाल

▸▸ हमेशा सीखने की लालसा रखें, तभी चुनातियों से लड़ने में सक्षम होंगे
▸▸ शिक्षा का महत्व सिर्फ उपाधि या नौकरी लेने तक सीमित नहीं है
▸▸ एक बेहतर, जिम्मेदार और चरित्रवान नागरिक बनें
▸▸ वीआइटी की समृद्ध विरासत रही है



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआइटी) के 32वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बैस ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप अपने जीवन में हमेशा कुछ न कुछ सीखने की लालसा रखें। हमेशा कुछ न कुछ नया सीखने वाला व्यक्ति ही इस नये दौर की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा। आपका बौद्धिक निर्माण एक ऐसे संस्थान में हुआ है जिसकी समृद्ध विरासत रही है। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का महत्व उपाधि ग्रहण करने या नौकरी के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर लेने मात्र तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसका वास्तविक महत्व एक बेहतर, जिम्मेदार और चरित्रवान नागरिक के रूप में राष्ट्र के विकास में योगदान देना है। इस मौके पर राज्यपाल ने दस विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और 1532 स्टूडेंट्स के बीच बांटी डिग्रियां बांटी।

**मेक इन इंडिया में शामिल हों :** कुलाधिपति ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, हमारा देश दुनिया की प्रगतिशील अर्थव्यवस्था में शामिल है। (शेष पेज 11 पर)

### दस को गोल्ड, 1532 को मिली डिग्री

दीक्षांत समारोह में संस्थान के 10 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया गया। वहीं, यूजी, पीजी और पीएचडी के 1532 विद्यार्थियों को डिग्री दी गयी। इसमें सत्र 2018-22 में शामिल यूजी (859), पीजी (598) और पीएचडी (75) कोर्स के कुल 1532 विद्यार्थियों के बीच डिग्री बांटी गयी।

आदिवासियों की जमीन किसी को भी छीनने नहीं देंगे : शिवराज

# लव जिहाद : हमारी बेटियों के 35 टुकड़े बर्दाश्त नहीं, कड़ा कानून शीघ्र



इंदौर (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने लव जिहाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। सीएम शिवराज ने कहा कि हम अपने राज्य में लव जिहाद को किसी भी हालत में बढ़ावा नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी हमारी बेटियों से प्यार के नाम पर शादी कर 35 टुकड़े करे, हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। लव जिहाद के खिलाफ और सख्त कानून बनायेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई आदिवासियों की जमीन छीनने की कोशिश करेगा, उसे भी ऐसा नहीं करने देंगे। इंदौर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सीएम शिवराज ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो हम राज्य में लव जिहाद को लेकर और कड़ा कानून बनायेंगे, लेकिन राज्य में किसी भी तरह से हम लव जिहाद के खेल को बढ़ावा नहीं देने देंगे। सीएम ने कहा कि वह राज्य की धरती में लव जिहाद का खेल बिल्कुल नहीं चलने देंगे। यदि कोई छल से हमारी बेटियों से शादी करके उसके 35 टुकड़े कर दे तो हम इसे सहन नहीं कर पायेंगे।

**आदिवासियों की जमीन भी छीनने नहीं देंगे :** सीएम शिवराज ने पेसा एक्ट के बारे में जनकारी देते हुए कहा कि अगर कोई भी आदिवासियों की जमीन हथियाने के लिए आदिवासी महिला से शादी करेगा तो हम ऐसा नहीं होने देंगे। सीएम शिवराज ने कहा कि पेसा एक्ट राज्य में मास्टर स्ट्रोक है। बता दें कि मध्यप्रदेश में 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनाव में आदिवासी वोटर्स को साधन के लिए सीएम शिवराज ने राज्य में पेसा एक्ट लागू किया है।

# राजीव कुमार ने डीजीपी को लिखा पत्र, मांगी सुरक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार ने डीजीपी को पत्र लिखकर सुरक्षा की गुहार लगायी है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि पहले पहले उनकी सुरक्षा में एक गार्ड था, पर झूठे मामले में फंसाये जाने के कारण गार्ड वापस ले लिया गया। अब वह जमानत पर बाहर हैं और झारखंड उच्च न्यायालय में एक वकील के रूप में अपना काम कर रहे हैं। पत्र में अधिवक्ता ने लिखा है कि उन्हें अलग-अलग हलकों से काफी धमकियां मिल रही हैं। ऐसे में कृपया उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान करायें। राजीव कुमार ने आगे पत्र में लिखा कि पिछले कुछ दिनों में उन्हें कई बढ़े लोगों से संबंधित व्यक्तियों ने धमकी दी है। इसके लिए सुरक्षा जरूरी है। यदि मेरे और मेरे परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है, तो उस स्थिति में उपरोक्त व्यक्ति जिम्मेदार होंगे। राजीव कुमार ने इसको लेकर इडी को भी एक पत्र लिखा है। अधिवक्ता राजीव कुमार ने माइनिंग लीज और शेल कंपनी से जुड़े दो पीआइएल हाइकोर्ट में दायर किये थे। (शेष पेज 11 पर)

# बांग्लादेश से भी हार गया भारत




**पहला वनडे**

मीरपुर(एजेंसी)। बंगलादेश ने मीरपुर के शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में रविवार को पहले एकदिवसीय मैच (वनडे) में मेहदी हसन की दमदार बल्लेबाजी के बदौलत रोमांचक मुकाबले में भारत को एक विकट से हरा दिया। भारत के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के एल राहुल की जुझारू पारी उसके काम न आयी और मेजबान टीम से भारत को हार का स्वाद चखने पर मजबूर कर दिया। तीन एकदिवसीय मैच की सीरीज के पहले मुकाबले में भारत ने मेजबान टीम को जीत के लिए 187 का लक्ष्य दिया। मेजवान बंगलादेश की टीम ने आसानी से हासिल कर लिया और भारत को एक विकेट से मात दे दी। इस जीत के साथ मेजबान टीम वनडे सीरीज में 1-0 से आगे है। भारत के 186 के लक्ष्य के बाद मेजबान टीम की हालांकि पारी की शुरूआत अच्छी नहीं और भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने पहले ओवर की पहली ही गेंद पर नजमुल हुसैन शांतो को बिना खाता खोल पवेलियन भेजा दिया था। बांग्लादेश की टीम एक समय हार के कगार पर पहुंच गयी थी, पर मेंहदी हसन ने जबरदस्त पारी खेल कर पासा ही पलट दिया।

# आइटी इंजीनियर जुड़वां बहनों ने एक ही लड़के से की शादी

### दूल्हे पर केस दर्ज

एजेंसी



मुंबई। महाराष्ट्र के सोलापुर में जुड़वां बहनों ने एक ही लड़के से शादी कर ली। दोनों बहनें आइटी इंजीनियर हैं। वे बचपन से ही दोस्तों की तरह साथ रहीं और अब आगे भी साथ रहना चाहती हैं। इसीलिए दोनों ने अतुल नाम के लड़के से शादी करने का फैसला किया। इनकी शादी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो सामने आने के बाद लोग पूछ रहे हैं, क्या यह कानूनी तौर पर जायज है। वहीं, पुलिस ने दूल्हे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जुड़वां बहनों के नाम पिंकी-रिंकी और दूल्हे का नाम अतुल।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों बहनें मुंबई में आइटी इंजीनियर हैं। वहीं, अतुल का मुंबई में ट्रैवल एजेंसी का बिजनेस है, मूल रूप से वह मालशिरस तालुका का रहने वाला है। पिंकी और रिंकी के पिता की कुछ दिन पहले मौत हो गयी थी। इसके बाद से दोनों बहनें मां के साथ मालशिरस तालुका में आकर रहने लगीं।

**ऐसे जुड़वां बहनों के करीब आया अतुल :** पिता की मौत के बाद से बहनों की मां भी बीमार रहने लगीं। कुछ दिनों पहले उनकी मां की तबीयत अचानक बिगड़ गयी। तब अतुल ने उनकी मां को अस्पताल ले जाने में मदद की। फिर धीरे-धीरे अतुल, पिंकी और रिंकी के करीब आ गया। अब तीनों ने अपने परिवार की सहमति से शादी कर ली है। इनकी शादी का वीडियो वायरल हुआ तो ही एक शख्स ने पुलिस ने शिकायत कर दी। इसके बाद पुलिस एक्टिव हुई और दूल्हे के खिलाफ धारा 494 के तहत केस दर्ज कर लिया।

### ऐसी शादी अपराध

जुड़वा बहनों की एक ही व्यक्ति से की शादी पर एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिकायत मिली है। भारतीय दंड संहिता की धारा 494 (पति या पत्नी के जीवनकाल में फिर से शादी करना) के तहत गैर-संज्ञेय (एनसी) अपराध है। इस मामले में अकलुज पुलिस स्टेशन में दूल्हे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, अतुल नामक व्यक्ति ने 36 वर्षीय जुड़वां बहनों से शादी की जो आईटी पेशेवर हैं। दूल्हा-दुल्हन के परिवार वाले इस विचित्र शादी के लिए राजी हो गये थे। कुछ दिन पहले पिता के गुजर जाने के बाद से लड़कियां अपनी मां के साथ रह रही थीं।

# सीढ़ियों से गिरकर पुतिन घायल गंभीर बीमारी की अटकलें तेज

एजेंसी

मास्को। बीते 9 महीनों से ज्यादा समय से छिड़े रूस यूक्रेन युद्ध के बीच खबर है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सीढ़ियों से गिर गये हैं। सीढ़ियों से गिरने से वह जख्मी हो गये हैं। समाचार एजेंसी के अनुसार रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मास्को स्थित अपने आधिकारिक आवास में गिर गये हैं, जिस कारण उनकी तबीयत खराब हो गयी है। वहीं, मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि पुतिन कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि सीढ़ियों से गिरने के कारण पुतिन की रीढ़ की निचली हड्डी में ज्यादा चोट आयी है। इसके कारण उन्हें बैठने में काफी परेशानी हो रही है। बताया जा रहा है कि गिरने के बाद पुतिन को उनके व्यक्तिगत अंगरक्षकों ने उठाया। कई बार उनकी बीमारी को लेकर कुछ लोगों ने दावा किया है कि उनकी तबीयत खराब है। यूक्रेन से जंग के बाद पुतिन की हालत और खराब हुई है। पुतिन लगातार चिकित्सकों के संपर्क में हैं। इस बीच क्रेमलिन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया था कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन युद्ध को लेकर बातचीत करने को तैयार हैं लेकिन उन्होंने रूसी सेना को यूक्रेन से हटाने से इंकार कर दिया था।

# बिजली संकट : डीवीसी से 600 मेगावाट कम आपर्ति और सेंट्रल पूल से 200 मेगावाट की कटौती है कारण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पिछले पंद्रह दिनों से बिजली संकट बरकरार है। झारखंड राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीबीएनएल) के अधिकारी बिजली संकट का हल निकालने में लगे हैं। शहरी और ग्रामीण इलाकों में लगातार लोड शेडिंग की जा रही है। राजधानी रांची समेत औद्योगिक नगरी जमशेदपुर, कोयलांचल के इलाके समेत अन्य जगहों पर बिजली की कटौती जारी है।

रांची के विभिन्न ग्रिडों से सुबह छह बजे से लेकर नौ बजे तक अलग-अलग इलाकों में लोड शेडिंग हो रही है। वहीं शाम को भी नियमित रूप से तीन से चार घंटे तक बिजली की कटौती हो रही है। ग्रामीण इलाकों में भी बिजली संकट बना हुआ है। झारखंड राज्य लघु उद्योग संगठन (जेसिया) ने भी बिजली संकट को लेकर कहा है कि बिजली की स्थिति नहीं सुधरी, तो पलायन जैसी स्थिति हो जायेगी। वैसे भी बिजली की कटौती से उत्पादन लगातार प्रभावित हो रहा है।

### राज्य में बिजली संकट से शहर से लेकर गांव तक के लोग हैं परेशान

### झारखंड को रोज 2100 मेगावाट बिजली की है आवश्यकता




### आधुनिक पावर से मिलनेवाली 180 मेगावाट बिजली पर भी रोक

जमशेदपुर स्थित आधुनिक पावर से मिलनेवाली 180 मेगावाट बिजली पर भी रोक लगा दी गयी है। रांची के सिकिदरी हाईडल परियोजना से 120 मेगावाट बिजली का उत्पादन 15 नवंबर से बंद है, क्योंकि रूक्का डैम का जल स्तर 25 फीट से कम है। वहीं सेंट्रल पुल से हाईड्रो प्रोजेक्ट से मिलनेवाली बिजली में 200 मेगावाट की कटौती कर दी गयी है।

### डीवीसी कमांड एरिया में भी बिजली कटौती जारी

**राज्य सरकार ने डीवीसी को 6000 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया**

जानकारी के अनुसार, बिजली की कटौती की मुख्य वजह दामोदर घाटी निगम डीवीसी से 600 मेगावाट की बिजली नहीं मिलना है। राज्य में प्रति दिन 2100 से अधिक मेगावाट बिजली की आवश्यकता है। ऐसे में सेंट्रल ग्रिड से जुलाई 2022 से लगातार बिजली नहीं दी जा रही है। वहीं डीवीसी भी पैसे के बकाये को लेकर डीवीसी कमांड एरिया में बिजली काट रहा है। डीवीसी को राज्य सरकार ने छह हजार करोड़ का भुगतान नहीं किया है। डीवीसी से हुए समझौते के अनुसार झारखंड सरकार 60 करोड़ की बिजली प्रत्येक माह खरीदती है। यह बकाया अब बढ़ कर छह सौ करोड़ हो गया है। औसतन 200 करोड़ रुपये का भुगतान डीवीसी को जेबीभीएनएल की तरफ से किया जाता है।

# औद्योगिक इकाईयों को बिजली की निर्बाध आपूर्ति करें : जीएम

### बिजली आपूर्ति के लिए ईई को सौंपी गयी है जिम्मेवारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में बिजली संकट गहराता जा रहा है। इसी बीच रांची जीएम ने रांची के इंडस्ट्रियल इकाईयों को सुचारू बिजली आपूर्ति का निर्देश दिया है। इतना ही नहीं इसके लिए जीएम पीके श्रीवास्तव ने कार्यपालक अभियंताओं को जिम्मेवारी सौंप दी है। उन्होंने रांची के इंडस्ट्रियल इकाई वाले क्षेत्र तुपुदाना, टाटीसिल्वे, कोकर, नामकुम, मेसरा और नगड़ी एरिया के कार्यपालक अभियंताओं निर्देश जारी किया है। इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पर विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए गए हैं।

**अंडरग्राउंड केबल का शेष काम तीन माह में पूरा करें :** श्रीवास्तव ने मेसर्स केईआई द्वारा नामकुम ग्रीड से निकलने वाले ओवरहेड तार को अंडरग्राउंड करने के कार्यों को तेज करने का निर्देश दिया है। एजेंसी को तीन माह के अंदर उसे पूरा करने को कहा है। श्रीवास्तव ने इंजीनियरों को राजस्व वसूली भी बढ़ाने का निर्देश दिया।

अगर कोई उर्जा मित्र (मीटर रीडर) फिल्ड में कोई गड़बड़ी करते हैं, तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि नवंबर माह में 66 करोड़ राजस्व वसूली हुई है। दिसंबर में इसे बढ़ाकर कम से कम 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए।

# रिम्स को मिले 4 नए डॉक्टर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हाईकोर्ट की फटकार के बाद राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल में रिम्स में मैनपावर दुरुस्त करने को लेकर काम जारी है। इस दौरान रिम्स को 4 नए डॉक्टर मिले हैं। सभी का इंटरव्यू कुछ दिन पहले रिम्स में लिया गया था। डॉक्टरों की फाइनल लिस्ट जारी की गई है, जिसमें डेंटल कॉलेज के लिए तीन एसोसिएट प्रोफेसर शामिल है। पीरियोडोंटोलॉजी एंड ओरल इंप्लांटोलॉजी में डॉ शिवा मंजूनाथ आरजी, कंजर्वेटिव इंडोडोंटिक्स एंड एस्थेटिक डेंटिस्ट्री में डॉ गौरव कुमार और आर्थोडोंटिक्स एंड डेंटोफेशियल आर्थोपेडिक्स में डॉ अभय कुमार जैन हैं। वहीं न्यूरोलॉजी में एक सीनियर रेजीडेंट डॉ रितु राशि को नियुक्त किया गया है।

## झासा की आमसभा में सीएम के सामने अधिकारियों ने खुलकर रखी अपनी बात

# 20 वर्षों में झारखंड को जहां होना चाहिए था, वहां नहीं है: मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने कहा- झासा की मांगों पर निर्णय जल्द लिया जायेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झासा की आमसभा में रंजीता हेम्ब्रम को झासा का नया अध्यक्ष चुन लिया गया। वहीं राहुल कुमार को महासचिव चुना गया।

इससे पूर्व झासा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वजह चाहे जो भी हो, लेकिन पिछले 20 वर्षों में राज्य को जहां होना चाहिए, वहां नहीं है। आज भी झारखंड देश के पिछड़े राज्यों में गिना जाता है, जबकि, यहां संसाधनों की कोई कमी नहीं है। यहां के खनिज संसाधनों का यहां के लोगों को फायदा नहीं मिल रहा है। रोजगार और मजदूरी के लिए लोगों का पलायन होता है। यह किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। कैसे राज्य को बेहतर और विकसित बनाया जाये, यह चिंता का विषय है। अधिकारी पूरी ईमानदारी, लगन और समर्पित भावना से काम करें तो राज्य को अग्रणी राज्य बनाने में निशिचत तौर पर कामयाब होंगे।



**प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार जरूरी :** मुख्यमंत्री ने कहा प्रशासनिक व्यवस्था में जरूरत के हिसाब से सुधार जरूरी है, ताकि उसका अपेक्षित लाभ मिले। सरकार ने प्रशासनिक सुधार के लिए आयोग का गठन किया था। आयोग की रिपोर्ट भी मिल चुकी है। रिपोर्ट का अध्ययन कर प्रशासनिक व्यवस्था में जो भी सुधार चाहिए उस दिशा सरकार कदम बढ़ाएगी।

**अधिकारी आम जनता से दिल से जुड़ें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सिर्फ अधिकारी नहीं, शिक्षक भी हैं। आप पर ही व्यवस्था का दारोमदार है। ऐसे में आप आम जनता के साथ पूरी आत्मीयता के साथ जुड़ें और उनकी समस्याओं को सुनें। इससे अधिकारी और जनता के बीच संबंध बेहतर होंगे और सरकारी योजनाओं को धरातल पर उठाने में सहूलियत होगी।

**मांगों पर जल्द निर्णय लेंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जो मांगें है, उस पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर जल्द निर्णय लेंगे। महिला पदाधिकारियों के लिए चाइल्ड केयर लीव जैसी कुछ मांगें ऐसी हैं जिसे लागू होना चाहिए। राज्य प्रशासनिक सेवा को प्रीमियर सेवा घोषित करने से जुड़ी मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही ठोस निर्णय लेगी।

### अधिकारियों ने सीएम के समक्ष रखी अपनी बातें

**झारखंड प्रशासनिक सेवा में भी सीसीएल लागू होना चाहिए : वंदना सेजवलकर :** झासा की आमसभा में जेपीएससी बैच-3 की अधिकारी वंदना सेजवलकर ने कहा कि महिलाओं की समस्या औरों से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि जब भारतीय प्रशासनिक सेवा में चाइल्ड केयर लीव लागू है तो झारखंड प्रशासनिक सेवा में भी सीसीएल लागू होना चाहिए, क्योंकि महिलाएं घर और ऑफिस दोनों की जिम्मेवारियां निभाती हैं। प्रमोशन के छह महीने बाद भी पद के अनुरूप पदस्थापन नहीं हुआ है इस पर ध्यान देने की जरूरत है। पद खाली होने के बाद भी उन्हें पदस्थापित नहीं किया जाता। वर्तमान पद पर ही उत्क्रमित वेतनमान दे दिया जाता है। यह गलत है। इसमें सुधार होना चाहिए।

**डीसी का बड़ा बाबू बनना छोड़ना होगा :** अधिकारी गोपी उरांव ने कहा कि जब तक झाप्रसे के वरिष्ठ अधिकारी अपने डीसी का बड़ा बाबू बनाना नहीं छोड़ेंगे तब तक राज्य में अधिकारी प्रताड़ित होते रहेंगे। ज्यादातर झारखंड प्रशासनिक पदाधिकारियों को खटारा गाड़ियां दी हुई हैं, जबकि डीसी साहब की गाड़ियां थोड़ा सा धुआं दे दे तो तुरंत गाड़ियां बदल जाती है।

**सीनियर अपने जूनियर को सताना छोड़ दें :** वहीं, अधिकारी कमलेश्वर नारायण ने कहा कि राज्य में सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में हमारी अहम भूमिका है लेकिन हमें मिल रही सुविधा में क्या मिल रही है यह देखना होगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल फैसिलिटी बढ़नी चाहिए।

**खराब बैट्री को भी नहीं बदल पाते :** एसडीओ रैंक के अधिकारी ने कहा कि गाड़ी की बैटरी खराब है, कौन उसे बनाएगा? अपनी सैलेरी से तो बनवा नहीं सकते, समझिये स्थिति। अधिकारी प्रवीण कुमार ने समयबद्ध प्रमोशन, गाड़ियों की समस्या, डिप्टी कलेक्टर को बॉडीगार्ड, मातृत्व अवकाश के समय किसी भी हाल में वेतन रोकने की स्थिति बंद करने, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा सहित कई मांगों को सरकार के समक्ष रखने की मांग की गयी।

### अधिकारियों के सम्मान के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगी : रंजीता




रांची। झारखंड प्रशासनिक सेवा की नव निर्वाचित अध्यक्ष रंजीता हेम्ब्रम ने कहा कि अधिकारियों के मान सम्मान के लिए वे निरंतर लगी रहेंगी। उनकी मांगों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखने का काम भी करेंगे। वहीं दूसरे राज्यों में जो सुविधाएं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को मिल रही है उसे झारखंड में भी लागू कराने के लिए सतत प्रयास करूंगी। रंजीता हेम्ब्रम बीपीएससी 41वीं बैच की अधिकारी हैं। वर्तमान में संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। वहीं, वहीं महासचिव के पद पर जेपीएससी 5वीं बैच के राहुल कुमार चने गये हैं। वे मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग में प्रोटोकॉल अफसर के रूप में कार्यरत हैं।

# राजस्व न्यायालयों में वादों का समय पर नहीं हो रहा निष्पादन, मुख्यमंत्री गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने सभी जिलों में लंबित राजस्व वादों का निष्पादन समय पर करने का निर्देश दिया है। यह बात विभाग की समीक्षा में सामने आयी थी कि राजस्व न्यायालयों में वादों का निष्पादन नहीं किया जा रहा है। बड़े पैमाने पर वाद लंबित हैं। पूरा मामला राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष भी रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने इस पर काफी नाराजगी जतायी थी और राजस्व न्यायालयों को सप्ताह में कम से कम पूर्व से निर्धारित दो दिनों को अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद विभाग ने राजस्व वादों के निष्पादन के क्रम में लंबित वादों की सूची



तैयार करते हुए पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई के लिए लिस्ट करने का निर्देश दिया है। इसकी समीक्षा भी नियमित रूप से राज्य के मुख्य सचिव करेंगे।

राजस्व भूमि सुधार एवं निबंधन विभाग ने भू-अर्जन के मामलों में लंबित भुगतान की कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है और ऐसे मामलों का जल्द से निपटारा को कहा है। सड़क, भवन इत्यादि अन्य कार्यों के लिए भू-अर्जन करने को कहा है। विभाग की वेबसाइट पर अपलोड होने वाले अभिलेखों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक करने को कहा है।

# बीरभूम नरसंहार के मुख्य आरोपी को पाकुड़ से सीबीआई ने किया गिरफ्तार

**बीरभूम जिले के बागतुई गांव में 10 लोगों को जिंदा जलाने की घटना के बाद कलकत्ता हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच का दिया था आदेश**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पाकुड़ जिले से सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में हुई हिंसा के मुख्य आरोपी लालन शेख को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने मामले में आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 148, 149 और अन्य धाराएं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। ये धाराएं सशस्त्र दंगे से संबंधित हैं।

बीरभूम जिले के बागतुई गांव में 10 लोगों को जिंदा जलाए जाने की घटना के बाद कलकत्ता हाईकोर्ट ने इस मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। सीबीआई ने आरोपी लालन शेख को रविवार को रामपुरहाट महकमा अदालत में पेश किया। 9 महीने से फरार आरोपी लालन शेख पाकुड़ में छिपकर रह रहा था, इसकी भनक जैसे ही सीबीआई को लगी। उसे दबोच लिया। सीबीआई को 6 दिन का रिमांड मिला है। सीबीआई आरोपी से पूछताछ करेगी। इसके बाद कई खुलासे की उम्मीद है।

### कोयला-बालू के अवैध कारोबार में वर्षो से चल रहा था विवाद

वीरभूम हिंसा वर्चस्व और कोयला, बालू से होने वाली अवैध वसूली मुख्य कारण माना जाता है। घटना की मूल वजह भादू शेख और सोना शेख के बीच अवैध वसूली की बंदरबांट को लेकर विवाद था, जिस कारण दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। बता दे कि 21 मार्च 2022 की रात को बागटुई ग्राम में भादू शेख की बम मारकर नृशंस हत्या कर दी गयी थी। बाद में सोना शेख नाम के शख्स के घर में 10 लोगों को घर में बंद करके जिंदा जला दिया गया था। 2 किलोमीटर दूर पुलिस प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी। भादू शेख बरशाल गांव के पंचायत उप प्रमुख और तृणमूल कांग्रेस के नेता थे।

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने दिया था सीबीआई जांच का आदेश

कलकत्ता हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और जस्टिस राजर्षि भारद्वाज की बेंच ने बीरभूम हत्याकांड मामले की जांच का आदेश सीबीआई को दिया था। टीम को 7 अप्रैल तक कोर्ट में रिपोर्ट पेश करनी थी। इससे पहले एसआइटी इस मामले की जांच कर रही थी। फोरेंसिक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि लोगों को जिंदा जलाने से पहले बुरी तरह पीटा और धारदार हथियारों से मारा गया था। बेंच ने बंगाल सरकार को मामले की जांच सीबीआई को सौंपने और एसआईटी को आगे की जांच में सीबीआई को पूरा सहयोग देने का निर्देश दिया था।

## जनवरी 2023 से की जायेगी आपूर्ति

# 65 लाख गरीब परिवारों को मिलेगी एक किलो चना दाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के 65 लाख गरीब परिवारों को अब सरकार एक रुपये किलो के हिसाब से दाल की आपूर्ति होगी। जनवरी 2023 से दाल जन वितरण प्रणाली की दुकानों से कार्डधारियों को मिलेगा। खाद्य सार्वजनिक उपभोक्ता मामलों के विभाग की तरफ से दाल की खरीद को लेकर निविदा निकाल दी गयी है। योजना में सलाना 490 करोड़ रुपये खर्च होंगे। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत गरीब लाभुकों को दाल अनुदानित दर पर दी जायेगी।

हेमंत सोरेन सरकार ने गरीब परिवारों को दाल वितरित करने का फैसला अगस्त माह में हुए कैबिनेट



की बैठक में लिया था। 2022-23 वित्तीय वर्ष के लिए योजना का चयन किया गया था। कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद विभाग की ओर से रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल तैयार कर निविदा प्रकाशित की है। सरकार की ओर से गरीब परिवारों को चने की दाल दी जायेगी। इसलिए चना दाल खरीदने के लिए निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा में भाग लेने वाली कंपनी को नौ करोड़ रुपये की बैंक गारंटी देनी होगी। दिसंबर 2022 के अंतिम सप्ताह में भाग लेनेवाली कंपनियों में से योग्य कंपनी का चयन कर उसे कायार्देश दिया गया है।

## विभिन्न मांगों को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा ने राजधानी में निकाला विशाल मशाल जुलूस

# राज्य सरकार पिछड़ी जातियों की जनगणना और सर्वेक्षण कराए

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पिछड़ी जातियों की जनगणना, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, स्थिति व मूलवासी सदान आयोग का गठन करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में रविवार को विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। यह जुलूस कचहरी रोड स्थित जयपाल सिंह स्टेडियम रांची से निकाला गया। जुलूस में रांची के अलावा खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, बुंडू, होचर, कांके, बेड़ो आदि जगहों से मोर्चा के लोग शामिल थे। जुलूस में पिछड़ी जातियों को 36 आरक्षण देने, ओबीसी की जातीय जनगणना कराने, उनकी आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण कराने, अविलंब सदान आयोग का गठन करने की मांग बुलंद की गयी। जुलूस अल्बर्ट एक्का चौक पर पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई।

### सदान आयोग का गठन भी करे सरकार




मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने इस सभा के माध्यम से लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछड़ी जाति, जनजाति व मूलवासी सदान अपने अधिकार से आज भी वंचित और उसके लिए संघर्षरत हैं। सरकार जबतक पिछड़ी जातियों की जनगणना और सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण नहीं कराती है तब तक कानूनी अड़चनें रहेंगी व पिछड़ी जातियों को कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछड़ी जातियों को 27% आरक्षण देने की सराहनीय पहल की है लेकिन सर्वेक्षण के बगैर कोई लाभ नहीं मिलने वाला है।

झारखण्ड में पिछड़ी जातियों की आबादी 55% है ऐसे में ओबीसी को सिर्फ 27% आरक्षण देना नाइंसाफी है। श्री प्रसाद ने कहा कि जिस तरह तमिलनाडु में पिछड़ी जातियों को 50% आरक्षण दिया गया है, उसी तर्ज पर राज्य की 55%आबादी वाली पिछड़ी जातियों को झारखण्ड में कम से कम 36% या सरकार चाहे तो पिछड़ों को 50% तक आरक्षण दे सकती है। इस संबंध में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी इसकी अनुशंसा सरकार से की है।

### संसदीय क्षेत्र और विधानसभा क्षेत्रों की आरक्षित सीटों पर संशोधन हो

उन्होंने कहा कि राज्य के सात राज्य के जिलों में पिछड़ी जातियों का आरक्षण शून्य है। उसमें सरकार तुरंत सुधार करे ताकि ताकि पिछड़ी जातियों को आरक्षण का लाभ मिल सके। झारखण्ड के मूलवासी सदान से आने वाले सवर्ण समुदायों की जनगणना और सामाजिक आर्थिक राजनीतिक सर्वेक्षण पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि 1967 के बाद से संसदीय क्षेत्र और विधानसभा क्षेत्रों की जो सीटें आरक्षित की गई है उसे आरक्षित ही छोड़ दिया गया है। जिसके कारण अन्य समुदाय के लोगों को संसद और विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी समाज के लोगों को प्रतिनिधित्व मिले यह तय करना सभी राजनीतिक दलों की नैतिक जिम्मेवारी है। झारखण्ड के हर क्षेत्र के लोगों का विधानसभा और लोकसभा में प्रतिनिधित्व हो, इसके लिए झारखण्ड विधानसभा की 81 सीटों को बढ़ाकर 160 करने तथा लोकसभा की 14 सीट को बढ़ाकर 28 सीट करने की मांग केंद्र सरकार से की। साथ ही विधान परिषद का गठन करने की भी भांग भारत सरकार से की। झारखंड सरकार से प्रथम कक्षा से सदानी भाषा नागपुरी, पंचपरगनिया, खोरठा और कुरमाली की पढ़ाई काने की मांग करते हुए कहा कि 65 फीसदी मूलवासी सदानों में पिछड़ों दलितों और सवर्ण तीनों समुदाय के लोग आते हैं। मोर्चा अध्यक्ष ने राजनीतिक दलों को बतौर चेतावनी कहा कि झारखण्ड में सरकार बनानी है तो राजनीतिक दलों को अपने-अपने दलों में मूलवासी सदानों को तरजीह देना होगा।

मशाल जुलूस में डॉ सुदेश साहू, प्रो अरविंद प्रसाद, डॉ अमर कुमार, प्रो विद्याधर मेहता, प्रो पप्पू महतो, प्रो राजू हजाम, विशाल सिंह, हुसैन अंसारी, अमन अहमद, विकास कुमार, प्रदीप महतो, हेमंत कुमार, संजय कोइरी, गुरु प्रसाद, जगरनाथ महतो, विजय कुमार, वासुदेव कुमार, संदीप महतो, अजय अहिर, जितेंद्र महतो, नीतीश कुमार, रजू महतो, लंबोदर महतो, सरोज कुमार, संतोष, मनोहर, अंगद, कुलेश्वर, संजय, रंजीत, पप्पू, नागेंद्र, महतो, चितरंजन महतो, विलास महतो, रवि चंद्र महतो, रोहित कुमार, गुलफाम अंसारी, प्रिंस राज, मेहरबान अंसारी, शबान अंसारी, अमन ठाकुर, इरफान अंसारी, महेंद्र ठाकुर, ब्रज भूषण पाठक के अलावे सैकड़ों लोग शामिल थे।

# संत जेवियर्स डोरंडा के छात्रों ने बनाया है अनोखा हेलमेट



### ड्रंक एंड ड्राइव से होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने में मदद करेगा यह हेलमेट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ड्रंक एंड ड्राइव से देश में होने वाली दुर्घटना को कम होने की संभावना है। इस कम करने का काम बच्चों का बनाया हेलमेट करेगा। इसे झारखंड की राजधानी रांची के डोरंडा स्थित संत जेवियर स्कूल के छात्रों ने बनाया है। ये बच्चे स्कूल के कक्षा 6-बी के छात्र हैं। उन्होंने स्कूल के साइंस एग्जीबिशन में भाग लिया। एक नया कांसेप्ट लोगों के बीच में लाया। वत्सल सरावगी, अविराज सिंह, आरव पोद्दार एवं पार्थ गिरिधर ने अनोखा हेलमेट पेश किया। छात्रों ने कहा कि एक साधारण हेलमेट केवल आपके सिर को एक्सीडेंट से बचाता है। इस आधुनिक हेलमेट में कई गुण हैं। यह लोगों को एक्सीडेंट से बचाएगा। इसमें एल्कोहल सेंसर लगा हुआ है, जो ड्रिंक एंड ड्राइव से देश में होने वाली दुर्घटना को कम करेगा। इस हेलमेट में एक आईआर सेंसर लगाया गया है, जिससे पता चलेगा कि जो व्यक्ति टू व्हीलर चला रहा है, वह हेलमेंट पहना हुआ है या नहीं। शराब पीकर ड्राईविंग करने पर भी इसमें लगे सेंसर से पता चल जाएगा।

इनडोर शुरू करने के लिए साइकिएट्री डिपार्टमेंट को दी गयी जगह

# रिम्स में भी मेंटल पेशेंट्स के लिए इनडोर सेवा होगी शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रिम्स में सीआईपी और रिनपास की तर्ज पर मरीजों को इलाज की सुविधा मिलेगी। इतना ही नहीं इनडोर में मरीजों के केयर के साथ उन्हें दवाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी। ऐसे में इलाज के लिए अब मेंटल पेशेंट्स के पास एक और ऑप्शन रिम्स का साइकियाट्री विभाग होगा, जहां पर इनडोर की सुविधा शुरू की जा रही है। वहीं आने वाले दिनों में वहां इलाज के लिए लाए जाने वाले मरीजों पर रिसर्च भी किया जाएगा।

बताते चलें कि रिम्स प्रबंधन ने इनडोर शुरू करने के लिए साइकियाट्री डिपार्टमेंट को जगह उपलब्ध करा दी है।

**20 बेड का होगा इनडोर वार्ड :** हॉस्पिटल के मल्टी स्टोरीज पार्किंग बिल्डिंग में साइकियाट्री डिपार्टमेंट को जगह दी गई है, जहां पर 20 बेड लगाए गए हैं। जरूरत पड़ने पर



बेड की संख्या बढ़ाई जाएगी। फिलहाल प्रबंधन ने नर्सिंग स्टाफ और कुछ मैनपावर विभाग को दिया है। डिपार्टमेंट की ओर से जरूरी इक्विपमेंट्स और दवाओं की मांग की गई है। जैसे ही ये चीजें उपलब्ध कराई जाएगी तो विभाग में मरीजों का इलाज शुरू कर दिया जाएगा।

**रिसर्च के भी खुलेंगे रास्ते :** एचओडी डॉ अजय बाखला ने बताया कि रिम्स में साइकिएट्री पर रिसर्च भी किए जा सकेंगे। इसका फायदा मरीजों के साथ डॉक्टर्स को भी मिलेगा। इस आधार पर एमडी साइकिएट्री की पढ़ाई भी शुरू होगी। रिम्स गवर्निंग बॉडी की मीटिंग में अलग बिल्डिंग बनाने को लेकर सहमति बनी थी लेकिन कुछ कारणों से योजना धरातल पर नहीं उतर पाई। अब हमें जगह मिली है तो हम कई और क्लिनिक भी शुरू करेंगे। इसमें हेडेक क्लिनिक, स्लीप क्लिनिक, डीऐडिक्शन क्लिनिक भी शामिल होगा। साइकिएट्री डिपार्टमेंट में फैकल्टी की कमी है। फैकल्टी की भी संख्या बढ़ाने का अनुरोध प्रबंधन से किया गया है।

**ओपीडी में हर माह 1500 मरीज**

साइकियाट्री ओपीडी में हर दिन 50 से अधिक मरीज आते हैं, जिनकी काउंसेलिंग के बाद इलाज शुरू किया जाता है। वहीं गंभीर मरीजों की स्थिति देखते हुए तुरंत उन्हें रिनपास या सीआईपी रेफर भी कर दिया जाता है। चूंकि वहां पर मरीजों को एडमिट कर इलाज की व्यवस्था है। रिम्स में इनडोर शुरू होने से मरीजों को रेफर करने की जरूरत नहीं होगी। साथ ही रिनपास और सीआईपी पर भी मरीजों का थोड़ा लोड कम होगा।

बीआईटी मेसरा के 32वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल रमेश बैस ने कहा

# बीआईटीयन में जॉब क्रिएटर की क्षमता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीआईटी मेसरा के 32वें दीक्षांत समारोह में डिग्रियां बांटने के बाद राज्यपाल ने कहा कि आज हमारा देश दुनिया की प्रगतिशील अर्थव्यवस्था में शामिल है। आप लोगों में जॉब क्रिएटर बनने की भी असीम क्षमता है। मुझे विश्वास है कि इस संस्थान के विद्यार्थी आने वाले समय में राष्ट्र के विकास व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी युवाओं से विभिन्न उद्योगों में और क्षेत्रों में मेक-इन-इंडिया पहल में शामिल होने का आग्रह किया।

**नयी शिक्षा नीति में है संस्थान का योगदान : प्रो इंद्रनील मन्ना**

राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि संस्थान के कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना अभियांत्रिकी विषयों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके संकाय सदस्यों ने प्रशिक्षण, वेबिनार तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन पर राज्यस्तरीय कार्यशाला में भाग लिया। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे इस संस्थान में अनुसंधान व शोध कार्यों को और गति मिलेगी। आने वाले वर्षों में इस संस्थान के कई विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा नए अभिनव समाधान, पेटेंट और उपयोगी उत्पाद तैयार किए जाएंगे।




**शिक्षण संस्थानों का कर्तव्य विद्यार्थियों में चेतना जगाना हो**

शिक्षण संस्थानों का कर्तव्य विद्यार्थियों में चेतना जागृत कर जीवन में बेहतर करने की भूख जगाना, उनमें आत्मनिर्भरता पैदा करना और उन्हें एक सम्पूर्ण व्यक्तित्व देना भी होना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना अभियांत्रिकी विषयों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन में भूमिका निभा रहे हैं एवं इसके संकाय सदस्यों ने प्रशिक्षण, वेबिनार तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन पर राज्यस्तरीय कार्यशाला में भाग लिया।

## संस्थान में अनुसंधान और शोध कार्यों को और गति मिलेगी

उन्होंने विश्वास जताया कि इससे इस संस्थान में अनुसंधान व शोध कार्यों को और गति मिलेगी। हाल ही में बीआईटी के संकाय सदस्य एआईसीटीई-आइडिया लैब, दलमा जंगल में पहला फेनोमेट सेंसर की स्थापना, भोजन की पोषण गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अनाज का फोर्टिफिकेशन आदि जैसी विभिन्न नई शोध पहलों के लिए चर्चा में रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि बीआईटी मेसरा के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने देश के विकास में अमूल्य योगदान दिया है। राजीव कौल, राम गोंविंदराजू, गुरुदीप सिंह पाल, गौतम सिन्हा समेत आदि कई पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने अपने व्यावसायिक जीवन में भी बड़ी सफलता हासिल की है। कई प्रसिद्ध उद्योगपति, वैज्ञानिक और विदेशों में प्रोफेसर भी हैं।

**दीक्षा को मिली डिग्री**



समारोह के दौरान दीक्षा चावला को एमसीए की डिग्री दी गई। दीक्षा अभी प्रसिद्ध आईटी कंपनी ओरेकल में कार्यरत है। दीक्षा राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ और पंजाबी हिंदू बिरादरी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अरुण चावला की सुपुत्री है।

मांडू में आयोजित अखिल झारखंड महिला संघ के प्रतिनिधि सम्मेलन में हुए शामिल

# महिलाओं में अपार क्षमता, झारखंड की दिशा और दशा बदलने के लिए आगे आएं : सुदेश

**राज्य का शासन गलत हाथों में, महिला विकास, सुरक्षा और सशक्तिकरण की अनदेखी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि झारखंड की महिलाओं में अपार क्षमता है। राज्य की दिशा और दशा बदलने के लिए उन्हें आगे आना होगा। राज्य का नेतृत्व गलत हाथों में है। इसलिए महिला विकास, सुरक्षा और सशक्तिकरण की अनदेखी हो रही है। आजसू प्रमुख ने मांडू में आयोजित अखिल




झारखंड महिला संघ के प्रतिनिधि सम्मेलन में ये बातें कही। इस सम्मेलन में कई अहम राजनीतिक प्रस्ताव पारित किए गए।

सम्मेलन में उन्होंने महिलाओं से कहा, 'हम आकको आपकी ताकत का एहसास दिलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में महिलाएं अपनी प्रतिभा के बल पर प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़कर देश का गौरव बढ़ाने के साथ राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रही हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक बड़ा आधार हमारी महिला शक्ति हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में महिला सशक्तिकरण एवं विकास की गति धीमी पड़ गई है। जमीनी स्तर पर मूल्यांकन करने पर यह साफ-साफ दिख रहा कि शासन-प्रशासन महिलाओं के विकास के प्रति उदासीन है।

अखिल झारखंड महिला संघ के राज्यस्तरीय अधिवेशन में पूर्व मंत्री एंव गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस एवं उमाकांत रजक, गोमिया विधायक लम्बोदार महतो, रोशनलाल चौधरी, डॉ देवशरण भगत, तिवारी महतो, हरेलाल महतो, यशोदा देवी, नीरू शांति भगत, पार्वती देवी, वर्षा गाडी, यशोदा देवी, अंजू देवी, निर्मला भगत, बबीता देवी, बीना चौधरी, संगीता बारला, पार्वती देवी, अनिता साहू, सुनिता चौधरी उपस्थित थे।

## लंबित पासपोर्ट के निष्पादन पर जोर

**रांची।** राजधानी रांची में पासपोर्ट से संबंधित लंबित मामलों के निष्पादन के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। रांची के नवीन पुलिस लाइन में स्थित यूसी झा हॉल में पासपोर्ट कार्यालय के तत्वाधान में एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें लंबित पासपोर्ट के त्वरित निष्पादन के लिए रांची जिला पुलिस के सभी थानेदार, पुलिस निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में एसएसपी किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी मनिता, डीएसपी हेडक्वाटर 01 नीरज कुमार, सायबर डीएसपी यशोधरा, विभिन्न थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक सहित सार्जेंट मेजर अभिनव कुमार, सुबोध गुप्ता थे।

# जागो जनता जागो अभियान के तहत पदयात्रा निकाल बाधित विद्युत आपूर्ति का किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची शहर नागरिक मंच के बैनर तले रविवार को बिजली की कटौती और रांची नगर निगम द्वारा साफ सफाई व स्वच्छता की दिशा में कोई काम न किए जाने से हो रहे नुकसान के विरोध में आम नागरिकों ने जागो जनता जागो अभियान चलाया। रातू से पदयात्रा कर लोगों ने विद्युत विभाग मे बाधित विद्युत आपूर्ति तथा नगर निगम द्वारा साफ सफाई न किए जाने के विरोध में नारे लगाए। मंच के संयोजक अमृतेश पाठक ने कहा कि रांची के जो हालात यहाँ के रहनुमाओं ने बनाकर छोड़ दिया है वह सिर्फ लानत भेजने लायक हैं। वहीं दूसरी ओर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से




लेकर विधायक, सांसद, मंत्री और अधिकारी कर्मचारी तक भी इस दिशा में तनिक भी संवेदनशील नही हैं। आम जनता के असंवेदनशील होने का ही नतीजा है कि पिछले एक माह से लगातार 8-10 घंटे रोजाना बिजली गुल होने के बावजूद उनके लिए कोई मुद्दा नहीं है। लोकतंत्र में जनता के प्रति इस प्रकार का संवेदनहीन रवैया हैरत भरा है। 22 साल के युवा झारखंड को अंधकार में रखने वाले और यहां की राजधानी को बर्बाद करने वाले जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। रांची शहर नागरिक मंच अपने स्तर से हरेक गली मोहल्ले में पदयात्रा कर लोगों को जगाने का काम करेगी। मौके पर सियाराम सिंह, महेश प्रसाद, विजय गिरि, सत्यप्रकाश मिश्रा, विजय पांडे, रजनीश पाठक समेत कई लोग शामिल हुए।

IMPACT FEATURE

# शिक्षा सिर्फ तथ्यों का संकलन मात्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अंतर्निहित गुणों को पूर्णता प्रदान करता है

कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में मनाया गया एनुअल स्पोर्ट्स डे-जुबिलेशन 2022 में दिखा ज्ञान, शक्ति, स्फूर्ति और एकता का समन्वय

## भारत के महापुरूषों ने शारीरिक क्षमता और चरित्र निर्माण पर सदैव बल दिया है: नलिन कुमार



डॉ. नीता पांडेय
प्राचार्या

प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड अपनी शिक्षा यात्रा की करीब तीस वर्षो के कालखंड में समग्र विकास, समावेशी शिक्षा और स्वावलंबन के कई प्रतिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि यहां के विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, साहित्य, मनोरंजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न गतिविधियों में न केवल भागीदारी निभायी है बल्कि सफलता के पदचिन्ह भी छोड़े हैं।





हम तैयार हैं धरती से अंबर को छूने के लिए, मन में ठानी है हमने कुछ कर गुजरने के लिए - इस शीर्षक गीत के साथ कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स डे जुबिलेशन- 2022 मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड सरकार में लॉ डिपार्टमेंट के प्रिंसिपल सेक्रेट्री श्री नलिन कुमार ने किया। उन्होंने अपने संबोधन कहा कि पिछले पचहत्तर वर्षो में देश आगे बढ़ा है,भविष्य भारत का है।भारत के महापुरुषों ने शारीरिक क्षमता और चरित्र निर्माण पर सदैव बल दिया है। उन्होंने कहा कि खेल में भाग लेना महत्वपूर्ण है न कि हारना या जीतना। खेल स्वस्थ शरीर की कुंजी है। खेल से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ- साथ मनुष्य को नैतिक बल मिलता है और उनकी विवेक तथा बुद्धि जागरूक होती है। उन्होंने कहा कि शारीरिक मजबूती जीत का मार्ग प्रशस्त करती है। विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने भारत की संस्कृति का बेमिसाल प्रतिबिंब प्रस्तुत किया।मौके पर विद्यालय के चेयरमैन श्री विशाल कुमार सिंह ने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ आत्मनियंत्रण तथा आत्मानुशासन के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति को उत्साह और साहस प्रदान करता है।पूरी दुनिया की तमाम सभ्यताओं में खेल को समग्र विकास के लिए जरूरी माना गया है। उन्होंने कहा कि कैंब्रियन पब्लिक स्कूल शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आत्मविश्वास, स्वावलंबन और संस्कार का धरातल तैयार कर उन्हें योग्य नागरिक बनाने के ध्येय पर सतत अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में कुछ प्रतिभाएं अवश्य अंतर्निहित होती है, शिक्षा उन प्रतिभाओं को निखारती है और देश को सशक्त बनाती है। इस दिशा में कैंब्रियन पब्लिक स्कूल अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



जुबिलेशन- 2022 में ज्ञान, शक्ति और स्फूर्ति का अद्भुत समन्वय दिखा। मौके पर विद्यार्थियों ने खेलकूद,योग और कराटे पर आधारित प्रस्तुतियां दी। फ्लैश मॉब के माध्यम से बच्चों ने टोक्यो ओलंपिक के पदक विजेताओं नीरज चोपड़ा, मीराबाई चानू,लवलीना, रवि दहिया,पीवी संधू तथा बजरंग पूनिया की उपलब्धियों की आकर्षक प्रस्तुति दी। जंगल थीम के माध्यम से बच्चों ने पर्यावरण और वन्यजीवों के संरक्षण का संदेश दिया। नर्सरी से कक्षा तीन के बच्चों ने फनी रेस के माध्यम से उपस्थित दर्शकों को गुदगुदाया। बच्चो ने शरीर और मन को स्वस्थ रखने वाली विभिन्न योग मुद्राओं का प्रदर्शन किया। सुरक्षा के लिए कराटे प्रशिक्षण की जरूरत तथा काता एवम आत्मसुरक्षा के दावों की बच्चों ने अद्भुत प्रस्तुति दी। इंटरनेशनल एक्ट तथा बम्बू डांस के द्वारा विद्यालय के छात्रों ने देश की एकता, सांझी संस्कृति और दूसरे राज्यों की खेल स्पर्धाओं की विविधता को दर्शाया। इसके अलावा एरोबिक्स ,सौ मीटर दो सौ मीटर,चार सौ मीटर, सोलह सौ मीटर तथा मिक्स रिले रेस जैसी स्पर्धाओं का भी आयोजन किया गया। मार्च पास्ट में गंगा हाउस की ट्रूप को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। फेयर प्ले के लिए सतलज हाउस को पुरस्कृत किया गया जबकि गोदावरी हाउस को ओवरऑल चैंपियन के पुरस्कार से नवाजा गया। व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए विभिन्न वर्ग में विभिन्न स्पर्धाओं में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। हेड बॉय स्वयम पटनायक और गोदावरी हाउस की सीनियर कैप्टन आद्या को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' के खिताब से नवाजा गया।मार्च पास्ट का नेतृत्व सानिया राजवंशी और आर्यन प्रसाद ने किया। स्पोर्ट्स कैप्टन आस्था मिंज ने स्कूल फ्लैग होल्ड किया। हेडबॉय स्वयम पटनायक ने विद्यार्थियों को खेल के नियमों के अनुपालन की शपथ दिलायी।विशाल रजक ने स्कूल बैंड का नेतृत्व किया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका विनीता वर्मा,मीनाक्षी शर्मा और विनीत कौर ने किया। खेल स्पर्धाओं से जुड़े कार्यक्रम का संचालन छात्रा ग्रेसी सिंह, शौर्य प्रखर, आशीष टुडू और वर्षा सोनी ने किया। जेवीएम के दीपक कुमार सिन्हा, विकास विद्यालय के कौसर अली और केरली स्कूल के धनंजय सिंह ने मार्च पास्ट में निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रमों का संयोजन एवं धन्यवाद ज्ञापन चीफ कोऑर्डिनेटर श्रीमती आशा राज ने किया। जुबिलेशन - 2022 का शुभंकर 'चित्रक' आकर्षण का केंद्र रहा। यह एक चीता है जो तेज चाल, स्फूर्ति और जुझारूपन के प्रतीक के साथ-साथ देश के अन्य वन्यजीवों के संरक्षण हेतु किए जा रहे हैं प्रयासों को भी दर्शांता है।कार्यक्रम का सूत्र वाक्य 'सेलिब्रेट वननेस थ्रू स्पोर्ट्स' है।जुबिलेशन-2022 के माध्यम से बच्चों को ज्ञान, शक्ति और एकता का संदेश दिया गया है।




स्कूल के चेयरमैन विशाल सिंह मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य श्री विनय कुमार, रीता सिंह एवम दिग्विजय सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम मौजूद थे। इसके अलावे शारदा ग्लोबल स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर रंजना स्वरूप,जी एंड एच स्कूल की डायरेक्टर तनुजा पाणिग्रही, विद्या विकास पब्लिक स्कूल की प्राचार्या मनीषा तिवारी, सच्चिदानंद ज्ञान भारती विद्यालय की प्राचार्या मोनिका प्रशांत, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद थे।



श्री पंचम सिंह
प्रेसिडेंट

विद्यालय प्रबंधन के प्रेसिडेंट श्री पंचम सिंह ने कहा कि हमारे लिए शिक्षा सिर्फ तथ्यों का संकलन मात्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अंतर्निहित गुणों को पूर्णता प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में अध्ययन-अध्यापन की तमाम बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सारे साधन उपलब्ध हैं।



## आज का राशिफल 05-12-2022

मेष : लग्न में चंद्रमा है। यात्रा में सावधानी रखें,नुकसान हो सकता है।वाद विवाद से प्रतिष्ठा में कमी आयेगी। जोखिम-जमानत के कार्य न करें। खर्चों में अधिक बढ़ोतरी न करें।काम काज सामान्य रहेगा। गाय को हरा चारा दे।

वृष : खर्च अधिक होगा। विरोधी हार मानेंगे। राजकीय कार्यों में गति आएगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता मिलेगी। निवेशादि लाभ देंगे। संतान की तरक्की से मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन : भाई के लिए कल शाम का समय ठीक है। पर जल्द बाजी में लिए हुए निर्णय ठीक नहीं होंगे, सोच-समझकर निर्णय लें। सुख के साधनों की चिंता हो सकती है। संपत्ति के कार्य सफल होंगे। कोई बड़ा कार्य होगा।

कर्क : समय लागातार अनुकूल है। कर्म और भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा। पराक्रम से वृद्धि होगी। विद्यार्थी वर्ग अल्प प्रयास से सफलता मिलेगी। निवेशादि से लाभ होगा।

सिंह : धर्म मे मन लगेगा। भाग्य के बल से कार्य होगा। कोशिश करने से कार्य बनेंगे।परिश्रम द्वारा सफलता मिलेगी,किसी वाद विवाद से बचने का प्रयास करें। व्यापार-व्यवसाय में अचानक लाभ के योग हैं।

कन्या : समय सामान्य है। कोई कार्य या बोलने से पहले सोच समझ लें। खर्च बढ़ सकता है। पराक्रम वृद्धि होगी। निवेश करने के लिए समय सही है। रोजगार प्राप्ति हो सकती है। यात्रा शुभ रहेगी।

तुला : जीवनसाथी के चलते प्रतिष्ठा बढ़ेगी।परिवार का सुख सहयोग मिलेगा।निवेशादि से लाभ होगा। रोजगार प्राप्ति हो सकती है। बौद्धिक कार्य सफल होंगे। दूसरों की देखादेखी नहीं करें।

वृश्चिक : अचानक पर कार्य बनने के योग उपस्थित होंगे। यात्रा शुभ होगी। निवेशादि लाभदायक रहेंगे, व्यापार अच्छा चलेगा।

धनु : ज्यादा आत्मविश्वास घातक है। व्यय बढ़ने से क्लेश हो सकता है।निर्णय सोच समझ कर लें, जोखिम न लें। प्रतिष्ठित व्यक्ति से भेंट हो सकती है।

मकर : रुका हुआ धन प्रयास वापस आएगा। यात्रा शुभ रहेगी। निवेशादि से लाभ होगा।कार्य व्यवसाय में सफलता की संभावना है।

कुंभ : राजकीय कार्यों की रुकावटें दूर होंगी। निवेशादि से लाभ होगा।नोकरी इन्टरव्यू में सफलता मिलेगी।रूके हुए काम बन सकते है।

मीन : समय अनुकूल है। बिगड़ते कार्य बनने लगेंगे। निवेशादि लाभ देगें कार्य व्यवसाय ठीक चलेगा।वाहन का प्रयोग सावधानी से करें।

# भारत के महापुरुषों ने शारीरिक क्षमता व चरित्र निर्माण पर दिया बल : नलिन

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मना एनुअल स्पोर्ट्स डे, जुबिलेशन 2022 में दिखा ज्ञान, शक्ति, स्फूर्ति और एकता का समन्वय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हम तैयार हैं धरती से अंबर को छूने के लिए, मन में ठानी है हमने कुछ कर गुजरने के लिए- इस शीर्षक गीत के साथ कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में रविवार को एनुअल स्पोर्ट्स डे जुबिलेशन- 2022 मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि लॉ डिपार्टमेंट की प्रिंसिपल सेक्रेट्री नलिन कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि पिछले पचहत्तर वर्षों में देश आगे बढ़ा है। भारत के महापुरुषों ने शारीरिक क्षमता और चरित्र निर्माण पर सदैव बल दिया है।

उन्होंने कहा कि खेल में भाग लेना महत्वपूर्ण है न कि हारना या जीतना। खेल से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मनुष्य को नैतिक बल मिलता है और उनकी विवेक तथा बुद्धि जागरूक होती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने भारत की संस्कृति का बेमिसाल प्रतिबिंब प्रस्तुत किया।

मौके पर विद्यालय के चेयरमैन विशाल कुमार सिंह ने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ आत्मनियंत्रण तथा आनुशासन के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि कैंब्रियन पब्लिक स्कूल शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आत्मविश्वास, स्वावलंबन और संस्कार का धरातल तैयार कर उन्हें योग्य नागरिक बनाने के ध्येय पर सतत अग्रसर है।

प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने कहा कि कैंब्रियन पब्लिक स्कूल अपनी शिक्षा यात्रा की करीब तीस वर्षों के कालखंड में समग्र विकास, समावेशी शिक्षा और स्वावलंबन के कई प्रतिमान स्थापित किए हैं।

विद्यालय प्रबंधन के प्रेसिडेंट पंचम सिंह ने कहा कि हमारे लिए शिक्षा सिर्फ तथ्यों का संकलन मात्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में




अंतर्निहित गुणों को पूर्णता प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में अध्ययन-अध्यापन की तमाम बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सारे साधन उपलब्ध हैं।

जुबिलेशन- 2022 में ज्ञान, शक्ति और स्फूर्ति का अद्भुत समन्वय दिखा। मौके पर विद्यार्थियों ने खेलकूद,योग और कराटे पर आधारित प्रस्तुतियां दी। फ्लैश मॉब के माध्यम से बच्चों ने टोक्यो ओलंपिक के पदक विजेताओं नीरज चोपड़ा, मीराबाई चानू, लवलीना, रवि दहिया, पीवी संधू तथा बजरंग पूनिया की उपलब्धियों की आकर्षक प्रस्तुति दी। जंगल थीम के माध्यम से बच्चों ने पर्यावरण और वन्यजीवों के संरक्षण का संदेश दिया। नर्सरी से कक्षा तीन के बच्चों ने फनी रेस के माध्यम से उपस्थित दर्शकों को गुदगुदाया। सुरक्षा के लिए कराटे प्रशिक्षण की जरूरत तथा काता एवं आत्मसुरक्षा के दावों की बच्चों ने अद्भुत प्रस्तुति दी। इंटरनेशनल एक्ट तथा बम्बू डांस के द्वारा विद्यालय के छात्रों ने देश की एकता, सांझी संस्कृति और दूसरे राज्यों की खेल स्पर्द्धाओं की विविधता को दशार्या। इसके अलावा एरोबिक्स, सौ मीटर दो सौ मीटर, चार सौ मीटर, सोलह सौ मीटर तथा मिक्स रिले रेस जैसी स्पर्द्धाओं का भी आयोजन किया गया।

मार्च पास्ट में गंगा हाउस की टूप को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। फेयर प्ले के लिए सतलज हाउस को पुरस्कृत किया गया जबकि गोदावरी हाउस को ओवरऑल चैंपियन के पुरस्कार से नवाजा गया। हेड बॉय स्वयं पटनायक और गोदावरी हाउस की सीनियर कैप्टन आद्या को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' के खिताब से नवाजा गया।

जुबिलेशन -2022 का शुभंकर 'चित्रक' आकर्षण का केंद्र रहा। यह एक चीता है जो तेज चाल, स्फूर्ति और जुझारूपन के प्रतीक के साथ-साथ देश के अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों को भी दशार्ता है। कार्यक्रम का सूत्र वाक्य 'सेलिब्रेट वननेस थ्रू स्पोर्ट्स' है। जुबिलेशन-2022 के माध्यम से बच्चों को ज्ञान, शक्ति और एकता का संदेश दिया गया है।

इस मौके पर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य विनय कुमार, रीता सिंह एवं दिग्विजय सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। शारदा ग्लोबल स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर रंजना स्वरूप, जी एंड एच स्कूल की डायरेक्टर तनुजा पाणिग्रही, विद्या विकास पब्लिक स्कूल की प्राचार्या डॉ. मनीषा तिवारी, सच्चिदानंद ज्ञान भारती विद्यालय की प्राचार्या मोनिका प्रशांत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद थे।

# समाज को आगे बढ़ाने में शिक्षकों का बड़ा योगदान होता है : डॉ रामेश्वर उरांव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पासवा के शिक्षक सम्मान समारोह में दो हजार से अधिक शिक्षक सम्मानित**

**रांची।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की ओर से रविवार को रांची विवि के दीक्षांत मंडप में राज्य के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान लगभग 2000 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव थे।

मौके पर पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समायल अहमद, रिनपास के निदेशक डॉ जयंती सिमलाई, एलआर सैनी पद्मश्री से सम्मानित मुकुंद नायक, पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे, उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शहदेव, महासचिव डॉ राजेश गुप्ता, अरविंद कुमार, डॉ सुषमा केरकेट्टा, फलक फातिमा, संजय कुमार, आलोक विपिन टोप्पो ,मुजाहिद आलम, राशिद इकबाल, अल्ताफ अंसारी, रणधीर कौशिक एवं निजी स्कूल के संचालक एवं शिक्षक उपस्थित थे। डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान होना चाहिए। समाज जो आगे बढ़ रहा है या बढ़ता है। उसमें शिक्षकों का योगदान होता है। अच्छे शिक्षकों के शिक्षा के वजह से ही बेहतर और शिक्षित समाज का निर्माण होता है शिक्षक तो बड़े-बड़े काम किए हैं साम्राज्य की स्थापना किये हैं देश का पहला साम्राज्य शिक्षक चाणक्य के कारण ही बना था । भगवान बुद्ध को भी शिक्षक कहा जाएगा। ऐसा पहल की सराहना होनी चाहिए और प्रतिवर्ष शिक्षकों को सम्मान मिलना चाहिए। सरकारी स्कूलों में भी पढ़ाई होनी चाहिए लड़के को आगे बढ़ना चाहिए लेकिन आज के प्रतियोगी परीक्षाओं में ज्यादातर प्राइवेट स्कूल के बच्चे सफल हो रहे हैं ।

पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने कहा कि 2011 में पासवा की स्थापना हुई थी तभी से संगठन द्वारा शिक्षकों और विद्यार्थियों का प्रोत्साहन के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। इसके माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों को पासवा सम्मानित करती है और उनका हौसला अफजाई करती है।

# जस्टिन केरकेट्टा के निधन पर मुंडा सभा ने शोक जताया

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जस्टिन केरकेट्टा के निधन पर मुंडा सभा ने शोक व्यक्त किया। कोलेबिरा प्रखण्ड अंतर्गत अघरमा के रहने वाले अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जस्टिन केरकेप्ता के निधन पर मुण्डा सभा रांची ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक व्यक्त किया। मुंडा सभा के सदस्यों ने कहा कि स्व. केरकेट्टा छोटे से ही हॉकी के अच्छे खिलाड़ी रहे। उन्होंने कहा कि बिहार रेजिमेंट सेंटर दानापुर में सेना में बहाली होने के बाद उनका खेल जीवन बहुत ही बेहतरीन रहा। 1978 विश्व कप सहित कई प्रतियोगिताओं में जस्टिन केरकेप्ता ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। अपने बेहतरीन प्रदर्शन व जीत से उन्होंने न केवल कोलेबिरा व झारखंड का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे भारत देश का भी नाम रोशन किया।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर संगोष्ठी 7 को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास झारखंड, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान रांची एवं झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 7 दिसंबर 2022 को प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं क्रियान्वयन विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। इसके उद्घाटनकर्ता व मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बैस होंगे। विशेष अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ अतुल कोठारी होंगे।

इस कार्यक्रम के निमित्त एक प्रतिनिधिमंडल राजभवन जाकर महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बस से मिलकर उन्हें कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के आमंत्रण के साथ कार्यक्रम के स्वरूप से अवगत कराया।



प्रतिनिधिमंडल में न्यास की अध्यक्ष व झारखंड राय विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ सविता सेंगर, सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, ट्रिपल आइटी के निदेशक प्रो विष्णु प्रिय, झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विजय कुमार पांडेय, विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो अंजनी श्रीवास्तव, डॉ पीयूष रंजन, न्यास के संयोजक अमरकांत झा एवं महेंद्र सिंह शामिल थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति की सहमति जतायी। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास झारखंड के प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ भारद्वाज शुक्ल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं क्रियान्वयन हेतु संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान रांची के डायरेक्टर प्रोफेसर विष्णु प्रिय के अध्यक्षता में आयोजन समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आयोजन समिति द्वारा विभिन्न कार्य विभागों का विभाजन करते हुए कार्यक्रम के स्वरूप एवं विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा करते हुए कार्य योजना तैयार की गयी।

# आगमन का पुण्य काल टूटे रिश्तों को जोड़ने का समय : कुलदीप तिर्की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रत्येक वर्ष मसीही विश्वासियों के लिए दिसंबर माह का आगमन से ही येसु ख्रीस्त के विश्वास में बढ़ने वाले तमाम विश्वासियों के ख्रीस्त जयंती, बड़ा दिन अथवा क्रिसमस मनाने के लिए दीनी और दुनियावी तैयारी का होता है। जिसे पूरे उत्साह और उमंग के साथ प्रत्येक विश्वासी भी इस अवधि में आध्यात्मिक रुप खुद को व आवास, परिवेश व मुहल्ले को इसके लिए तैयार करते है।

झारखंड क्रिश्चियन युथ एसोसिएशन (जेसीवाईए) अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने खबर मन्त्र को यह जानकारी देते हुए कहा कि क्रिसमस से पूर्व नवंबर-दिसंबर महीने का लगभग चार सप्ताह को मसीही आगमन काल के रुप में लेते हैं और उसकी आध्यात्मिक तैयारी करते है। आगमन के पुण्य काल को मसीही अपने परिजनों, पड़ोसियों व अन्य लोगो के साथ



टूटे रिश्तों को जोड़ने के रुप में लेते है। इस अवधि में प्रत्येक मसीही प्रार्थना व मनन चिंतन के माध्यम से अपने जीवन और गतिविधियों का मूल्यांकन करते हुए इस बात पर मंथन करते हैं कि उनके व्यवहार, वचन या आचरण से किसी की भावनाएं मर्माहत तो नहीं हुई हैं या रिश्तों में खटास अथवा कड़वापन तो नहीं आया है। यदि ऐसा हुआ है तो अपनी खामियों पर गौर करें और उसमें सुधार करें ताकि दूसरों के साथ पुनः मधुर संबंध व व्यवहार में बढ़ सकें। आगमन काल दूसरों के साथ अपने रिश्तों को सुधारने और उसमें मिठास लाने की तैयारी का समय है, ताकि हमारे जीवन में मिठास आए तब ही प्रभु हमारे हृदयस्थ होंगे।

कुलदीप तिर्की ने कहा कि जैसे जैसे क्रिसमस की तिथि निकट होती जाती है वैसे वैसे क्रिसमस बाजार की चकाचौंध बढ़ती जाती है। लोग अपने पसंदीदा नए वस्त्रों की खरीदारी के साथ क्रिसमस के मौके पर घर, मुहल्ले व अपने आसपास के क्षेत्र को सुसज्जित करने के लिए साज सज्जा की सामग्रियों की खरीदारी में मशगुल नजर आते है। वहीं दूसरी ओर कुछ लोग आगमन काल के चार सप्ताह को प्रभु के भक्ति गीतों और प्रार्थना में व्यतीत करते हैं. इसलिए वे पवित्र धर्मशास्त्र से प्रभु के वचनों को पढ़ने व उसपर मंथन चिंतन करते हुए अपने जीवन में लागू करने का संकल्प लेते है।

# इस वर्ष का क्रिसमस मनायें पारिवारिक व सामुदायिक तौर पर

**रांची।** मसीही विश्वासी आगमन काल में परस्पर मेल-मिलाप और पवित्र यूखरिस्तीय संस्कार परजोर दें। यथासंभव इसे अधिक भक्तिपूर्वक और बारंबार ग्रहण करें साथ ही बड़ी संख्या में एक साथ प्रार्थना करने के लिए एकत्रित हों। इस साल का ख्रीस्त जन्मोत्सव का त्योहार को हम सभी पारिवारिक व सामुदायिक क्रिसमस बनाएं ताकि हम एक दूसरे के साथ प्यार के बंधन का नवीनीकरण कर सके। उक्त बातें व सुझाव रांची कैथोलक आर्चडासिस के बैनर तले रांची महाधर्मप्रांत द्वारा इस साल जारी आगमन धर्मपत्र के माध्यम से आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे तथा बिशप थियोडोर मसकरेन्हस एसएफएक्स ने संयुक्त रुप से कहा है। उन्होंने आध्यात्मिक दिशा निर्देश व सुझाव के रुप में रांची कैथोलिक आर्चडायसिस के तमाम मसीहियों से कहा है कि इस साल क्रिसमस मनाने में वे पर्यावरण संरक्षण, तथा वायू एवं ध्वनि प्रदूषण न हों इसका खास ध्यान रखें।

# ब्रह्माकुमारी विवि में मृदा दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संपूर्ण विश्व में ब्रह्माकुमारी द्वारा प्रर्यावरण जागृति लाने तथा कृषि में सुधार के लिए कई प्रयास किये जा रहें हैं। इसी कड़ी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान, हरमू रोड में विश्व मृदा दिवस (5 दिसंबर) की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित डॉ अरुण कुमार सिंह, प्रधान वैज्ञानिक, वागवानी अनुसंधान केंद्र पलांडू ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 5 दिसंबर को पूरे विश्व में विश्व मृदा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य है लोगों में मृदा अर्थात मिट्टी की उपयोगिता के बारे में जागरूकता लाना। मिट्टी हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह भोजन, कपड़े, आश्रय और चिकित्सा सहित चार आवश्यक जीवित कारकों का मुख्य स्रोत है। इसलिए मिट्टी का संरक्षण आवश्यक है। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। भारत की धरणी अध्यात्म की धरणी है और यहां की हवा-पानी में अध्यात्म की खुशबू मिली हुई है। इस अनंत सृष्टि में आत्मा, परमात्मा तथा प्रकृति का संबंध बहुत ही महत्वपूर्ण है। मनुष्य प्रकृति के समन्वय से ही सुख और दुख का रोल प्ले करता है। जब मानव तथा प्रकृति के बीच वेहतर तालमेल रहता है, तो इस धरा पर सुख-शांति का माहौल बन जाता है। ऐसे सुखमय संसार के लिए हमें प्रकृति से तथा प्रकृतिपति परमात्मा से संबंध जोड़ना है।

## खबर एक नजर में

### मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष ने की राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने अपने पदाधिकारियों के साथ अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया के आवास में पहुंचकर श्री गाड़ोदिया को पुष्पगुच्छ, संकल्प स्मारिका एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा आशीर्वाद लेते हुए समाज के व्यापक हित में द्रुत गति से काम करने का संकल्प दोहराया। श्री गाड़ोदिया ने प्रांतीय अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन करते हुए विश्वास जताया कि आपके कार्यकाल में आपके कुशल नेतृत्व में प्रांतीय सम्मेलन को नई दिशा देने में समर्थ होंगे तथा नई ऊंचाइयां प्रदान करेंगे।

### उर्दू व क्षेत्रीय भाषाओं पर गहन चर्चा

**रांची।** लोक सेवा समिति की बैठक रविवार को समिति के मुख्यालय एबीसी काम्प्लेक्स, में हुई। समिति अध्यक्ष मो नौशाद खान की अध्यक्षता में संपन्न इस मीटिंग में कई अहम बिन्दुओं पर चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गयाकि उर्दू एवं क्षेत्रीय भाषाओं को उचित स्थान दिए बगैर झारखंड राज्य एवं झारखंडी का विकास सम्भव नहीं। साथ ही राज्य की क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई , शिक्षा को अनिवार्य कराने एवं उर्दू एकेडमी की गठन किए बिना राज्य एवं भाषा का विकास सम्भव नहीं है। अत्पसंख्यकों से सम्बन्धीत आयोग का गठन भी शीघ्र करने, झारखंड राज्य के 22 साल होने के बाद जिन उद्देशयों से राज्य का गठन किया गया उसकी क्या स्थिति है। राज्य सरकार के अंतर्गत राज्य सरकार के अंतर्गत जितनी भी संविधानिक संस्थान कार्यरत है। उनमें उर्दू और क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग एवं नामकरण अनिवार्य किया जाए, राज्य में प्राथमिकी विद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय तक क्षेत्रीय का पढ़ाई अनिर्वाय करते हुए शिक्षको की शीघ्र बहाली की जाए आदि शामिल रहे।

### अन्नपूर्णा भंडारे में लोगों ने खाये प्रसाद

**रांची।** स्व. शान्ती देवी जगदीश प्रसाद जी छावनिका की स्मृति में ट्रस्ट के सदस्यो ने रविवार को 62 वाँ नि:शुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर प्रांगण में किया। जिसमें लगभग 1200 से अधिक निर्धन, लाचार, असहाय, दिव्यांगजनों, बच्चे, महिलाएं तथा पुरुषों ने अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद में पूरी, खीर, वेजिटेबल पुलाव, आलू गोभी व टमाटर की सब्जी, सलाद, आचार वे फल ग्रहण कर आनंदित नजर आए। महिला समिति की सदस्या कविता चौधरी सचिव मनोज कुमार चौधरी एव सुरेश चौधरी की उपस्थिति में लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

### सोल्लास मनाया गया कटनी पर्व

**रांची।** हॉली ट्रिनिटी चर्च कडरू में रविवार को कडरू पेरिश के स्थानीय सीएनआई मसीही विश्वासियों ने घन्यवादी प्रभुभोज अराधना के साथ कटनी का पर्व मनाया। प्रभुभोज आराधना के बाद चर्च परिसर में ही कडरु पेरिश के विश्वासियों के लिए मीना बाजार का भी आयोजन किया गया। मीना बाजार में आए विश्वासियों ने एक दूसरे से मिलकर कुशलक्षेम पूछा तथा मीना बाजार में लगाए स्टॉल के व्यंजन, चाट तथा मनोरंजन के लिए आयोजित खेल के स्टॉलों पर खेलकर एक दूसरे के साथ खुशियां साक्षा की।

### पीड़ितों की सेवा से होती है सुखद अनुभूति

**रांची।** सामाजिक-धार्मिक संस्था श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के सौजन्य से सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए रविवार को हेसाग( लटमा रोड) स्थित ओल्ड एज होम, अपना घर में वृद्धजनों के बीच गर्म वस्त्र व कंबल का वितरण किया गया। वृद्ध महिलाओं को भोजन का पैकेट व फल आदि भी दिए गए। अपना घर ओल्ड एज होम की व्यवस्थापिका सिस्टर एम्मा ने श्रीराम कृष्ण सेवा संघ द्वारा किए गए सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मोक्षदा एकादशी व गीता जयंती पर श्रीमन्नारायण का हुआ महाभिषेक

## वेंकटाचल नायक श्रीतिरुपति बालाजी का हुआ तिरुमंजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पहाड़ी मन्दिर के समीप श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर ( तिरुपति बालाजी) मंदिर में रविवार को मार्गशीर्ष मास शुक्लपक्ष की मोक्षदा एकादशी और श्रीभगवद्गीता जयंती के उपलक्ष्य पर परमात्मा श्रीमन्नारायण का हुआ महाभिषेक। इससे पूर्व प्रातः 4:30 बजे ब्रह्मांड नायक का विश्वरूप दर्शन तथा सुप्रभातम, मंगलाशासन और वेंकटेश कराबलंबम स्तोत्र के बाद आगमोक्त विधि से षोडषोपचार तिरू आराधना संपादन हुआ।

फिर दूध, दही, हल्दी घोल, चंदन घोल, शहद, नारियल युक्त जल, गंगाजल और अनेको औषधयुक्त द्रव्यों से बारी - बारी सहस्त्रधारा, कलशधारा, शंखधारा



एवं चक्रधारा के उपचार पूर्वक श्रुति, उपनिषद, सूक्तादि ऋचाएं का उच्चारण पूर्वक महाभिषेक हुआ। फिर दिव्य - वस्त्र आभरणों से श्रीभगवान् दम्पत्ति का भव्यातिभव्य श्रृंगार निवेदन के बाद फलाहार, महाप्रसाद का बालभोग निवेदन हुआ । फिर नक्षत्र , कुंभ एवं कर्पूर से महाआरती के प९ात वेद , वेदांग तथा देशिक स्तोत्रों से स्तवन हुआ। श्रीमद्भगवद्गीता का षोडषोपचार पूजन व वाचन किया गया । श्रद्धालुओं की भीड़ से मन्दिर परिसर भरा हुआ था । ओम नमो भगवते वासुदेवाय , श्रीमन्नारायण नारायण हरि हरि आदि संकीर्तन के धुन से मंदिर गुंज रहा था । भक्तों ने व्रत की पूर्ति और मनोरथों की सिद्धि के अभिलाषा से कोई सहस्त्रना, तो कोई अष्टोत्तर शतनाम की अर्चना कराया।

## श्री श्याम मंदिर अग्रसेन पथ में मना एकादशी महापर्व

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष मोक्षदा एकादशी महापर्व अत्यंत श्रद्धापूर्वक आयोजित किया गया। सुबह में श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया। उनका विभिन्न रंगों के गुलाब, चमेली, गेंदा, रजनीगंधा व तुलसी दल के गजरों से अत्यंत मनभावन सिंगार किया गया। साथ ही, मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी विशेष श्रृंगार किया गया।

श्री श्याम मंडल, श्री श्याम मंदिर, अग्रसेन पथ के मीडिया



प्रभारी सुमित पोद्दार ने बताया कि सुबह से ही भक्तगण कतार में लगकर श्री श्याम प्रभु का दिव्य दर्शन कर रहे थे। रात्रि 8:30 बजे पावन ज्योति प्रज्वलित की गयी, जिसमें भक्तों ने मनोवांछित फल की कामना लिए आहुति दिया। श्री श्याम मंडल के सदस्यों ने गणेश वंदना के साथ संगीत में संकीर्तन का शुभारंभ किया। कभी तेरा दामन न छोड़ेंगे हम, खाटू के बाबा श्याम जी मेरी रख लेना लाज, बैठ्यो रांची मं लगाकर दरबार श्याम बाबो राज करे इत्यादि भजनों की लय पर भक्तगण श्री श्याम रस में डूबे रहे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल एवं मेवा का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

स्पीड न्यूज

## शेख भिखारी फुटबाल टूर्नामेंट आठ जनवरी से, कमेटी गठित

**सिकिदिरी।** शहीद शेख भिखारी चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन आठ जनवरी से कुटे मैदान में होगा। इसके सफल आयोजन को लेकर रविवार को राजा अमरू बाबु फुटबाल क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक हुई। अध्यक्षता कुटे पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अमीर हमजा अंसारी ने किया।बैठक में इसके सफल आयोजन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया।गठित कमेटी में मुख्य संरक्षक अमीर हमजा अंसारी संरक्षक मंसूर अंसारी, अध्यक्ष ईदुल खान, उपाध्यक्ष, नीलमोन पहान, सचिव बालक महतो, सहसचिव बीरेंद्र साहु व कोषाध्यक्ष इसराफिल अंसारी को बनाया गया है। मौके पर रवि साहू, अमीर रजा, इमरान खान, कल्लू खान आदि लोग उपस्थित थे।

## 50 जरूरतमंदों के बीच कंबल और गर्म कपड़े का वितरण

**सिकिदिरी।** ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आरटीसी इंस्टीट्यूट ओरमांझी एनसीसी यूनिट के कैडेट्स और अध्यापकों की ओर से रविवार को सिकिदिरी के वन लोटवा गांव में 50 दिव्यांग, विधवा, बुजुर्ग और जरूरतमंदों के बीच कंबल और गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। गौरतलब है कि कंबल और गर्म कपड़ों की व्यवस्था एनसीसी यूनिट के कैडेट्स और अध्यापकों ने अपनी जेब से चंदा जमा कर किया। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। मौके पर एनसीसी कैडेट्स के प्रशिक्षणार्थियों ने कहा कि गरीबों की सेवा कर मन को शांति मिलती है। मानव सेवा बहुत बड़ा पूण्य का काम है।सभी को आगे आकर गरीबों की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर रोहित राज, आस्था कुमारी, अशफाक आलम, सचिन कुमार, शंकर महतो, देवचरण महतो, कमलनाथ महतो मौजूद थे।

## झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता परिवार संग पहुंचे लतरातू डैम

**कर्रा।** खूंटी जिला के कर्रा प्रखंड स्थित डूमरगढ़ी डैम में झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य पहुंचा। वहीं झामुमो खूंटी जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया और जिला अध्यक्ष जी ने केंद्रीय महासचिव से डैम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की विचार .विमर्श किया गया। सुप्रियो भट्टाचार्य अपने पूरे परिवार के संग में पहुंचे और मनमोहक दृश्य का आनंद उठाकर काफी उत्साहित हुए। उनके साथ झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मगन मंजीत तिड़ू, केंद्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, केंद्रीय सदस्य सुशील पहान, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमन्त तोपनो, जिला सोशल मिडिया प्रभारी राहुल केशरी, कर्रा प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज, सोशल मिडिया प्रभारी तोकीर आलम, डूमरगढ़ी पंचायत अध्यक्ष महेन्द्र टाना भगत मौजूद थे।

## सिल्लीः सड़क दुर्घटना में पैर टूटा

**सिल्ली।** सिल्ली बुंडू मार्ग पर बंता बाजार के निकट रविवार को हुए एक सड़क दुर्घटना में बसंतपुर निवासी मुरली साहू का बायां पैर टूट गया। जानकरी के मुताबिक मुरली साहू सिल्ली की ओर से अपने घर बसंतपुर की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में पीछे से तेज गति से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने उनको टक्कर मार दी। घटनास्थल से स्थानीय लोगों ने उनको उठाकर एक निजी क्लिनिक में उपचार करवाया। उनके परिजनों को सूचना दे दी।

## सिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में कोहरे से बढ़ी ठंड, परेशानी

**सिल्ली।** सिल्ली एवं आसपास में कोहरे ने ठंडक बढ़ा दी है। रविवार की सुबह काफी समय तक घना कोहरा छाया रहा। सवेरे 8:00 बजे के बाद कोहरा समाप्त हुआ। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। घने कोहरे में 50 फीट तक भी विजिबिलिटी नहीं थी।

# चान्हो : शहीद वीर बुधु भगत स्मारक स्थल से कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा

### भाईचारगी बनाये रखने और महंगाई के खिलाफ भरी हुंकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चान्हो।** झारखंड राज्य कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे निर्देशानुसार प्रखंड के सिलागाईं स्थित शहीद वीर बुधु भगत स्मारक स्थल से रविवार को कांग्रेस पार्टी के भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत हुई। पार्टी के रांची जिला ग्रामीण की ओर से आयोजित इस यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू, जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश बैठा सहित अन्य नेता मौजूद थे, जिन्होंने शहीद वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ इस कार्यक्रम की शुरूआत की। इससे पूर्व सभी अतिथियों को स्थानीय प्रखंड कांग्रेस कमेटी को ओर से बुके एवम फूल माला से स्वागत किया गया। बाजेगाजे और ढोल नगाड़े के साथ चान्हो के अलावा मांडर, बेड़ो, इटकी और लापुंग प्रखंड के कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। टाना भगत शंख और घंटी लेकर यात्रा में शामिल होने पहुंचे थे। हुरहुरी स्थित सुनील साही की प्रतिमा में माल्यार्पण करने के बाद लगभग 12 किलोमीटर की यात्रा कर कार्यकर्त्ता लोहरदगा जिला में प्रवेश किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बंधु तिर्की ने कहा कि देश में गृह युद्ध जैसा माहौल है। भाई-भाई को लड़ाने का प्रयास किया जा रहा है, ये घातक है। महंगाई और बेरोजगारी का क्या हाल है ये किसी से छिपा नहीं है। संविधान को बदलने का प्रयास किया जा रहा हैए सांसद को सदन में बात रखने का मौका तक नहीं दिया जाता है। इन सब चीजों को देखते हुए देश को बचाने के लिए राहुल गांधी कश्मीर से कन्याकुमारी तक तीन हजार किलोमीटर की यात्रा पर निकल गए हैं। वही विधायक ने कहा इस कार्यक्रम को पूरे देश की जरूरत है। इस यात्रा में सभी को शामिल होकर सांप्रदायिक ताकतों को भगाना है। हमारी गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखना है। हमारे पूर्वजों ने जो देश की एकता और अखंडाता को बना कर रखा उसे कायम रखना है। आज एक दूसरे से लोग बिछड़ने लगे हैं।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर मुजीबुल्ला, मो इस्तेयक, प्रमोद लाल, शशि साहू, आबिद अंसारी, नसीम अंसारी, समीम अंसारी, इरशाद खान, मंगलेश्वर, जमील मालिक, मोरहा उरांव शिव उरांव आदि मौजूद थे।

### बेरोजगारी और महंगाई चरम पर

अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भारत जोड़ो यात्रा को संबोधित करते हुए कहा आज पूरे देश में बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार जैसी मुद्राएं चरम पर है। आम आदमी का जीना मुहाल हो चुका है। कभी नोटबंदी जीएसटी जैसी चीजें लाकर आम आदमी को परेशान किया जा रहा है। केवल बड़ी-बड़ी बातें बोल देने से ही आम आदमी का पेट नहीं भरता इसके लिए सपनों को धरातल पर भी उतारा जाना चाहिए यदि देश से नफरत को बिठाकर विकास के पहिए को आगे ले जाना हैए तो हम सभी भारतवासियों को मिलकर आगे आना ही होगा जिसका प्रयास राहुल गांधी द्वारा किया जा रहा है कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को उनके जोड़ने के सपने को हम ऐसी साकार करना है।

# रातूः कृषक उवि गड़री गुडू का मना स्थापना दिवस

### विद्यालय ने तय किया 44 साल का सफर



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड मुख्यालय से 8 किलोमीटर उत्तर में अवस्थित और 4 दिसंबर 1978 को स्थापित कृषक उच्च विद्यालय गड़री गुडू का 44वें स्थापना दिवस पर उत्सवी माहौल रहा। बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली और शिक्षाप्रद नारे लगाये। वह हाथ में श्लोगन लिखे तख्ती लिये हुये थे। इसके उपरांतए आयोजित समारोह का उद्घाटन सचिव अशोक महतो ने संस्थापक अध्यक्ष शहीद बिशुन महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पणए दीप प्रज्जवलित और केक काट कर किया। श्री महतो ने शहीद महतो की जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि लोगों को शिक्षा के लिये जागरूक और किसान की बच्चियों को शिक्षित बनाना उनका लक्ष्य था। इसके लिये उन्होंने साइकिल से प्रचार-प्रसार किया। वह बाल विवाह और नशापान के सख्त खिलाफ थे। अशोक महतो ने उनके पदचिन्हों पर चलने व समाज को दिशा देने पर विशेष जोर दिया।

### वार्षिक प्रतिवेदन किया गया प्रस्तुत

प्राचार्या सीमा कुमारी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने अभिभावकों से विद्यालय के विकास में सहयोग करने की अपील की। इससे पूर्व गीत, संगीत और नृत्य का दौर चला। दर्शक व श्रोताओं ने इसका जमकर लुत्फ उठाया। प्रतिभागी बच्चे पुरस्कृत किये गये। मौके पर शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्रायें और अभिभावक आदि मौजूद थे।

# छेड़खानी का मामलाः नगड़ी प्रखंड कार्यालय के समक्ष पड़ित छात्रा के परिजन देंगे धरना

खबर मन्त्र संवाददाता



पिस्कानगड़ी। सोमवार को नगड़ी प्रखंड कार्यालय के सामने पीड़ित छात्रा के परिजनों और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि स्कूल के निदेशक सुरेश्वरी महतो द्वारा अपने स्कूल के ही एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का प्रयास और मारपीट करने को लेकर नगड़ी थाना में 22 नवंबर को छात्रा के पिता ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बारह दिन बाद भी अब तक आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इससे नाराज छात्रा के परिजनों और आम जनों ने सोमवार से नगड़ी प्रखंड कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना देने का निर्णय लिया है। प्रेस कांफ्रेंस में जिला परिषद सदस्य पुनम देवीए उप प्रमुख अफसाना प्रवीणए मुखिया परना उरांवए पंचायत समिति सदस्य गुलरेज अंसारीए बिरसू उरांव मौजूद थे।

### गिरफ्तारी नहीं हुई तो घर होगा कुर्क

इस संबंध में नगड़ी थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो ने कहा कि केस पर अनुसंधान चल रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी भी की जा रही है। साथ ही न्यायालय में अर्जी देकर आरोपी के विरुद्ध वारंट, कुर्की के लिए अनुमति मांगी गई है। गिरफ्तारी नहीं होने पर शीघ्र ही उसके घर की कुर्की की जाएगी।

# चार घरों का ताला तोड़ कर पांच खस्सी उड़ा ले गए चोर

### खस्सी चोरों से पशुपालक हैं परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** नवागढ़ के खख्सीटोली गांव में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ कर गांव के पांच खस्सी की चोरी कर ली। सभी खस्सी लगभग 20-25 किलो के थे। जिनके खस्सी चोरी हुई है, उनमें खख्सीटोली के वीरशंकर बेदिया का एकए पुशमनी देवी का एक, गिरसती देवी का एक, हरिहर बेदिया के दो खस्सी शामिल है। चोरी गई सभी खस्सियों की अनुमानित मूल्य करीब 75 हजार रुपए की होगी। भुक्तभोगियों ने बताया कि सामान्य दिनों की तरह शनिवार की शाम को अपने अपने खस्सी को घर के दूसरे कमरे में घुसा कर रस्सी से बांध कर कमरे में ताला लगा दिया था। रविवार सुबह कमरे के दरवाजा का ताला टूटा हुआ था और खस्सी गायब थे। घटना की जानकारी सिकिदिरी पुलिस को दी गई है। भुक्त भोगियों ने बताया की विगत कुछ सप्ताह से सिकिदिरी थाना क्षेत्र में खस्सी चोरी की घटना में बृद्धि हुई है। पुलिस क्षेत्र के हुंडरू-अनगड़ा रोड में रात में गश्ती भी नहीं कर रही है। चोर बेखौफ होकर क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है।

## शहीद बिरसा मुंडा फुटबॉल मैच को लेकर कमेटी गठित

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल के निकट राय पंचायत में चार दिवसीय शहीद बिरसा मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर राय अंबेडकर फुटबॉल ग्राउंड में ग्रामीणों की बैठक रविवार को संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता इंटेक्स मद्रासी एवं संचालन पूर्व मुखिया प्रदीप उरांव ने किया। इस बैठक में प्रतियोगिता के संचालन को लेकर नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष प्रदीप उरांव, पूर्व मुखिया राय पंचायत उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार महतो, विनोद सचिव लक्ष्मण लाल महतो, उपसचिव सोनू कुमार महतो, कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार, उप कोषाध्यक्ष रूपेश कुमार महतो, संरक्षक लालेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, इंटेक्स मद्रासी, अशोक महतो, एतवारा महतो, शंकर सिंह, तुलसी भुईया, नागेश्वर महतो उर्फ बैगी, राजा खान, दीपक महतो, सोहराय महतो, धर्मनाथ महतो, दिलीप महतो, अर्जुन महतो, उदय सिंह, सुखनाथ महतो एवं कार्यकारिणी सदस्यों में हरि महतो, संजय महतो, मनकु महतो, कोलेश्वर महतो, प्रकाश महतो, नीरज मुंडा आदि शामिल हैं।

# ओरमांझी में राज्यभर के मुखिया का होगा जुटान

### मुखिया महासंघ का प्रधान कार्यालय बना पंचायत सचिवालय

**ओरमाझी।** राज्यभर के मुखियाओं को जुटान 19 दिसंबर को ओरमांझी में होगा। जिसमें अखिल झारखंड क्रांतिकारी मुखिया महासंघ का गठन किया जाएगा। इसके लिए चकला पंचायत सचिवालय को प्रधान कार्यालय बनाया गया है। इसकी जानकारी गगारी पंचायत के मुखिया धनराज बेदिया ने दी और कहा सांसद व विधायक जैसा मुखिया भी एक जनप्रतिनिधी है। लेकिन झारखंड के मुखियाओं की स्थिति बद से बदतर है। उसने कहा कई मुखियाओं के पास मुख्यालय की बैठक में जाने का भाड़ा तक नहीं होता है। मुखियाओं के जुटान में ग्यारह सूत्री मांगों पर चर्चा की जाएगी। जिसमें मुखियों को सम्मान जनक वेतन 35000 रुपया देने, पेंशन, बीमा, चिकित्सा, लोन बोनस सुरक्षा व्यवस्था व बच्चों की शिक्षा सुविधा, यात्रा भत्ता के साथ एक सहयोगी दलपति की मांग सरकार से की जाएगी। धनराज बेदिया ने लोकसभा न विधानसभा सबसे बड़ा ग्रामसभा की बात करते हुए कहा सरकार से सांसद व विधायक के जैसा ही मुखियों की सुविधा देने व विधेयक लागु करने की मांग की जाएगी।

> पंचायत सचिवालय को किसी भी संघ व संगठन का कार्यालय नही बनाया जा सकता। इसकी जांच कराई जाएगी।
>
> **विजय सोनी, बीडीओ।**

## विरोध प्रदर्शन को लेकर संयुक्त मोर्चा ने की बैठक

**खलारी।** केन्द्रीय नेताओं के आहवान पर अगामी 09 दिसंबर को एक दिवसीय कोल इंडिया के सभी ईकाईयों के विरोध प्रदर्शन करने हेतु एनके वीआईपी सभागार में सयुंक्त मोर्चा की बैठक किया गयाण्बैठक की अध्यक्षता अमर भुषण सिंह व संचालन शैलेश कुमार ने कियाण बैठक में पूरे कोल इंडिया में आगामी 09दिसंबर को विरोध प्रदर्शन करने हेतु रुपरेखा तैयार किया गया।

# डीएवी विवेकानंद स्कूल व शिक्षकों को पासवा ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो के डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल समेत शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु रांची यूनिवर्सिटी के दिक्षांश सभागार में पासवा के द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि वित्त एवं खाध आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि किसी घर के अभिभावक घर के बड़े होते हैंए पर पूरे समाज के अभिभावक शिक्षक होते हैं जो समाज को नई दिशा देते हैं। जिस प्रकार बढ़ई टेढ़े मेढे लकड़ी को घर के आकर्षक फर्नीचर का रूप देते हैं। उसी प्रकार एक शिक्षक बच्चों को बनाता है और उसका भविष्य गढ़ता है। बिना शिक्षक के समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। देश एवं समाज को शिक्षित करने में निजी विद्यालयों का बहुत बड़ा योगदान है। निजी विद्यालय आज शहरों से लेकर गांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करती है। इसीलिए हमलोगों का फर्ज बनता है की हम निजी विद्यालय एवं उनके शिक्षकों को प्रोत्साहित करें और उन्हें सम्मानित करें। मौके पर पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समायल अहमदए प्रदेश अध्यक्ष आलोक दुबेए अरविंद कुमारए सुषमा केरकेट्टाए आलोक बिपिन टोप्पो एवं पासवा के पदाधिकारी एवं सौ से अधिक स्कूल के प्रिंसिपल डायरेक्टर शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# खेलकूद से सद्भावना का होता है विकासः सिस्टर जयंती

### जैनेट एकेडमी हेसालौंग में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज।** खेलकूद शारीरिक विकास के साथ.साथ बौद्धिक और भावनात्मक विकास के लिए अवश्यक है। खेल हमें केवल बलवान व स्वस्थ्य ही नहीं बनाता बल्कि जीवन में विपरीत पस्थितियों से मुकाबला करने का साहस देती है व खेल भावना मैत्री और सद्भावना का विकास होता है। उक्त बाते रविवार को जैनेट एकेडमी हेसालौंग में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उर्सलाइन कान्वेंट स्कूल की प्रधानाध्यापिका सिस्टर जयंती ने कही। इससे पूर्व समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि एकेडमी के निदेशक मनोज गुप्ता ने संयुक्त रूप से खेल ध्वज फहरा व खिलाड़ियों को खेल भावना का शपथ दिला कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। विद्यालय के प्रचार्य रंजीत सिंह के द्वारा स्वागत भाषण व विद्यालय का लेखा.जोखा प्रस्तुत किया गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में रेडए ग्रीनए ब्लूए येलो हाउस के सीनियर व जूनियर छात्र छात्राओं के बीच पचासए सौ मीटर दौड़ए सौ मीटर दौड़ए 200 मीटर दौड़ए सैक दौड़ए स्कीपीन्ग दौड़ए इन्टर हाउस टग आफ वारएशॉर्ट पुट थ्रोए जुम्बा डांसए कंगारू रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं रेड हाउस 115 अंक के साथ विद्यालय चैम्पियन बना। 114 अंको के साथ ब्लू हाउस द्वितीय व 107अंको के साथ येल्लो हाउस तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

मौके पर पीआरओ उपयाध्यए केके श्रीवास्तवए विजय गुप्ताए दिलीप कुमारए क्रांति साहू सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं व अभिभावक उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इससे पूर्व शाल ओढ़ा कर बुके प्रदान कर विद्यालय के प्राचार्य रंजीत सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन मनोज गुप्ता ने किया।

## एक नजर में

## मांडरः पल्सर पी 150 और पी 150 जी बाइक लांच



**मांडर।** मांडर विधानसभा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने रविवार को बाजारटांड़ स्थित आरएस ऑटोमोबाइल में बाजार के दो नए बाइकों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पल्सर पी 150 और पी 150 जी मोटरसाइकिल लॉन्च किए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पल्सर मोटरसाइकिल की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है ।यह मोटरसाइकिल युवाओं की पहली पसंद है। बजाज का शोरूम तो यहां था लेकिन अब पल्सर के यह दोनों लोकप्रिय मॉडल भी यहां ग्राहकों को मुहैया कराए जाएंगे। इससे आसपास के लोगों को राजधानी की ओर जाने से निजात मिलेगी साथ ही इस शोरूम के संचालक दिलशाद अंसारी ग्राहकों को बाइक दिलाने में हर संभव प्रयास करेंगे मौके पर वरिष्ठ सदस्य जिप प्रतिनिधि रबूल अंसारी, अलीहसन अंसारी, अतहर हुसेन मौजूद थे।

## ओरमांझी पहुंचे सिल्ली विधायक सुदेश महतो



**ओरमांझी।** सिल्ली विधायक सुदेश महतो शनिवार को ओरमांझी पहुंचे। उन्होने सिकिदिरी गोला रोड पझरा पानी स्थित एक होटल का उदघाटन करने पहुंचे थें। उद्घाटन के बाद उन्होंने पहाड़ व पेड़ों की हरियाली की प्रषांसा की और कहा बोकारो धनबाद से रांची आने जाने वालों के लिए यह होटल काफी सुविधाजनक के साथ सुकून भरा होगा। वहीं संचालक दिलीप कुमार महतो ने कहा लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ही यह होटल खोला गया है। मौके पर जिप सदस्य सरीता देवी, मुखिया सुफल महली, पंसस रीना केरकेट्टा, रेशमी देवी, जानकी देवी, दिगंबर महतो विनोद कुमार महतो, मीना देवी, कैलाश महतो, राजेंद्र महतो, रेखा देवी, लक्ष्मी करमाली, सोनू साहू, संजय महतो, मनोज ओहदार, आवेश चैधरी, देवराज विश्वकर्मा, अमर कुमार गुरदयाल महतो मौजूद थे।

## फुटबॉल मैच में बसंतपुर पंचायत का कब्जा



**राहे।** डोमनडीह स्कूल मैदान में आयोजित दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच के पुरुष वर्ग का मैच बसंतपुर और होटलो पंचायत के बीच हुआ। जिसमें एक गोल से बसंतपुर पंचायत विजयी रहा। महिला टीम का फाइनल मुकाबला बसंतपुर और सताकी पंचायत के बीच हुआ । ट्राईब्रेकर के द्वारा बसंतपुर पंचायत विजयी रहा। इस तरह पुरुष और महिला दोनों टीम बसंतपुर पंचायत विजेता रहा। विजेता ओर उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर बीडीओ हारून रशीद, प्रमुख लीलमनी देवी, उपप्रमुख उमेश महतो, मुखिया श्याम सिंह मुंडा, पांडु मुंडा, गिरिबाला देवी, सुभाष महतो, रमेश महतो, बीएसओ विष्णु खंडित, रामनाथ लोहरा उपस्थित थे।

## सिल्ली से झारखंड महिला समिति की 600 महिलाएं कोनार डैम के लिए रवाना



**सिल्ली।** अखिल झारखण्ड महिला समिति की पदाधिकारी रविवार को हजारीबाग के कोनार डैम के लिये रवाना हुए। आजसू के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह ने सिल्ली स्टेडियम से महिलाओं को रवाना किया। जयपाल सिंह ने बताया कि सिल्ली क्षेत्र से महिला समिति के 600 महिला पदाधिकारी हजारीबाग में आयोजित अखिल झारखण्ड महिला समिति के राज्यस्तरीय अधिवेशन में भाग लेंगी।

## नेहरू युवा केंद्र ने किया पौधरोपण

**खलारी।** नेहरू युवा केंद्र रांची द्वयुवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा सेवा पखवाड़ा एवं युवा मंडल विकास अभियान के तहत महिलाओं एवं युवाओं को गठित कर वृक्षारोपण व नशा मुक्ति अभियान चलाया गयाण राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्रकाश कुमार एवं अनु कुमारी के द्वारा हेसलोंग शिव मंदिर प्रांगण में युवाओं को एकत्रित क्लबों के अध्यक्षों को विधिवत समझाया गया कि अपने क्लब बच्चों को नशे से दूर रखकर व्यक्तित्व का विकास करें।

खबर मन्त्र
रांची.सोमवार .05 दिसंबर 2022
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# कैसी पाबंदी?

खबरों के मुताबिक अकेली लड़कियों की पाबंदी का कारण यह बताया गया था कि मस्जिद परिसर में लड़कियां अकेले आती और अपने दोस्तों का इंतजार करती हैं। हालांकि इस मसले के तूल पकड़ने और दिल्ली के उपराज्यपाल के अनुरोध के बाद लड़कियों के मस्जिद परिसर में प्रवेश पर लगी पाबंदी उठा ली गई। गुरुवार को जामा मस्जिद के शाही इमाम ने कहा कि नमाज अदा करने वाले किसी भी व्यक्ति पर यह आदेश लागू नहीं होगा। इबादत के लिए मस्जिद आने वाली लड़की को नहीं रोका जाएगा। मस्जिद प्रशासन के रुख से यह सवाल एक बार फिर उठा है कि तमाम धार्मिक स्थलों या किसी सामाजिक मसले को लेकर जब भी विवाद उठता है, तो उसकी पहली गाज महिलाओं पर ही क्यों गिरती है! लड़कियों के परिसर में दाखिल होने पर पाबंदी की जो वजह बताई गई थी, वह प्रथम दृष्टया ही पूर्वाग्रह ग्रस्त थी। अगर कोई लड़की अपने दोस्त से मिलने या उसके साथ जाती है तो मनाही का फरमान केवल लड़कियों के लिए क्यों जारी किया गया! मस्जिद परिसर में अवांछित हरकतों की शिकायतों का कोई आधार हो सकता है। लेकिन उसका हल भेदभाव से भरा फैसला नहीं होगा। यह वहां प्रबंधन में कोताही का नतीजा था कि कुछ युवक वहां धार्मिक स्थल की गरिमा और मयार्दा का खयाल रखना जरूरी नहीं समझ रहे थे। निगरानी और प्रबंधन की उचित व्यवस्था करके ऐसी मुश्किलों को दूर किया जा सकता है। मगर उसका हल अकेली लड़की के परिसर में दाखिल होने से रोकने में खोजने को उचित नहीं कहा जा सकता। यह आदेश भले ही वापस ले लिया गया हो लेकिन किसी भी मसलें पर लड़कियों को दोषी ठहराना और उन्हें पाबंदियों के दायरे में बांधना एक रिवाज बन गया है। यह रिवाज गलत और असंवेदनशीलता की हद है।

# कम होती आमदमी

वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में भारतीय परिवारों की औसत आय 2019-20 की पहली तिमाही से 33 फीसदी कम रहने का अनुमान है। हालांकि इसी तुलनात्मक आधार पर उपभोक्ता रुझान 59 फीसदी घटा है। साफ तौर पर परिवारों की अपनी आर्थिक सेहत की धारणा पर उससे कहीं अधिक चोट पड़ी है, जो उनकी आमदनी पर चोट पड़ी है। यह तुलना पूरी तरह सही नहीं है क्योंकि रुझान की गणना में सभी परिवारों को समान माना जाता है, लेकिन पारिवरिक आमदनी की गणना में सभी परिवार एकसमान नहीं हैं। समृद्ध परिवारों का औसत में बड़ा हिस्सा है क्योंकि उनकी आमदनी गरीब परिवारों की तुलना में अधिक है। इसलिए अंतर का पता इन दो गणनाओं में निहित भारांश के अंतर से ज्ञात किया जा सकता है। अनुमानों की ऐसी उलझन वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही की पहली तिमाही से तुलना को जटिल नहीं बनाती है। दूसरी तिमाही में औसत पारिवारिक आय पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले 14 फीसदी कम थी। यह पहली तिमाही में दर्ज 33 फीसदी गिरावट की तुलना में काफी कम हुई है। हालांकि आमदनी में काफी सुधार हुआ है, लेकिन रुझान में इस अनुपात में सुधार नहीं आया। उपभोक्ता रुझान अब भी पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 57 फीसदी नीचे है। यह 'सुधार' महज दो फीसदी था, जो 59 फीसदी की गिरावट से 57 फीसदी की गिरावट पर आ गया है। इस बात पर गौर किया जाना चाहिए कि आय में बढ़ोतरी के साथ रुझान आनुपातिक रूप में नहीं बढ़ता है। जब तक रुझान में सुधार नहीं आता है, तब तक मांग आय में सुधार के अनुपात में नहीं बढ़ेगी। शायद यह वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही में जारी आधिकारिक राष्ट्रीय खातों के आंकड़ों में निजी अंतिम उपभोग व्यय में 2.4 फीसदी गिरावट का कारण बताता है।

# खाद्यान्न निर्यात का उम्मीदों भरा परिदृश्य



यकीनन इस समय देश में प्रचुर खाद्यान्न उत्पादन का सुकूनभरा परिदृश्य दिखाई दे रहा है। वर्ष 2020-21 में कुल खाद्यान्न उत्पादन करीब 30.86 करोड़ टन की रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा है।

देश में ऐसे प्रचुर खाद्यान्न उत्पादन के तीन बड़े फायदे स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। एक, इससे खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। दो, अत्यधिक खाद्यान्न उत्पादन से देश की खाद्यान्न मांग की पूर्ति सरलता से हो रही है तथा देश के पास खाद्यान्न का सुरक्षित भंडार उपलब्ध है। तीन, अमेरिका तथा ब्राजील सहित दुनिया के कई कृषि निर्यातक देशों में खराब मौसम के चलते फसल को नुकसान पहुंचा है और खाद्यान्न के वैश्विक बाजार में कृषि जिंसों की कीमतें बढ़ रही हैं। ऐसे में भारत से अधिक कृषि निर्यात बढ़ाने और किसानों की आय बढ़ाने का मौका है।

इस समय पूरी दुनिया में यह रेखांकित हो रहा है कि कोरोना महामारी की अकल्पनीय मानवीय और आर्थिक आपदाओं के बीच भारत ने वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान देश से 41.25 अरब डॉलर मूल्य के कृषि एवं संबद्ध उत्पादों का निर्यात किया गया। यह निर्यात मूल्य वर्ष 2019-20 के 35.15 अरब डॉलर मूल्य की तुलना में 17.34 फीसदी ज्यादा है। चालू वित्त वर्ष 2021-22 में कृषि निर्यात और अधिक ऊंचाई पर पहुंचते हुए दिखाई दे सकता है।

यदि हम वैश्विक कृषि निर्यात परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि दुनिया के कई खाद्य निर्यातक देश पिछले वर्ष 2020-21 में कोरोना महामारी के व्यवधान के कारण चावल, गेहूं, मक्का और अन्य कृषि पदार्थों का निर्यात करने में पिछड़ गए, ऐसे में भारत ने अनाज, गैर-बासमती चावल, गेहूं, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाजों के निर्यात में भारी वृद्धि का अध्याय लिखा है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमेरिका, चीन, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, वियतनाम, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं।

देश से कृषि पदार्थों के निर्यात इसलिए बढ़ रहे हैं, क्योंकि देश में कृषि विकास के रणनीतिक प्रयासों से आंतरिक खाद्य जरूरतों की पर्याप्त पूर्ति के अलावा बड़े पैमाने पर अतिरिक्त खाद्यान्न का उत्पादन हो रहा है।



-जयंतीलाल भंडारी

> नि:संदेह कृषि निर्यात के लिए देश में कृषि संबंधी शोध और नवाचार की भी अहम भूमिका रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक पिछले पांच साल में सोलह सौ से ज्यादा फसल-किस्में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद व उसके संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों तथा कृषि विज्ञान केंद्रों के योगदान से विकसित की गई हैं, इसमें धान की अति विकसित 35 नयी किस्म भी हैं, जो प्रधानमंत्री द्वारा 27 सितंबर को राष्ट्र को समर्पित की गई हैं।

विगत 28 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के समारोह में कहा कि बीते 6-7 सालों में साइंस और टेक्नॉलॉजी को खेती से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर उपयोग किया जा रहा है। किसानों की जमीन को सुरक्षा देने के लिए, उन्हें अलग-अलग चरणों में 11 करोड़ सॉयल हेल्थ कार्ड दिए गए हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी के साथ-साथ हमने खरीद प्रक्रिया में भी सुधार किया ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके। किसानों को 2 करोड़ से ज्यादा किसान क्रेडिट कार्ड दिए गए हैं। एक लाख करोड़ रुपये का एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड, सोलर पावर से जुड़ी योजनाएं खेत तक पहुंचाने, देश के 70 से ज्यादा रेल रूटों पर किसान रेल के माध्यम से छोटे किसानों के कृषि उत्पाद कम ट्रांसपोर्टेशन के खर्चे पर देश के दूरदराज इलाकों तक पहुंचने और कृषि उपज का अच्छा मूल्य मिलने से खाद्यान्न उत्पादन और निर्यात में वृद्धि हुई है।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि कोविड-19 के बीच दुनिया भर में लॉकडाउन और कोविड-19 के प्रकोप को नियंत्रित करने के लिए यात्रा प्रतिबंध लगाए जाने से खाद्य पदार्थों के वैश्विक खरीदारों के साथ जुड़ना मुश्किल काम था। ऐसे में कृषि निर्यात संबंधी विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने विशिष्ट वर्चुअल वैश्विक कृषि व्यापार मेलों और देश के कृषि पदार्थों के निर्यातकों के साथ वैश्विक खरीदारों की अलग-अलग इंटरैक्शन मीट आयोजित की। इतना ही नहीं, एपीडा ने कृषि निर्यात से विभिन्न विभागों के साथ निकट समन्वय स्थापित किया और निर्यात को बढ़ाने के लिए दिन-प्रतिदिन के आधार पर कृषि निर्यातकों के साथ सम्पर्क बनाए रखा। इसके साथ-साथ केला, अंगूर, प्याज, आम, अनार, पुष्प आदि के लिए निर्यात संवर्धन मंच (ईपीएफ) की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। यह भी उल्लेखनीय है कि कृषि पदार्थों के निर्यात बढ़ाने में भारत के कृषि मानकों की वैश्विक मान्यता ने भी अहम भूमिका निभाई है। भारत के पास खाद्यान्न, ताजे फल और सब्जियां, प्रसंस्कृत उत्पाद आदि से संबंधित करीब 130 भौगोलिक संकल्प (जीआई) हैं। ज्ञातव्य है कि भौगोलिक संकेत उत्पाद की विशेषताओं को दशार्ता है। इससे उत्पाद का बाजार मूल्य बढ़ता है और उपभोक्ता उत्पाद की गुणवत्ता और विशेषता से खरीदी के लिए आकर्षित होते हैं।

इनके अलावा देश से कृषि निर्यात बढ़ने के कई अन्य कारण भी दिखाई दे रहे हैं। सरकार ने नयी कृषि निर्यात नीति के तहत ज्यादा मूल्य और मूल्यवर्धित कृषि निर्यात को बढ़ावा दिया है। निर्यात किए जाने वाले कृषि जिंसों के उत्पादन व घरेलू दाम में उतार-चढ़ाव पर लगाम लगाने के लिए रणनीतिक कदम उठाए गये हैं। कृषि निर्यात की प्रक्रिया के मध्य खराब होने वाले सामान और कृषि पदार्थों की साफ-सफाई के मसले पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।लेकिन हमें देश से कृषि निर्यात बढ़ाने के लिए और अधिक रणनीतिक कदम बढ़ाने होंगे। यद्यपि देश गेहूं, चावल और चीनी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर है और इनका निर्यात भी हो रहा है। लेकिन अब देश में दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भरता के साथ इनके निर्यात का दूरगामी लक्ष्य भी सामने रखे जाने होंगे। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में सरकार ने जिस तरह 11,040 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ राष्ट्रीय खाद्य तेलपाम ऑयल मिशन (एनएमईओ-ओपी) लागू किया है, ऐसे और बड़े अभियानों की जरूरत है। सरकार द्वारा छोटे किसानों की फसलों को बाजार समर्थन दिलाने के अन्य विकल्पों में स्थानीय खपत को बढ़ाने और प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) को दोबारा खड़ा करना लाभप्रद होगा।

## खास बात

### शांति के लिए शक्ति

**जीवीएस शास्त्री**

**भारतीय** सेनाओं में अत्याधुनिक अस्त्रों-शस्त्रों की आपूर्ति एक सामान्य प्रक्रिया है। मगर भारतीय वायुसेना में 4.5वीं पीढ़ी के अत्याधुनिक विमान राफेल का शामिल होना इस मायने में खास है क्योंकि भारत चीन के साथ सीमा रक्षा में उलझा हुआ है। देश के सामने बड़ी चुनौती है और दुनिया में फिलहाल इस विमान की टक्कर का कोई दूसरा विमान नहीं है। हर संकट के समय में काम आने वाले मित्र देश फ्रांस ने चुनौती के वक्त राफेल की पहली खेप की आपूर्ति की है। ऐसी मदद उसने कारगिल युद्ध के दौरान मिराज लड़ाकू विमान को लेकर भी की थी। इस बेजोड़ लड़ाकू जहाज को एक साल से फ्रांस में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय पायलट पूरी तैयारी के साथ भारतीय धरती पर लाये हैं। फिलहाल वे इतने सक्षम हैं कि राफेल की तैनाती तनावपूर्ण क्षेत्र लद्दाख में हो सकती है। इन विमानों के आगमन को लेकर देश में इतना उत्साह था कि लोग महामारी के संकट को भूल लड़ाकू जहाजों के आगमन की प्रतीक्षा करते रहे। यह उत्साह सिर्फ अंबाला में ही नहीं था जहां इन लड़ाकू विमानों को उतरना था, बल्कि सारे देश में था। महत्वपूर्ण इतना कि इनकी अगवानी के लिये खुद वायुसेनाध्यक्ष अंबाला में मौजूद थे। फ्रांस से लंबा सफर तय करके जैसे ही इन पांचों राफेल विमानों ने भारतीय सीमा में प्रवेश किया, दो सुखोई लड़ाकू विमान इनका साथ देने लगे। समय की संवेदनशीलता को देखते हुए सरकार ने इस आयोजन को मीडिया से दूर रखा और अंबाला के कुछ इलाकों में धारा 144 लगाई गई तथा छतों से फोटो खींचने तक पर रोक लगाई गयी। इन लड़ाकू विमानों के आगमन को लेकर सार्वजनिक कार्यक्रम अगस्त के दूसरे हफ्ते में किये जाने की बात कही जा रही है। राफेल विमान के सुर्खियों में होने की वजह जहां एक ओर चीन से चल रहा सीमा विवाद है तो वहीं पिछले आम चुनाव में कांग्रेस द्वारा इसे चुनावी मुद्दा बनाया जाना भी है। बहरहाल, अब राफेल भारतीय वायुसेना का हिस्सा है। एक हकीकत यह है कि वायुसेना को रणनीतिक व सामरिक दृष्टि से आधुनिक हथियारों की सख्त जरूरत थी।

**अंत:करण**-पावित्रय, आत्म-विश्वास और आशावादिता जीवन की महत्तम विभूति हैं ! जीवन अंतहीन संभावनाओं और अवसरों का अखंड स्त्रोत है ! आध्यात्मिक व्यक्ति प्रत्येक प्रतिकूल परिस्थिति में अनुकूलता और उचित अवसर ढूंढ लेता है।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## रोचक ट्वीट

**काफी** अकेला हूं !
या अकेला काफी हूं...!
नजरिया बदलिये और चमत्कार देखिए .... :

**– अनुपम खेर अभिनेता**





**गडगरी जी ने कहा**
**हमारे** देश में टैलेंटेड लोग बहुत हैं,लेकिन सिस्टम में घुसे बैठे लोगों को नई आविष्कारी सोच से परहेज है। इन्हें बदलाव के लिए तैयार होना होगा,मानसिकता बदलनी होगी।

**–महेश पोद्दार, सांसद**

# युद्ध नहीं शांति

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी सरस्वती**

**रानी** भय से कांप रही थी। मुनि बोले हे रानी। भय त्याग कर बोलो, यह घटना कैसे घटित हो हुई। तब रानी बोली हे महामुनि संसार में सब लोग अपने लिये उत्तम वस्तु चाहते हैं। अतः सत्यवती के लिये जो चरु आप तैयार किये उसमें अवश्य कोई विशेषता होगी यह विचारकर मैंने चरु की अदला-बदली कर ली। यह सुनकर ऋषि बोले तुमने यह क्या किया?तुमलोग क्षत्रिय हो। इसलिये मैं तुम्हारे लिये क्षत्रिय गुण से संपन्न क्षात्रतेज वाले पुत्र का संकल्प किया था और हमलोग ब्राह्यमण हैं इसलिये ऐसे पुत्र का संकल्प किया था कि जिसमें ब्राह्यमणोचित तेज हो, सात्विक हो और बेदों की सर्वोच्च ऋचा की रचना करेगा। अतः हे सत्यवती तुम्हारे गर्भ से युद्धोन्मादक हिंसक पुत्र उत्पन्न होगा और रानी ब्राह्यणचित तेज संपन्न पुत्र की माता होगी। जो वेदों के सर्वोच्च ऋचाओं की रचना करेगा। इतना सुनकर सत्यवती बोली कि नहीं मुझे यद्धोन्मादक पुत्र नहीं चाहिए। मुझे वहीं पुत्र चाहिए जिसके लिए आप संकल्प करके चरु तैयार किये थे। ऋषि बोले जो होना था वह हो गया। अब मैं शास्त्र के विरूद्ध उलट-फेर कैसे कर सकता हूं। तब वह ऋषि का चरण पकड़ बोली-आप कुछ भी करने में समर्थ हैं। अतः आप मेरे लिये ऐसा किजींए कि मरे गर्भ से क्षत्रीयगुण संपन्न हिंसक पुत्र की उत्पति न हो। मुनि बोले- तुम्हारी प्रार्थना से इतना ही कर सकता हूं कि तुम्हारा क्षत्रीयोचित गुण से संपन्न युद्ध उन्मादक नहीं होगा।

(ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम)

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर


### कार सेवा का आग्रह

**मुसलमानों** ने श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए कार-सेवा करने का प्रस्ताव रखा है। यह निश्चित रूप से एक स्वागतयोग्य कदम है। देश में भाईचारे को बढ़ावा देने वाले ऐसे कार्यों को बढ़ावा देने का हरसंभव प्रयास होना चाहिए। वहां मस्जिद के साथ-साथ सर्व धर्म समभाव को बढ़ावा देने वाला एक केंद्र भी स्थापित किया जायेगा। धर्म सदैव जोड़ता है तोड़ता नहीं यह तय है। **– राजीव सिंह, कोडरमा**

### मंदिर पर गतिरोध

**आजाद** भारत के इतिहास में इस मंदिर की वजह से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच गतिरोध भी हुआ था। एक लंबी कहानी है सोमनाथ मंदिर की। इन कहानियों को सुनने के बाद आपको लिए सोमनाथ मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं रहेगा। जिजिविषा का, संघर्ष का और साथ ही इस संदेश का भी कि पुनर्निर्माण की ताकत हमेशा तबाही की ताकत से बड़ी होती। **– सुनीता उरांव, सिमडेगा**

# शिक्षा का बजट जीडीपी का छह प्रतिशत करना आवश्यक



**नागेन्द्र सिंह**

ग्रामीण भारत की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आकांक्षा वास्तव में कभी फलीभूत नहीं हुई। ऐसे में ऊंचे लक्ष्य तय करना जरूरी है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यूडीआईएसई) रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार ने 2014 में प्रति छात्र सालाना 12,500 रुपये खर्च किए, जो कि जीडीपी का करीब तीन-चार फीसदी है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 चाहती है कि केंद्र और राज्य सरकारें अपना खर्च बढ़ाकर जीडीपी के करीब छह फीसद तक लाएं। 1960 के दशक से यह वांक्षित लक्ष्य रहा है, लेकिन अब जाकर सरकार ने इसे वास्तविक लक्ष्य बनाया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में कुल पंजीकरण का अनुपात 50 फीसदी बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

इधर, शिक्षा के क्षेत्र में दूसरी समस्याएं भी हैं। ग्रामीण भारत में आमतौर पर शिक्षक किसी विषय के विशेषज्ञ नहीं होते हैं, उनके पास अक्सर सिर्फ स्नातक की डिग्री होती है, और कुछ के पास थोड़ा-बहुत शिक्षण-प्रशिक्षण का अनुभव भी। छात्र-शिक्षक संबंधों में जवाबदेही तय करनी होगी। हमें शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधा में प्रशिक्षित करने की जरूरत है, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा परिणाम देने के काबिल बनाया जा सके, जबकि मौजूदा शिक्षकों को अपने कौशल को उन्नत बनाने का मौका दिया जाना चाहिए।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं-

## बजट 2023

इसमें प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में बदलाव पर ध्यान दिए जाने के साथ ढेरों संस्थागत सुधार शामिल हैं। नई शिक्षा नीति में अध्यापन के लिए जरूरी न्यूनतम डिग्री बी.एड. है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अब विद्यालय पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए चार हिस्सों में बांट दिया गया है। जो शिक्षक जिन विषयों में पढ़ाना चाहते हैं, उन्हें टीईटी या एनटीए में उन विशिष्ट विषयों में अंकों के आधार पर काम पर रखा जाएगा। इसके साथ ही टीईटी पास करने वालों का साक्षात्कार में स्थानीय भाषा का ज्ञान भी परखा जाएगा। शिक्षकों से अब हर साल करीब 50 घंटे के नियमित प्रोफेशनल डेवलपमेंट कोर्स में शामिल होने की अपेक्षा होगी। इसके अलावा एनसीटीई द्वारा शिक्षकों के लिए गाइडलाइंस के रूप में राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक बनाए जाएंगे। और अंत में कार्यकाल, पदोन्नति तथा वेतन संरचना के लिए एक योग्यता-आधारित ढांचा विकसित किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने विज्ञान व कला और शैक्षणिक व व्यावसायिक प्रशिक्षण के बीच कठोर बंटवारे को खत्म कर दिया है। विद्यार्थी अब दोनों तरह के पाठ्यक्रमों में से चुनाव कर सकते हैं- यह हमारे नागरिकों को हर तरह की जरूरत के लिए तैयार करने में मददगार होगा। कला संकाय (मानविकी) को लेकर हमारी लंबी उपेक्षा आखिरकार सुधर जाएगी। नई शिक्षा नीति में स्थानीय भाषाओं पर भी ध्यान दिया गया है। हमारे देश के संघीय ढांचे को ध्यान में रखते हुए स्कूल बोर्डों को तीन भाषाओं (राज्य और क्षेत्र के हिसाब से) के विकल्प का अधिकार दिया जाएगा, जबकि संस्कृत विश्वविद्यालयों को बहु-विषयक संस्थानों में बदल दिया जाएगा। स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा देने वाले संस्थानों की स्थापना में निजी क्षेत्र को बढ़ावा देना भी स्वागतयोग्य कदम है।

विश्वविद्यालयी-व्यावसायिक शिक्षा भी सुधार मांग रही है। हमारे प्रमुख विश्वविद्यालय पिछड़ते जा रहे हैं- कलकत्ता विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने कभी नोबेल पुरस्कार विजेता और प्रधानमंत्री दिए हैं। अब वे विश्व रैंकिंग में 400 से नीचे हैं।

**(शिक्षाविद, दिशा संस्थान आजमगढ़ यूपी)**

# टेलीविजन चैनल: बुद्धू- बक्से नहीं हैं ?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

## समाज

**सारी दुनिया** विश्व टेलिविजन दिवस मना चुकी है। 26 साल पहले 21 नवंबर को संयुक्तराष्ट्र संघ ने इस दिवस की घोषणा की थी। उस समय तक अमेरिका, यूरोप और जापान आदि देशों में लगभग हर घर में टेलिविजन पहुंच चुका था। भारत में इसे दूरदर्शन कहते हैं लेकिन सारी दुनिया में निकट-दर्शन का आज भी यही उत्तम साधन माना जाता है, हालांकि इंटरनेट का प्रचलन अब दूरदर्शन से भी ज्यादा लोकप्रिय होता जा रहा है। यह दूरदर्शन है तो वह निकटदर्शन बन गया है। आप जेब से मोबाइल फोन निकालें और जो चाहें, सो देख लें।

दूरदर्शन या टीवी ने सबसे ज्यादा नुकसान अखबारों को पहुंचाया है। हमारे देश में अभी भी अखबार 5-7 रुपये में मिल जाता है लेकिन पड़ोसी देशों में उसकी कीमत 20-30 रुपेय तक होती है और अमेरिका व यूरोप में उसकी कीमत कई गुना ज्यादा होती है। हमारे अखबार ज्यादा से ज्यादा 20-25 पृष्ठ के होते हैं लेकिन न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे अखबार इतवार के दिन 100-150 पेज के भी निकलते रहे हैं। उनके कागज, छपाई और लंबे-चौड़े कर्मचारियों के खर्चे भी किसी टीवी चैनल से ज्यादा ही होते हैं।

जब से टीवी चैनल लोकप्रिय हुए हैं, दुनिया के महत्वपूर्ण अखबारों की प्रसार-संख्या भी घटी है। उनकी विज्ञापन आय में टंगड़ी लगी है और बहुत से अखबार तो स्वर्ग भी सिधार गए हैं। लेकिन टीवी के दर्शकों की संख्या करोड़ों में है उनके पत्रकारों की तनख्वाह लाखों में है और उनके बोले हुए शब्द कितने ही हल्के हों लेकिन अखबारों के लिखे हुए शब्दों की टक्कर में वे काफी भारी पड़ जाते हैं। उनके कार्यक्रम तो सद्यःज्ञानप्रदाता होते हैं लेकिन असली प्रश्न यह है कि ये टीवी चैनल आम लोगों को कितना जागरूक करते हैं और उन्हें आपस में कितना जोड़ते हैं?

अखबारों के मुकाबले इस बुनियादी काम में वे बहुत पिछड़े हुए हैं। उनमें गली-मोहल्ले, गांव, शहर-प्रांत और जीवन के अनेक छोटे-मोटे दुखद या रोचक प्रसंगों का कोई जिक्र ही नहीं होता। उनमें अखबारों की तरह गंभीर संपादकीय और लेख भी नहीं होते।पाठकों की प्रतिक्रिया भी नहीं होती। उनकी मजबूरी है। न तो उनके पास पर्याप्त समय होता है, न ही उनके सैकड़ों संवाददाता होते हैं और इन मामलों में कोई उत्तेजनात्मक तत्व भी नहीं होता, जो कि उनकी प्राणवायु है। इसीलिए गंभीर प्रवृत्ति के लोग टीवी देखने के लिए अपना कीमती समय नष्ट नहीं करते हैं लेकिन करोड़ों साधारण लोग टीवी के त्वरित प्रवाह में बहते रहते हैं। टीवी पर आजकल जो बहसें भी होती हैं, कुछ अपवादों को छोड़कर, वे शाब्दिक दंगल के अलावा क्या होती हैं? उनमें निष्पक्ष बौद्धिक भाग लेना पसंद नहीं करते हैं।

आजकल उनकी जगह विभिन्न पार्टियों के दंगलबाजों को भिड़ा दिया जाता है। इसीलिए टीवी चैनलों को अमेरिका में बुद्धू-बक्सा या मूरख बक्सा या इडियट बॉक्स भी कह दिया जाता है लेकिन यह कथन भारतीय चैनलों पर पूरी तरह लागू नहीं होता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का लिया जायजा

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड स्थित मोरांगी पंचायत स्थित डेमोटांड बाजार के स्मैपसदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा विधायक निधि की राशि 22.5 लाख रुपए से बने मॉडल सामुदायिक भवन केंद्र के विस्तारीकरण हेतु पुनः विधायक मनीष जायसवाल के मद से इसके द्वितीय तल्ले का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। रविवार को विधायक मनीष जायसवाल ने यहां पहुंचकर चल रहें कार्य का निरीक्षण कर जायजा लिया और कई प्रकार के कार्य में बदलाव लाते हुए बेहतर बनाने का निर्देश दिया ज्ञात हो की इस मॉडल सामुदायिक भवन का निरीक्षण भाजपा के कई राष्ट्रिय और प्रदेश स्तर के नेता भी कर चुके हैं और विधायक मनीष जायसवाल के इस कार्य की सराहना भी स्वंत्रत कंठ से किया जा चुका है ।

# सीएम सड़क योजना में 6 करोड़ की लागत से झरपो से पेटो तक बनेगा रोड

### सांसद-विधायक आज करेंगे शिलान्यास, सड़क बनने से दर्जन भर गांव के लोगों को मिलेगा लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत झरपो बुध बाजार से पेटो तक 6.25 किलोमीटर सड़क निर्माण का शिलान्यास कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा आज किया जाएगा। सडक निर्माण होने से क्षेत्र के झरपो, भराजो, खैरा, करमा, अमनारी, बेडमक्का, नारायणपुर, सिमराढाब, टटगांवा, उच्चाभेडा समेत दर्जनों गांव के लोग इससे लाभान्वित हो सकेंगे। सड़क निर्माण में लगभग 6 करोड़ रुपए की लागत खर्च होनी है। सड़क निर्माण कार्य कामधेनु



कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया जाएगा। क्षेत्र के लोग लंबे अरसे से झरपो बुध बाजार से पेटो तक सडक निर्माण की मांग सांसद, विधायक से कर रहे थे। सड़क निर्माण होने से लोगों का जिला मुख्यालय तक पहुंचने में यात्रा सुगम और सुरक्षित होने के साथ दूरी व समय की बचत होगी। लोगों का ईंधन की बचत होगी। कृषि, व्यापार व रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। बता दें कि पहली बार झरपो से पेटो मार्ग पर सांसद, विधायक व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से सड़क निर्माण होने जा रहा है। बरसात के दिनों में सड़क की स्थिति बद से बदतर हो जाती थी। जर्जर रास्ते के कारण दुर्घटना में लोग की जान भी जा चुकी है।

## अपहरण के मामले को लेकर घरों में चिपकाया गया इश्तिहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** ईट भट्ठा मालिक भवानी प्रसाद दांगी के अपहरण को लेकर नक्सली संगठन टीपीसी के पुरुषोत्तम समेत कई लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था जिसमे उक्त लोग फरार चल रहे हैं जिसको लेकर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में केस आईओ सब- इंस्पेक्टर अजीत कुमार सिंह द्वारा बड़कागाँव थाना कांड सं 91/14 के अभियुक्त गणेश गंझु पिता चरका गंझु, दिवाकर गंझु एवं जलेश गंझु पिता पन्नु गंझु सभी सा देवगढ थाना बड़कागाँव के घरों पर इश्तिहार का तामिला कर चिपकाया गया। अगर इसके बावजूद भी उक्त अभियुक्त सरेंडर नहीं करते हैं तो इनके घरों की कुर्की जब्ती की जाएगी।

## एक नजर में

### सम्मेलन को सफल बनाने पर जोर

**इचाक।** झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ इचाक की बैठक रविवार को बड़ा अखाड़ा परिसर में हुई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जय शंकर प्रजापति व संचालन अखिलेश प्रजापति ने की। बैठक में विभिन्न गांव के दर्जनों प्रजापति बंधुओं ने भाग लिया। बैठक में आगामी 11 दिसंबर को आहूत प्रजापति कुम्हार महासंघ का जिला स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि प्रजापति बहुल गांव से सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष सम्मेलन में शिरकत करेंगे। जिसके लिए कोष संग्रह के साथ संपर्क अभियान चलाने पर जोर दिया गया। बता दें कि एनएच 33 स्थित काजल शादी घर में 11 दिसंबर को जिला स्तरीय सम्मेलन प्रस्तावित है ।सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि लोकेश कुमार प्रजापति पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति सदस्य ईश्वर चंद्र प्रजापति, देवनरायण प्रजापति एवं गंगाधर प्रजापति भाग लेंगे। बैठक में गजेंद्र प्रजापति, कृष्णा प्रजापति उमेश प्रजापति, बालेश्वर प्रजापति, पंकज प्रजापति, देवेंद्र प्रजापति, रीता देवी, ममता देवी, अनीता देवी, जया कुमारी सहित ककई ने भाग लिया।

### झारखंड बिरसा इंटर कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता का समापन

**चरही।** रविवार को झारखंड बिरसा इंटर कॉलेज में रविवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस क्विज प्रतियोगिता में दसवीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। भाग लेने वाले में चुरचू हाई स्कूल,रोशनी ध्रुव हाई स्कूल, अपग्रेडेड हाई स्कूल अंगों,के छात्र शामिल थे।क्विज प्रतियोगिता में 125 छात्रों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप के रूप में 1500 रुपये अपग्रेडेड हाई स्कूल अंगो के राहुल कुमार महतो,1000 रुपये द्वितीय पुरस्कार अपग्रेडेड हाई स्कूल अंगों के रिंकू कुमारी, एवं 500 रुपये तृतीय पुरस्कार रोशनी ध्रुव हाई स्कूल के तारा कुमारी को मिला। वहीं चौथे स्थान तक के बच्चों को100रुपये का पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज के निर्देशक चंद्र देव शर्मा के द्वारा किया गया था।उन्होंने बताया कि इस प्रकार का आयोजन हमारे स्कूलों में हमेशा होता रहा है। क्विज प्रतियोगिता का करवाने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में प्रतिभा को उभरना और बच्चों के बीच के बीच निखारने के काम किया जा रहा है। मुख्य रूप से झारखंड बिरसा इंटर कॉलेज के निर्देशक चंद्र देव शर्मा,प्रधानाचार्य डॉक्टर महेंद्र सिंह,अध्यापक निर्मल कुशवाहा, शशिकांत प्रजापति शामिल थे।

### बजरंगबली मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने बैठक का आयोजन किया

**बरही।** प्रखंड बरसोत में ग्रामीणों ने बजरंगबली मंदिर निर्माण को लेकर मुखिया मोतीलाल चौधरी की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के माध्यम से मंदिर निर्माण में एक बड़ी रकम की जरूरत को बताते हुए मंदिर समिति अध्यक्ष मनोज केसरी ने लोगो से सहयोग करने की अपील की। साथ ही मंदिर निर्माण में होने वाली सामग्रियों का हवाला देते हुए बताया कि मंदिर में बजरंगबली की मूर्ति के अलावे भजन के लिए एक बड़े कमरे का भी निर्माण किया जायेगा।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व उप मुखिया प्रतिनिधि पप्पू पांडे ने बताया कि मंदिर निर्माण के दौरान होने वाली सभी समस्याओं का समाधान बैठक कर निकाला जायेगा। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य के लिए सार्वजनिक रूप से चंदा कर धनसंग्रह किया जायेगा।फिर भी राशि की कमी होने पर उनका सहयोग भरपूर रहेगा।वही मुखिया मोतीलाल चौधरी ने बताया कि किसी भी परिस्थिति में मंदिर निर्माण में राशि के अभाव में रुकावट नही होने दिया जायेगा। मौके पर मुखिया मोतीलाल चौधरी, पसंस सुजीत कुमार, समाजसेवी राकेश रजक, मनोज सिंह, पप्पू पांडे, प्रभात चंद्रवंशी के अलावे कई लोग मौजूद थे।

### अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी

**चरही प्रतिनिधि।** रविवार को तापीन साउथ परियोजना के समक्ष विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले 107 वें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता अल्पसंख्यक विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी और संचालन खेमलाल महतो ने किया।धरना प्रदर्शन में बैठे विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा के मजदूरों ने बताया कि लंबे समय से अपनी मजदूरी और 6 सूत्री मांगों को लेकर आज 107वें दिन से अपनी मांग को लेकर लगातार धरना पर हैं। लेकिन सीसीएल प्रबंधन,जिला प्रशासन और हाई पावर कमेटी के सदस्य हमारी समस्या को देखने तक नहीं आए। अब तक हमारी मांगों पर कोई फैसला नहीं लिया गया। आंदोलनकरी मांग कर रहे हैं कि हाई पावर कमेटी को भंग करते हुए स्थानीय लोगों को हाई पावर कमेटी में रखा जाए।तभी यहां के मजदूरों को हक और अधिकार मिल पाएगा।आगे कहा मजदूरों का मजदूरी दो साल से नहीं दिया गया है।उसे जल्द ही भुगतान किया जाय। मजदूरों ने कहा कि अपनी मजदूरी लेने के लिए संकल्प ले चुके हैं।जब -तक मजदूरी नहीं मिल जाती, तब-तक अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन पर बैठेंगे रहेंगे। मजदूरों के हक को छीनने नहीं देंगे।मांग किया है कि हाई पावर कमेटी की बैठक जल्द होनी चाहिए। विस्थापित /प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने कहा कि सीसीएल प्रबंधक इस मामले संज्ञान में लेकर 6 सूत्री मांगो पर समय रहते हुए त्रिपक्षीय वार्ता कराए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो जनांदोलन किया जाएगा। सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष इस धरना-प्रदर्शन मेंलगातार डटे हुए हैं।

# डीवीसी चेयरमैन से मिले सदर विधायक



लोगो की समस्या सुनते सदर विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के चेयरमैन रामनरेश सिंह और सदस्य सचिव जॉन मथाई के हजारीबाग आगमन पर रविवार की शाम को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने डीवीसी परिसदन सभागार में उनसे मुलाकात की और डीवीसी कमांड एरिया हजारीबाग सहित अन्य जिलों में लगातार बिजली कटौती की समस्या से हो रहें जनमानस की समस्याओं से अवगत कराया। विधायक मनीष जायसवाल ने पॉवर कट की समस्या पर विस्तार से उनसे चर्चा की और डीवीसी का पक्ष भी जाना।

विधायक मनीष जायसवाल ने लगातार बिजली कटौती की समस्या से हजारीबाग वासियों को हो रही परेशानी से अवगत कराते हुए तत्काल जनहित में नियमित बिजली आपूर्ति कराने की दिशा में सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया।

## तीन दिवसीय सीबीएसई इंटर स्कूल स्पोर्ट्स एंड गेम्स प्रतियोगिता

**रजरप्पा।** डीएवी रजरप्पा में तीन दिवसीय सीबीएसई इंटर स्कूल स्पोर्ट्स एंड गेम्स प्रतियोगिता, क्लस्टर लेवलझ3 (झारखण्ड/ बिहार) खो-खो टूनामेंट के दूसरे दिन खो-खो प्रतियोगिता जारी रहा. बता दें कि तीन दिवसीय आयोजित सीबीएससी क्लस्टर लेवल- 3 खोझखो टूनामेंट का समापन रविवार को समापन किया जाएगा। खेल उत्सव के सफलतापूर्वक आयोजन में प्राचार्य हिमांशु झा, खेल शिक्षक डी. मुखोपाध्याय, खेल शिक्षक मनीष कुमार सिंह, संजय कुमार, अंजनी पाण्डेय, देव मधु, पीके बेहेरा, स्नेहा सराफ, सुमन कुमारी, सुश्री सोनी, अर्चना लाल, पुनम प्रसाद, सत्यकाम आर्य, मो. खालिद सरफराज, रामाशीष विश्वकर्मा एवं समस्त शिक्षक तथा सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# शिक्षा व एकता से मजबूत होगा समाज

### अब्दुल कलाम पार्क में पासवान समाज की बैठक में बोले वक्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखण्ड परिसर स्थित अब्दुल कलाम पार्क में पासवान जनकल्याण समिति के सदस्यों ने बैठक का आयोजन किया।अध्यक्षता कार्तिक पासवान व संचालन डिलो पासवान ने किया।

बैठक में 18 दिसम्बर को झुमरीतिलैया में आयोजित सम्मेलन में जनकल्याण समिति के अधिक से अधिक शामिल होने के लिए मुख्य प्रस्ताव रखा गया शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष कार्तिक पासवान ने कहा कि पासवान समाज के लोग शिक्षा एवं एकता से मजबूत हो सकते हैं, क्योंकि शिक्षित होकर ही कोई भी समाज अपना हक प्राप्त कर सकता है। साथ ही एकजुट होकर हम अपनी मजबूती का एहसास करा सकते हैं। उन्होंने पासवान समाज के लोगों से शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। डिलो पासवान ने कहा कि पासवान समाज के लोगों को एकजुट होकर अपना हक प्राप्त करने की जरूरत है, क्योंकि एकता में बल है तथा इसके बल पर हम अपना हक प्राप्त कर सकते हैं। भोली पासवान ने कहा कि पासवान समाज तभी सशक्त समाज बन सकता है। जब हम महिलाओं को सम्मान दें। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आ रही हैं। इसलिए महिलाओं को कमजोर नहीं समझा जाना चाहिए। बिरजू पासवान ने समाज के लोगों से एकजुट होने की अपील की। कहा कि एकजुट होने से उन्हें राजनैतिक पार्टियों के पास जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, बल्कि पार्टियां ही आपके पास आएंगी। कहा कि जनभागीदारी से ही समाज में अपनी पहचान बनाई जा सकती है। मौके पर पोखराज पासवान, मुरारी पासवान, भोली पासवान, अजय पासवान, पंकज पासवान, सुधीर पासवान, मुनेश्वर पासवान, परमेश्वर पासवान, रोहित पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।



पासवान समाज बैठक करते

## स्थानीय विस्थापित मोर्चा की जयनगर में हुई बैठक

**बासल (रामगढ़)।** स्थानीय विस्थापित मोर्चा का बैठक रविवार को जयनगर पंचायत में हुई। इसकी अध्यक्षता कुलदीप यादव और संचालन अजीमा खातून एवं आशिया खातून ने संयुक्त रूप में किया। बैठक में बलकुदरा खदान को ले चर्चा की गई। कहा गया कि समिति द्वारा सौंपे गये छह सूत्री मांगों पर प्रबंधन ने अब तक कोई पहल नहीं की है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। निर्णय हुआ की मांगों पर पहल नहीं की गई तो 21 दिसंबर को भव्य जुलूस के साथ बलकुदरा खदान के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही प्रबंधन को अनिश्चितकालीन बंदी की चेतावनी दी जायेगी। यह भी आहवान किया जायेगा कि अब आपमी मर्जी नहीं चलेगी।

# कमिटी गठन हेतु बैठक का आयोजन



तिलेश्वर साहू सेना बैठक करते

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत खोड़हार पंचायत में तिलेश्वर साहू सेना के द्वारा कमिटी गठन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरही प्रखंड प्रधान सचिव विष्णुधारी महतो एवं संचालन छोटी राम ने किया।

इस बैठक में मुख्य रुप से बरही प्रखंड मीडीया प्रभारी बबलु साहु एवं बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से खोड़हार पंचायत प्रभारी अशोक बड़ा, अध्यक्ष किशोर राम, उपाध्यक्ष संजय साव, त्रिलोकी भुइयां, अनिता देवी, पार्वती देवी एवं आनंद भुइयां, विकास पासवान, सचिव धीरेंद्र कुमार, पच्चू उराव, ममता देवी, सुखदेव उरव, रामू उरव एवं रोशन उरव, मीडिया प्रभारी सामु उराव, रंजीत मिंज, रिंकू लिंडा, आदि को चुना गया।

इस बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के अलावा सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे। इस बैठक में सभी पंचायत कार्यसमिति के पदाधिकारियों को संगठन मजबूत करने पर बल देने को कहा गया। जिससे आने वाले विधान सभा चुनाव में संगठन को मजबूती मिले।

# अपने पंचायत को साफ-सूथरा रखना हमसबों का दायित्व : सत्यंवती देवी



यांजनाओं का चयन करते मुखिया व पूर्व मुखिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित बुध बाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में रविवार को स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) फेज 2 अंतर्गत जीपी स्वच्छता प्लान बनाने हेतु मुखिया सत्यवती देवी की अध्यक्षता में वार्ड सदस्य आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया, जलसहिया, सहायिका, शिक्षक गण एवं समाजसेवियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।मौके पर पूर्व मुखिया लव कुमार महतो, वार्ड सदस्य शकुंतला देवी, बीना देवी, रेणुका देवी, अनीता देवी, पुष्पा सिन्हा, दया मुनि मुर्मू, प्रशांत कुमार, आंगनबाड़ी सेविका प्रेमी सलोनी तिर्की, बीना देवी आदि मौजूद थें।

# देवचंदा में हाथियों का आतंक, चाहरदीवारी और फसल को पहुंचाया नुकसान

### मुखिया सरिता देवी व पंसस विकास सिंह ने ग्रामीणों को हाथियों से सतर्क रहने की अपील की

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत के देवचंदा में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार देखने को मिल रहा है। बीती रात देवचन्दा निवासी हनीफ मियां की खेत में तैयार हो रही आलू और चारदीवारी को जंगली हाथियों के दल ने नुकसान पहुंचाया है। इससे क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में हैं। देवचन्दा के हनीफ मियां, कलीम अंसारी, रेशमी खातुन, आसमा खातुन, रेहाना खातुन के खेत को काफी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों द्वारा एकजुट होकर भगाए जाने पर हाथियों का झुंड जंगल की ओर चला गया। मुखिया प्रतिनिधि विसेश्वर यादव व पंसस विकास सिंह ने बताया कि इन दिनों क्षेत्र में किसानों ने आलू तथा अन्य फसल लगाई है। इसे जंगली हाथियों द्वारा लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। हाथियों के उत्पात से क्षेत्र के किसान काफी परेशान हैं। इस संबंध में मुखिया सरिता देवी व पंसस विकास सिंह ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हुए कहा हाथियों को कोई हानि न पहुंचाए, पास न जाए, उन्हें सुरक्षित रास्ता दे और अलर्ट रहें। जैसे ही हाथियों के आने की सूचना हो तो तुरन्त अपने मुखिया, पदाधिकारी, प्रशासन या रेंजर को सूचना दें ताकि वन विभाग टीम मौके पर पहुंच सके। इस संबंध में मुखिया व पंसस द्वारा वन विभाग से माआवजे की मांग की गई है। कहा कि जंगली हाथियों के दहशत से लोग डर के साये में जी रहे है। उन्होंने वन विभाग के पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि तत्काल उन्हें भगाने का काम किया जाए।



हाथियों द्वारा किया गया नुकशान

# उपप्रमुख ने 20 जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



कम्बल वितरण करती उपप्रमुख

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** प्रखंड उपप्रमुख सह झरपो पंचायत समिति सदस्य रविकुमार वर्णवाल ने रविवार को झरपो पंचायत के जरूरतमंद लोगो के बीच कुल 20 कंबल का वितरण किया। उन्होंने बताया कि ठंढ बढने से पहले गरीब, असहाय तथा वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया उपप्रमुख ने कहा कि क्षेत्र के विकास तथा यहां के लोगों के सुख-दुख में हमेशा शामिल रहेंगे हमारा प्रयास रहता है कि जितना संभव हो सके गरीबों के दुख-सुख में शामिल होकर उनका सहयोगी करते रहेंगे कंबल वीरू राम मो धूपिया, मो चन्शु मो सोनिया, पोखनी देवी, मो फुलेश्वरी, मो इन्द्ववा, बढ़न पासवान, मो सुधवा, मो पुनिया, गणेश महतो मो. तेतरी, बैजंती देवी मो. रुक्मणि,सोहवा देवी मो .सुनीता को कम्बल दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा हॉस्पीटल कॉलोनी मुख्य सड़क पर रविवार को दो बाईक की टक्कर में तीन लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार नीचे धौड़ा भुरकुंडा निवासी जयनंदन करमाली अपनी बाईक से भुरकुंडा बाजार से अपने घर की ओर जा रहे थें। इसी बीच एक बाईक पर सवार होकर विपरीत दिशा से आ रहे जयप्रकाश नगर निवासी विनय सोनी, विनीत सोनी व रोहित सोनी की भिंडत हो गई। दुर्घटना में जयनंदन करमाली गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि अन्य को हल्की-फुल्की चोट पहुंची।

### हरहद पंहूचे सदर विधायक, सुनी जनसमस्या

# जनता के सुख-दु:ख में सहभागी बनकर खड़ा हूं : मनीष जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने रविवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत हरहद का दौरा किया और ग्राम वासियों से उनकी समस्याएं सुनी। हरहद शिव मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों ने चौपाल लगाकर गांव की विभिन्न जन समस्याओं से उन्हें अवगत कराया और विशेषकर शिव मंदिर के जीर्णोद्धार में विधायक मनीष जायसवाल से ग्रामीणों ने सहयोग की अपेक्षा सामूहिक रूप से जताई। विधायक मनीष जायसवाल ने शिव मंदिर के जीर्णोद्धार में हरसंभव मदद करने का वचन देते हुए जल्द जीर्णोद्धार हेतु मंदिर निर्माण समिति को स्टीमेट बनवाकर और टाइल्स लगाने हेतु नापी कराकर संपर्क करने को कहा। गांव के अन्य जनहित के मुद्दे को लेकर भी अपने ओर से हरसंभव प्रयास और मदद का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। कहा कि जनता के सुख-दुःख में सहभागी बनकर खड़ा रहूँगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि विनोद कुमार, भाजपा नेता दामोदर प्रसाद, जितेंद्र कुमार साहू, प्रयाग तुरी, महेश प्रसाद, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला- पुरुष मौजूद रहें।

## युवा कमेटी के गठन से समाज को और मजबुती मिलेगी : खजांची

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पासवान कल्याण समिति पतरातू प्रखंड की बैठक रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में हुई। बैठक में समिति के संस्थापक खजांची राम, अध्यक्ष उपेंद्र पासवन व सचिव इंद्रदेव पासवान व कार्यकारी अध्यक्ष प्रभु पासवान मुख्य रूप से उपस्थित थें। बैठक में समाज के उत्थान, शिक्षा और समाज की एकजुटता पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। कहा गया कि समाज में फैली व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। साथ ही समाज के होनहार विद्यार्थियों को हर संभव मदद की जायेगी। बैठक में सर्वसम्मति से पतरातू प्रखंड युवा पासवान कल्याण समिति का गठन किया गया।



नवगठित समिति के साथ अतिथिगण

## स्पीड न्यूज

### नीलिमा ने तीन स्पर्धाओं में जीता गोल्ड



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक खेलकूद समारोह सप्ताह के दूसरे दिन नीलिमा लकड़ा ने तीन स्पर्धाओं में गोल्ड मेडल जीता। पहले दिन उसने 100 मीटर और 200 मीटर में गोल्ड जीता था। अब वह 5 गोल्ड मेडल के साथ सबसे आगे चल रही है। उसने 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता। 400 मीटर दौड़ में मंजू टोप्पो ने सिल्वर और पूनम कुमारी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। 800 मीटर दौड़ में पूनम कुमारी ने सिल्वर और मंजू टोप्पो ने ब्रॉन्ज जीता। 1500 मीटर दौड़ में मंजू ने सिल्वर और पूनम ने ब्रॉन्ज जीता। बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में गोल्ड जीतकर सुजल बाखला महाविद्यालय के सबसे तेज धावक बने। सिल्वर मेडल शशि तिग्गा और ब्रॉन्ज मेडल चरणजीत उरांव ने जीता। 1500 मीटर दौड़ में रोहित साहू ने गोल्ड, रोहित उरांव ने सिल्वर और संदीप उरांव ने ब्रोंज मेडल जीता।दूसरे दिन प्राचार्य उत्तम मुखर्जी और शिक्षकों में यशोदा कुमारी, प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, रेणु कुमारी ने पुरस्कार वितरण कर एथलीट विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### अल्बर्ट एक्का को छात्राओं ने दी श्रद्धांजलि



**लोहरदगा।** अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला कॉलेज के शिक्षकों और छात्राओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रिंसिपल प्रो स्नेह कुमार ने अल्बर्ट एक्का ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देकर झारखंड की मिट्टी को गौरवान्वित किया है। तीन दिसंबर को 1971 को जब पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध शुरू हुआ तो पूर्वी मोर्चे पर युद्ध में शहीद होने वाले पहले वीरों में वह शामिल थे। गंगासागर के युद्ध में वह बुरी तरह जख्मी होते हुए भी गोलीबारी कर रहे दुश्मनों के बनकर पर टूट पड़े थे और कई दुश्मनों को आमने सामने की लड़ाई में मार गिराया था। गोलियां से जख्मी के बाद भी उन्होंने अपनी परवाह नहीं करते हुए आगे बढ़कर दुश्मन का सामना किया। वह पूर्वी मोर्चे और झारखंड- बिहार के इकलौते योद्धा हैं जिन्हें वीरता का सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र मिला है। युवाओं को इन्हें आदर्श मानते हुए राष्ट्र सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने का संकल्प लेना चाहिए। भारतीय सेना में महिलाओं के लिए भी अवसर के कई दरवाजे खुल गए हैं। छात्राएं सेना में शामिल हो सकती हैं। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मी और छात्राएं मौजूद थीं।

### भंडरा में मुखिया संघ का गठन



**भंडरा ।** प्रखंड के मुखिया की बैठक रविवार को पझरी पहाड़ के समीप हुई। बैठक मे प्रखंड के विकास कार्यो को बेहतर तरीके से संचालन करने पर विचार विमर्श किया गया । बैठक में सर्वसम्मति से संघ के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। इसमें उदरंगी मुखिया परमेश्वर महली को अध्यक्ष, भिठा मुखिया टेले उरांव एव बड़ागाई मुखिया कइली उरांव को उपाध्यक्ष बनाया गया है। गड़रपो मुखिया सुमित उरांव को सचिव मनोनीत किया गया है। भंडरा मुखिया इंद्रदेव उरांव को उपसचिव, जमगाई मुखिया धनेश्वरी उरांव व आकाशी मुखिया वितनी उरांव को कोषाध्यक्ष, मसमानो मुखिया ममता कुमारी व भौरों मुखिया सुमंती तिग्गा को मीडिया प्रभारी बनाए गए है। नवनिर्वाचित मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली ने सभी मुखियाओं से अपील करते हुए कहा कि जनता को विश्वास दिलाने के लिए क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास करे ।

### खनिज सप्ताह को ले तैयारी शुरू



**लोहरदगा।** बगडू माइंस में खान प्रबंधक राज सिन्हा की अध्यक्षता में 29 वा खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह की तैयारी जोरों पर चल रही है। आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें खनन कर्मी, खान मजदूर व ग्रामीणों को पोस्टर, पंपलेट, फ्लेक्स के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। 6 दिसंबर को भारतीय खान ब्यूरो के निरीक्षक दल की टीम द्वारा पर्यावरण सप्ताह एवं खनिज संरक्षण सप्ताह की तैयारियों एवं विभिन्न बारीकियों का निरीक्षण करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रबंधक राज सिन्हा, प्रदीप कुमार, मनोज पांडे, भास्कर सिन्हा, अजय ठाकुर, अनिल सिंह, सुनील चौधरी, गौरी शंकर प्रसाद, निताई दंडपाट, रूपक दुबे, अभिषेक कुमार, अबीर, रानी शर्मा मुख्य रूप से शामिल हैं।

### भंडरा : मनरेगा में बिचौलिए हावी



**भंडरा ।** मनरेगा योजनाओं में बिचोलिया इस तरह हावी हैं उनके आगे लाभुकों कुछ नहीं चलती है। लाभुकों द्वारा योजना से संबंधित किसी तरह की जानकारी मांगने पर या काम नहीं होने की शिकायत करने पर बिचोलिया लाभुकों को कहते हैं कि तुम्हें जहां जाना है जाओ हमें कोई परवाह नहीं है। प्रखंड के भौरों गांव में कुंती देवी,शीला देवी, मुकेश प्रजापति का गाय सेड बनाया जा रहा है ।इस गाय सेड का निर्माण बिचोलिया के द्वारा किया जा रहा है। लाभुकों का गाय सेड का निर्माण नहीं होने पर इन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में गाय सेड का लाभुक कुंती देवी ने बताया कि गाय सेड का निर्माण बिचोलिया रामविलास साहू के द्वारा किया जा रहा है। निर्माण कार्य लंबे समय से रुका हुआ है ।गाय शेड निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए कहने पर बिचोलिया द्वारा स्पष्ट कहा जाता है कि तुम्हें जहां जाना है जाओ हम अपने अनुसार काम करेंगे । सामग्री आपूर्ति से लेकर निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है। इस संबंध में और पंचायत के मुखिया सुमंती तिग्गा ने बताया कि पंचायत सचिव के द्वारा बिचौलियों को काम दे दिया जाता है। यह जानकारी अब हमें मिली है। बिचोलिया प्रथा पर पूर्ण रोक लगाने का प्रयास किया जाएगा।

# जमीन के लेबल पर आ गया डोभा

## पालकोट प्रखंड में न तो सिंचाई हुई और न ही भूमिगत जलस्तर में हुई वृद्धि

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** झारखंड में भूमिगत जलस्तर के लेबल को बढ़ाने व खेतों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार के द्वारा वृहत पैमाने पर डोभा का निर्माण कराया था। लेकिन वर्तमान में इन डोभों में पानी तो नजर नहीं आ रही है। डोभा का अस्तित्व भी खतरे में हैं क्योंकि जितना डोभा की खुदाई की जानी थी उस मानक को पूरा नहीं किया गया। जिसके कारण जमीन व डोभा की गहराई लगभग बराबर हो गई है। पालकोट प्रखंड के बागेसेरा पंचायत के मलई गांव में खोदे गये डोभे तो फिलहाल यही कहानी बयां कर रही है। डोभा की स्थिति यह है कि एक डिसमील जमीन भी उसे सिंचित नहीं हो पाएगी। डोभा पूरी तरह जमीन के लेबल पर आ गया है। देखना से ऐसा प्रतीत होता है कि डोभा की खुदाई ही अच्छी तरह नहीं की गई थी। मलई गांव के चंदन बड़ाईक, अंगनु उरांव, सुरेंद्र उरांव आदि के खेतों में डोभा का निर्माण किया गया है जो अब पूरी तरह खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है। चंदन बड़ाईक के खेत में खोदे गये डोभा में थोड़ा सा पानी है और डोभा व खेत की जमीन लगभग बराबर हो गई है। एक ओर से प्रतीत होता है कि डोभा है जबकि दूसरी ओर से ऐसा लगता है मानो डोभा की खुदाई ही नहीं हुई है। डोभा के निर्माण में सरकारी राशि का दुरूपयोग अधिक नजर आता है उसका लाभ कम ही दिखलाई पड़ रहा है। जबकि गुमला जिला में बड़े पैमाने पर डोभे खोदे गये हैं। कुछ डोभे किसानों के लिए वरदान भी साबित हुए हैं लेकिन अधिकांश डोभों के निर्माण में मानक का ख्याल नहीं रखा गया। जिसके कारण आज डोभा का हर्ष धरातल पर अच्छा नजर नहीं आ रहा है।



पालकोट प्रखंड के मलई गांव में बनाया गया डोभा ।

# गुमला में 12 दिसंबर को सीएम की जोहार यात्रा

### यात्रा में सरकार के उपलब्धि को जनता को बतायी जायेगी : पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** झारखंड खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर झामुमो जिला कमेटी की बैठक सर्किट हाउस गुमला में जिला अध्यक्ष सह गुमला विधायक भूषण तिर्की की अध्यक्षता में रविवार को हुई।

बैठक में 12 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम खतियानी जोहार यात्रा की तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों को शामिल कराने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता बिनोद पांडे व केंद्रीय महासचिव फागु बेसरा मुख्य रूप से उपस्थित थे। झामुमो प्रवक्ता विनोद पांडे ने कहा कि खतियानी जोहार यात्रा आगामी 8 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। खतियानी जोहार यात्रा के माध्यम से सरकार के 3 साल की उपलब्धियों को लोगों को बताया जाएगा। इसके तहत अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 फीसदी आरक्षण, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, किसानों के लिए ऋण माफी योजना और फसल राहत योजना जैसी उपलब्धियों के अलावा 1932 के भूमि रिकॉर्ड खतियान पर आधारित सरकार की नई अधिवास नीति के निर्माण के बारे में लोगों को बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता इस यात्रा को सफल बनाने के लिए अभी से कमर कस लें।

12 दिसंबर को गुमला में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने 3 साल में ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। जिसमें 1932 खतियान, नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, जैसे कोई ऐतिहासिक फैसले लिये गए हैं। भारतीय जनता पार्टी ईडी एवं सीआईडी का डर दिखाकर इस सरकार को दबाने की कोशिश कर रही है मगर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार ईडी-सीआईडी से डरने वाला नहीं है। 2 साल के कार्यकाल में और भी कई ऐतिहासिक फैसला लेने की तैयारी की जा रही है जिससे झारखंड की जनता को लाभ पहुंचे। मौके पर उपस्थित पार्टी के पदाधिकारियों ने भी अपने मंतव्य दिए। सभा का संचालन जिला सचिव आरिफ अंसारी ने किया। मौके पर मुख्य रूप से, संगठन सचिव रणजीत सिंह सरदार, अध्यक्ष कलीम अख्तर, उपाध्यक्ष बीबी मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज, मो.लड्डन, जेम्स तिर्की, संजय सिंह, कृष्णा लोहरा, शशि भूषण भगत, सकील खान, अनुप मिंज मुखिया दीपक खलखो समीर हरिओम, महादेव भगत, ओलिभा कांता कुजूर, बलभद्र उरांव, बजरंग कुमार, समसुद्दीन अंसारी, फैज अंसारी,जयंत बागे सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



गुमला में झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते विनोद पांडेय।

### कैडेटों को दी गयी आग बुझाने की जानकारी

**गुमला।** 46 झारखंड बटालियन एनसीसी के द्वारा 1 दिसंबर से 8 दिसंबर तक गुमला पालिटेक्निक में एनुअल ट्रेनिंग कैंप (एटीसी) का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में गुमला, लोहरदगा एवं सिमडेगा के आर्मी विंग कैडेट भाग ले रहे हैं। कैंप के दौरान कैडेटों को ऑब्सटेकल ट्रेनिंग, वेपन ट्रेनिंग, फायरिंग, मैप रीडिंग, ड्रिल,फील्ड क्राफ्ट ,बैटल क्राफ्ट, सामाजिक कार्य आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अग्नि शमन विभाग गुमला के सौजन्य से कैडेटों के लिए एक लाइव डेमोस्ट्रेशन किया गया। जिसमें उन्हें आग के प्रकार ,आग लगने के कारण और उसे रोकने के उपाय बताए गए। वहीं ट्रैफिक हवलदार आर एस पांडेय ने सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी भी कैडेट्स को दी। कमान अधिकारी कर्नल नवीन कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों के पालन में छात्र-छात्राओं की विशेष भूमिका है। यदि वे स्वयं जागरूक होकर अपने अभिभावकों व आसपास के परिवेश में रहने वाले लोगों को उसकी जानकारी देंगे तो निश्चित रूप से सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के प्रचार प्रसार में एक बड़ी सहभागिता जुड़ेगी। एनसीसी कैडेट्स समय-समय पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में इन नियमों का प्रचार प्रसार कर लोगों को भी जागरूक कर सकते हैं। कर्नल सुदीप सिन्हा ने बताया कि कैडेट इस कैंप से लाभान्वित हो रहे है और इसका फायदा भी उन्हें आने वाले जीवन में मिलेगा।

# पति ही निकला पत्नी का हत्यारा

### 24 घंटे के अंदर हत्याकांड का पटाक्षेप, आपसी विवाद में गोली मारकर की थी हत्या, गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के चन्दकोपा ग्राम में महिला हत्या कांड का आरोपी पति ही निकला।पुलिस ने त्वरित अनुसंधान करते हुए हत्यारे पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के 24 घंटे के अंदर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तर कर लिया है। एसपी कार्यालय में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एसपी आर रामकुमार ने बताया कि सेन्हा थाना क्षेत्र के चन्दकोपा ग्राम में महिला की हत्या तीन गोली मार कर की गई थी। जिसका उदभेदन पुलिस ने 24 घंटे के अंदर करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। विदित हो की घटना को अंजाम दे प्रशासन के समक्ष खड़ा हो कर आरोपी गुमराह करने का प्रयास करता रहा, पुलिस की दबिश व लड़की के परिजनों द्वारा दिये गए बयान के आधार पर पति प्रमोद प्रसाद साहू उर्फ बबलू की गिरफ्तार कर लिया। वहीं हत्यारे द्वारा अपना गुनाह कबूल करते हुए हत्या के पीछे के कारणों में आपसी विवाद बताया। पुलिस में घटना में प्रयुक्त पिस्टल को बरामद किया। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि जुआ खेलने पर पत्नी उज्वल देवी द्वारा रोक लगाने पर बराबर प्रमोद प्रसाद साहू लड़ाई झगड़ा करता था। उक्त बातें उज्वला देवी फोन से मायके में बताई थी कि इस वर्ष जुआ में काफी पैसा हार चुके है। मृतक महिला के पिता संजय प्रसाद ने पुलिस के समक्ष बयान देते हुए कहा कि मेरी पुत्री का हत्या करने में मेरा दामाद प्रमोद साहू की संलिप्ता है।

सेन्हा पुलिस पुअनि संतोष कुमार, लोहरदगा सदर थाना प्रभारी पंकज शर्मा ने एसपी आर रामकुमार एवं डीएसपी परमेश्वर प्रसाद के दिशा निर्देश में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।



### गांव की समस्या को लेकर चाट पेपर पर मिशन बदलाव सदस्यों ने ग्रामीणों से लिखवाया



**गुमला।** पालकोट प्रखंड के बागेसेरा पंचायत के मलई गांव में जनसमस्याओं के समाधान को लेकर रविवार को मिशन बदलाव के सदस्यों के साथ ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों को मिशन बदलाव के सदस्यों के द्वारा चाट पेपर प्रदान कर उसमें गांव की समस्या व उसका समाधान लिखने को कहा। जिसके लिए महिला व पुरूष को मिलाकर पांच टीम बनाया गया। जिसमें दो टीम गांव की समस्या व दो टीम गांव के समस्याओं के समाधान एवं एक टीम गांव का नक्शा बनाकर गांव में उपलब्ध होने वाले बुनियादी सुविधाओं को दर्शाया गया। बैठक में राशन कार्ड, पेंशन, सड़क, बिजली, पेयजल, स्कूल व शिक्षा के स्तर पर सुधार पर ग्रामीणों के द्वारा समस्या रखा गया है। वहीं जिन लोगों का राशन कार्ड नहीं था बैठक में ही उनका कंप्यूटर के माध्यम से ऑनलाइन राशन कार्ड के लिए अप्लाई किया गया।मिशन बदलाव के सदस्य जितेश मिंज ने कहा कि गांव के विकास के लिए ग्रामीणों को जागरूक होना पड़ेगा।

# सभी वादे को सरकार ने पूरा किया : पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडे रविवार को लोहरदगा पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन लेकर जेएमएम कार्यकर्ताओ के साथ बैठक की । पांडे ने कहा कि हेमंत जो कहते है वो निभाते भी है।वर्तमान सरकार ने खासकर जेएमएम ने चुनाव से पहले जो जो संकल्प लिया था वो एक एक कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सरकार लागू कर रही है। जिसे लेकर पूरे राज्य की जनता मुख्यमंत्री का आभार जता रही है। इससे पूर्व जेएमएम महासचिव विनोद पांडे का जेएमएम जिलाध्यक्ष मुजामिल अहमद के नेतृत्व में बाइक रैली निकालकर जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही परिसदन पहुंचने पर झारखंडी पारंपारिक रीति रिवाज से उनका स्वागत किया गया। श्री पांडे मुख्यमंत्री के 13 दिसंबर को लोहरदगा में आयोजित खतयानी जोहर आभार यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर जेएमएम कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा की संख्या में शामिल होने की अपील भी की। पांडे ने कार्यकर्ताओ से कार्यक्रम से जुड़ी हर एक बिंदुओं पर चर्चा की साथ ही पार्टी को मजबूत बनाने और चुनावो को लेकर कार्यकर्ताओं को कई दिशा निर्देश दिए।



### मुखिया संघ के अध्यक्ष बने रामप्रसाद बड़ाईक



गुमला। मुखिया संघ जिला गुमला का गठन हेतु रविवार को पुगु पंचायत सचिवालय में विभिन्न प्रखंडों में चयनित मुखिया संघ के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से संघ का गठन किया गया। गठित समिति में राम प्रसाद बड़ाईक विशुनपुर को अध्यक्ष, विरेंद्र उरांव रायडीह को उपाध्यक्ष, चुयां कुजूर रायडीह को सचिव, सुषमा केरकेट्टा पालकोट को उप सचिव, नरेश उरांव गुमला को कोषाध्यक्ष व गौरी देवी गुमला को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं विनोद उरांव व नरेश उरांव को मीडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक में सभी प्रखंडों के चयनित अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

## एक नजर में

### सभी पेंशनों में वृद्धि करें सरकार : शैल मिश्रा



**गुमला।** सर्वजन पेंशन, दिव्यांग पेंशन तथा विधवा पेंशन योजना के मासिक राशि में अभिवृद्धि किये जाने को लेकर वार्ड संख्या 21 की पार्षद सह भाजपा नेत्री शैल मिश्रा ने एक मांग पत्र सूबे के मुख्यमंत्री को भेजी है। मांग पत्र में उन्होंने कहा है कि रघुवर दास के मुख्यमंत्रित्व काल में राशि की बढोतरी कर पेंशनधारियों को राहत प्रदान किया गया था। अभी देश के अनेकों राज्य सरकार द्वारा इस मद की राशि में वृद्धि भी की गयी है। उन्होंनें राज्य के वृद्धावस्था,दिव्यांग व विधवा पेंशनरों के हित में मासिक पेंशन राशि में संतोषजनक अभिवृद्धि करने की मांग की है।

### पांच दिवसीय श्री हरि कथा 12 दिसंबर से

**गुमला।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के द्वारा करम टोली स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर के प्रांगण से 12 से 16 दिसंबर तक श्री हर कथा का आयोजन किया गया है। जिसको लेकर 11 दिसंबर को प्रातः 8:00 बजे भव्य कलश सह शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसके बाद श्री हरि कथा का आयोजन 12 दिसंबर से 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक किया जाएगा। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी सनातन धमर्मावलंबियों से परिवार के साथ यज्ञ में सम्मिलित होने की अपील की है।

### रायडीह में कंटेनर पलटा, चालक घायल

**गुमला।** रायडीह थाना के डोभडोभी तीखा मोड़ के पास शनिवार देर शाम अनियंत्रित होकर कंटेनर गाड़ी पलट गया। इस घटना में बेगूसराय जिला के विशुनपुर निवासी लगभग 32 वर्षीय चालक शिवचंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी देते हुए घायल ने बताया कि वह कंटेनर गाड़ी बोकारो से लेकर रायपुर जा रहा था। इसी क्रम में डोभडोभी मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर वाहन पलट गई। जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची रायडीह पुलिस के जवान ने इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में पीड़ित का उपचार जारी है।

### दो बाइकों की टक्कर में दो व्यक्ति घायल

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के जोड़ा जाम के पास दो बाइकों की टक्कर में बाइक सवार दो व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गये। दुर्घटना में शामिल एक बाइक में बैठे मां और बच्चे बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार उरु बरडीह निवासी 32 वर्षीय प्रदीप लोहरा अपने बाइक में सवार होकर रायडीह बिरकेरा अपने ससुराल जा रहा था। वही हररी कुसमी निवासी 25 वर्षीय शंकर कुजुर अपनी पत्नी और 4 वर्षीय बच्चा के साथ बाइक में सवार होकर ससुराल भरनो जा रहा था। उसी वक्त जोड़ा जाम के समीप दोनों बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें शंकर की पत्नी व बच्चे बाल-बाल बच गए। शंकर के दाहिने हाथ पर गंभीर चोट लगी है और प्रदीप के सर सहित पैर में गंभीर चोट लगी है। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायल को सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया है। जहां चिकित्सकों की देखरेख में दोनों घायल का इलाज जारी है।

### बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**सिसई।** सिसई प्रखंड के पुसो थाना क्षेत्र के बर्री गांव निवासी नाबालिग युवति ने पुसो थाना में लिखित आवेदन देकर सिसई थाना क्षेत्र के जिंदा गांव निवासी बुधराम उरांव के पुत्र 18 वर्षीय जितेंद्र उरांव के खिलाफ बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए पुसो थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसपर कार्रवाई करते हुए पुसो पुलिस ने अभियुक्त जीतेंद्र उरांव को गिरफ्तार कर लिया।

### भाई के अपहरण की बहन ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**सिसई।** पुसो थाना क्षेत्र के बोंडो चट्टान टोली निवासी अंजली कुमारी ने पुसो थाना में अपने भाई रिंकु लोहरा के अपरहण करने की शिकायत दर्ज करायी है। दर्ज शिकायत में अंजली ने अपनी भाभी जयंती कुमारी एवं तीन अज्ञात के विरुद्ध लिखित प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं पुसो थाना रिंकू लोहरा की तलाश में लगातार छापामारी कर रही है। परंतु अभी तक अपहृत व्यक्ति रिन्कु लोहरा का कोई अता पता नहीं चल पाया है।

### घाघरा : नदी में डूबने से हुई युवक की मौत



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के बुरजु गुडरु टोली निवासी युवक सोमनाथ उरांव की मौत शनिवार शाम केला झरिया नदी में डूबने से हो गयी। परिजनों को रविवार की सुबह मृतक सोमनाथ का शव मिला। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। मृतक के भाई समिलनाथ उरांव ने बताया कि शनिवार की देर शाम उसका भाई सोमनाथ उरांव घर से लगभग 1 किलोमीटर दूरी पर हर दिन की भांति बैल चराने गया था और उसके साथ अन्य लोग बैल चराकर वापस लौट रहे थे। अन्य बैल चराने वाले साथियों को बोलकर अकेला केलाझरिया नदी में हाथ पैर धोने की बात कह कर गया। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। हम सभी परिवार के लोग काफी खोजबीन किए लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। वहीं रविवार को 11 बजे नदी में उसका शव देखा गया। वही ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना हम परिजनों को मिली। जिसके बाद घटनास्थल पहुंच सभी लोगों ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को नदी से बाहर निकाला।

### एराउज भवन में एक्का फैमिली रेस्टोरेंट खुला

**गुमला।** एराऊज भवन सिसई रोड गुमला में रविवार को एक्का फैमिली रेस्टोरेंट का उदघाटन किया गया। फादर निकोलस टेटे ने फीताकाटर रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रेस्टोरेंट्स की संचालिका अंशु माला एक्का ने बताया कि यह रेस्टोरेंट हर आम व खास के लिए विशेष रूप से स्वागत करने के लिए तैयार किया गया है। यहां परिवार के साथ आप अपने मनपसंद जायके का आनंद उठा सकते हैं। शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह के व्यंजन यहां उपलब्ध रहते हैं। इस रेस्टोरेंट के प्रबंधक मानस कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह रेस्टोरेंट खासकर शादी विवाह मैरिज सेरेमनी या किसी प्रकार के गैदरिंग में खाना आपूर्ति किया जाएगा।

### डुमरी में कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा



**डुमरी।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा प्रखंड मुख्यालय डुमरी में रविवार को भारत जोड़ो यात्रा के तहत पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में प्रखंड मुख्यालय से कई कांग्रेसी पार्टी के नेता एवं कांग्रेस पार्टी के महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए। पद यात्रा कार्यक्रम राजावाल से होकर जैरागी में जाकर सम्पन हुआ। इस कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष राजेश एक्का, कांग्रेस नेता मोहम्मद अख्तर अली, जुर्म मुखिया प्रदीप मिंज, वेलसाजर, मोहम्मद मकबूल, न्राइन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

### आम आदमी पार्टी की जिला स्तरीय बैठक

**गुमला।** झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अजय भगत की अध्यक्षता में आम आदमी पार्टी की जिला स्तरीय बैठक रविवार को हुई। इसमें पार्टी के लिए नए पदाधिकारियों का चयन किया गया और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि हमारा मकसद झारखंड में 2024 में आम आदमी पार्टी का सरकार बनाना है।

# विद्या भारती चिन्मय विद्यालय, टेल्को के लड़कों ने जीता चैंपियनशिप,गर्ल्स में केपीएस बना चैंपियन

## अंडर-19 सीबीएसई कलस्टर-3 इंटर स्कूल बास्केटबॉल टुर्नामेंट-2022 संपन्न





चैम्पियनशिप जीतने वाली चिन्मय स्कूल टेल्को की बालक टीम, बालिका संवर्ग की चैम्पियन टीम केपीएस बर्मामाइंस।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विद्या भारती चिन्मय स्कूल, टेल्को की मेजबानी में आज सफलतापूर्वक अंडर-19 सीबीएसई कलस्टर-3 इंटर स्कूल बास्केटबॉल टुर्नामेंट-2022 संपन्न हुआ। बालक संवर्ग में चैम्पियनशिप का खिताब मेजबान विद्या भारती चिन्मय विद्यालय, टेल्को ने जीत लिया।

टूर्नामेंट के श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हर्षवर्धन तिवारी को मिला, सेंट मैरीज इंग्लिश हाई स्कूल, जमशेदपुर बना रनर अप। दूसरी ओर बालिका संवर्ग में बॉस्केटबॉल चैम्पियनशिप का खिताब केरला पब्लिक स्कूल, बर्मामाइंस की बालिकाओं ने जीता। केपीएस बर्मामाइंस की प्रगति कुमारी को टूनार्मेंट की श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। धनबाद पब्लिक स्कूल,धनबाद की टीम रही रनर अप। अंडर 19 लड़कों में दिल्ली पब्लिक स्कूल,बोकारो और गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल,बोकारो संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-19 लड़कियों में सेंट मैरीज इंग्लिश हाई स्कूल,जमशेदपुर और कैरली स्कूल, रांची ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

उक्त चार दिवसीय प्रतिस्पर्धा का समापन 4 दिसंबर रविवार को हुआ, जिसमें विद्यालय प्रबंध समिति के प्रमुख मानस कुमार मिश्रा व विष्णु चंद्र दीक्षित द्वारा विजेता विद्यालय की टीम को पुरस्कृत किया गया। चेयरमैन मानस कुमार मिश्रा ने प्रतिभागी विद्यालय की टीमों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी की ओर से जीत या हार दोनों में, सकारात्मक भाव से स्वीकृति मिलनी चाहिए। समारोह के अंत में श्री मानस कुमार मिश्रा ने सीबीएसई क्लस्टर-3 बास्केटबॉल (अंडर 19 लड़के और लड़कियां) टूनामेंट 2022 के औपचारिक समापन की उद्घोषणा की।

मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के प्रमुख व अन्य विशिष्ट जन, बास्केटबॉल एसोसिएशन के आधिकारिक जन, विभिन्न विद्यालयों के रेफरी, कोच, शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र समूह उपस्थित थे। प्राचार्या श्रीमती मीना विल्खू ने सभी प्रतिभागी व विजेता टीमों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर के खेल के लिए शुभकामनाएं दीं।

# अगले चार महीने में शुरू हो जायेगा मानगो फ्लाई ओवर का निर्माण : बन्ना

## स्वास्थ्य मंत्री ने आरसीडी और टाटा स्टील के उच्चाधिकारियों संग किया साइट निरीक्षण



मानगो साइट पर अधिकारियों संग गंभीर विमर्श करते मंत्री बन्ना गुप्ता।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मानगो चौक पर रविवार को प्रस्तावित फ्लाईओवर का स्थल निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ टाटा स्टील यूटिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टीएसयू आईएसएल) व पथ निर्माण विभाग के भी अधिकारी मौजूद थे। स्वास्थ मंत्री का काफिला पहले डिमना रोड पर राजस्थान भवन के पास पहुंचा। यहीं से फ्लाई ओवर का पहुंच पथ उठेगा। डिमना चौक रोड पर मानगो चौक तक पहुंच मार्ग बनेगा।यहां का निरीक्षण करने के बाद स्वास्थ्य मंत्री पायल टॉकीज वाली रोड पर पहुंचे। पायल टॉकीज वाली रोड पर पायल टॉकीज के पास से पहुंच मार्ग गिरेगा। जबकि उस पार फ्लाईओवर मरीन ड्राइव के पास डीसी ऑफिस जाने वाली रोड पर मरीन ड्राइव गोल चक्कर के पास गिराने की योजना है। अधिकारियों का कहना है कि इस पर मंथन चल रहा है।डिमना रोड की तरफ से आने वाले फ्लाईओवर का पहुंच मार्ग भुइयांडीह की तरफ शौचालय के पास गिर सकता है। पायल टॉकीज के पास स्थल निरीक्षण करने के बाद स्वास्थ्य मंत्री का काफिला मानगो चौक होते हुए मानगो बस स्टैंड गोल चक्कर होकर भुईयाडीह जाने वाली रोड पर पहुंचा। निरीक्षण करने के बाद स्वास्थ्य मंत्री मरीन ड्राइव गोल चक्कर के पास पहुंचे और वहां से टाटा स्टील के वाटर वर्क्स प्लांट के पास के कोने पर पहुंचकर फ्लाईओवर के डिजाइन पर मंथन हुआ। पत्रकारों से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि फ्लाईओवर को लेकर अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान कई बातों पर ध्यान दिया गया है। इसको लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर अन्य बिन्दुओं पर वार्ता की जायेगी जिसके बाद निर्णय लिया जाएगा। निर्माण के लिए राज्य सरकार की ओर से लगभग 400 करोड़ की राशि आवंटित की गई है। 4 महीने के अंदर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू कर देना है। डेढ़ साल के अंदर इसको पूरा कर लेना है। निरीक्षण के दौरान स्टील के वरीय अधिकारी जिसमें जुस्को के प्रणय सिन्हा कैप्टेन धनंजय मिश्रा, अमित सिंह, आरसीडी के चीफ इंजिनियर राजेश कुमार समेत अन्य जुस्को के अधिकारी उपस्थित थे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथाराइट्स लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक डॉ दिनेशानंद गोस्वामी के प्रयास से चाकुलिया प्रखंड के जोड़िसा गाँव में आज नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

केंद्र सरकार के प्रमुख उद्यम राइट्स लिमिटेड के सहयोग के सहयोग से स्वयंसेवी संगठन सिटीजन्स फाउंडेशन की ओर से यह स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया था । इस वर्ष आयोजित होने वाला यह 25 वां स्वास्थ्य शिविर था। आज के स्वास्थ्य शिविर में 9 डाक्टरों की टीम के द्वारा 403 मरीजों का स्वास्थ्य जांच तथा चिकित्सीय सलाह प्रदान किया गया। यहीं पूर्णिमा नेत्रालय द्वारा 17 मोतियाबिंद से ग्रस्त नेत्र रोगियों का निशुल्क आपरेशन कराया जाएगा।डाक्टरों के परामर्श पर मरीजों को नि:शुल्क दवाईयां भी प्रदान किया गया ।शिविर में ओपलो डायगोनोस्टिक द्वारा रक्त जांच तथा रक्तचाप जांच की नि:शुल्क व्यवस्था थी।

पर्यावरणविद पद्मश्री जमुना टुडु, पूर्व पंचायत समिति सदस्य गोपाल पात्र, तथा गण्यमान्य अतिथिओं ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्प अर्पित स्वास्थ्य शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पद्मश्री जमुना टुडु ने कहा कि चाकुलिया प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविरों से गरीब तबके के लोगों को काफी सहुलियत हुआ। उन्होंने कहा कि डॉ गोस्वामी ने गरीबों की सेवा का मिसाल कायम किया है।

# फैंस का दिल टूटा, जमशेदपुर की लगातार सातवीं हार




**खबर मन्त्र टीम**

**जमशेदपुर।** इंडियन सुपर लीग में आज जमशेदपुर एफसी के फैंस का दिल उस वक्त टूट गया जब टीम को लगातार सातवीं बार हार का सामना करना पड़ा। केरला ब्लास्टर्स ने आज एक क ड़े मुकाबले में जमशेदपुर को 1-0 से हरा दिया।

यहां जेआरडी स्पोर्टस कंपलेक्स के मखमली घास वाले मैदान में खेले गए मुकाबले में घरेलू दर्शकों के लगातार चीयर्स के बावजूद जमशेदपुर एफसी हार गई। एक के बाद एक लगातार हार झेल रही जमशेदपुर की टीम खेल की शुरूआत में मैदान पर नए आक्रामक अंदाज में दिखाई दे रही थी, लेकिन बेहद मजबूत मानेजाने वाले केरेला ब्लास्टर्स ने खेल के 17वी मिनट पर ही जमशेदपुर पर बढ़त बना ली, जब केरेला के फॉरवर्ड खिलाड़ी डी डिमिट्रियस ने गोल दागा। मैच में बढ़त बनाने के बाद केरेला के आगे जमशेदपुर एफसी की टीम लगातार संघर्ष करते हुए दिखी। मैच के 65वे मिनट तक 65 प्रतिशत गेंद केरला के कब्जे में रही। वही मेजबान टीम 0-1 के स्कोर से पीछे रही। मैच के बाद चार मिनट का अतिरिक्त खेल भी हुआ किन्तु जमशेदपुर की टीम इसका भी फायदा नहीं उठा सकी।

# सांसद विद्युत वरण महतो का हाता में जनता दरबार

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**पोटका।** पोटका प्रखंड के हाता संपर्क कार्यालय में रविवार को सांसद का जनता दरबार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सांसद विद्युतवरण महतो स्वयं उपस्थित होकर दूरदराज से आए सैंकड़ों ग्रामीणों के समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। इनमें कुछ समस्याओं का आनस्पाट निदान कराया तो शेष समस्या को सूचीबद्ध कर आवश्यक कारवाई हेतु संबंधित विभाग को निर्देश दिया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि जन समस्याओं के निदान हेतु मैं 24 घंटे उपलब्ध हूं।

क्षेत्र के देवतुल्य जनता किसी भी समस्या के लिए सीधे संपर्क करें। उन्होंने कहा कि पुरे लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्य तेज गति से चल रहा है। देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर है। जनता दरबार में मुख्य रुप से आसनबनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर, नर्स व बेड उपलब्ध कराने, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय सानग्राम में रसोईघर व बाउंड्री वाल निर्माण कराने, भेलाईडीह से स्थानांतरित प्राथमिक विद्यालय को पुनः गांव में खुलवाने, कोवाली से सिदिरसाई हाल्ट होते हुए तिरिंग घाटी तक सड़क बनवाने, धिरौल गांव के बांका बांध में गार्डवाल निर्माण कराने,दिगी गांव में स्नान घाट निर्माण सहित अन्य समस्याओं के निदान की मांग ग्रामीणों ने सांसद से किया। नए लोंगो ने थामा भाजपा का दामन

जनता दरबार में अनेक नए लोगों ने भाजपा का दामन थामा। इनमें शंकुतला सरदार, रंगवती महाकुड़, सरस्वती गौड़,रुपाली गौड़,चंदन मदीना, हीरालाल दास,दयालहरि टिपरा सहित अन्य शामिल हैं।

# गोपाल मैदान में चल रहे झारखंड उत्सव में लाइव टैलेंट शो और हैंडीक्राफ्ट आकर्षण का केंद्र

## 10 दिसंबर तक चलेगा उत्सव, रविवार को लोगों से अटा रहा गोपाल मैदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गोपाल मैदान,बिष्टुपुर में चल रहे झारखंड उत्सव में रविवार को बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ मेले का आनंद लेने पहुंचे। मेले में लाइव कल्चरल इवेंट के साथ-साथ 100 से अधिक स्टॉल लगे हुए हैं जहां आप हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प के उत्पादों के अलावा खाने-पीने, परिधान, आटोमोबाइल आदि के स्टॉल लगे हुए हैं। यहां आप गर्म कपड़े भी खरीद सकते हैं। शहर का एक युवा जोड़ा ईशा सिंह और सार्थक हर उम्र के लोगो के लिए जमशेदपुर के इस पहले लाइव इवेंट में सभी का हार्दिक स्वागत करता है। गत शुक्रवार की देर शाम हुए उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथियों में देश के नामी डांसर विशाल सोनकर, सामाजिक कार्यकर्ता पूर्वी घोष व सोनाली चटर्जी शामिल थे।

## प्रस्तुत है मेले के कुछ खास स्टॉल के बारे में जानकारी

### बेनेट यूनिवर्सिटी के छात्रों का स्टार्ट अप अक्षय बना आकर्षण का केंद्र



अक्षय के स्टॉल पर उत्पाद प्रदर्शित करती छात्रा मुस्कान।

झारखंड महोत्सव में प्रवेश करते ही आपका ध्यान खींचता है स्टार्ट अप अक्षय का स्टॉल। बांस से निर्मित इस स्टॉल पर बैनेट यूनिवर्सिटी से बीबीए की पढाई पूरी करने वाली छात्रा मुस्कान पूरा प्रबंधन देख रही है। अक्षय के स्टॉल पर आप नैनिताल की हर्बल मशाला चाय का स्वाद ले सकते हैं जिसका टेस्ट बिल्कुल अलहदा है। यहां पर नैनिताल के ऊनी गर्म कपड़ों क्रमशः टोपी,मफलर, स्क्रनचीज की खरीददारी कर सकते हैं। ये सारे प्रोडक्ट हैंडमेड हैं। इसके अलावा बांस से बने उत्पाद छाता,टोकरी,कंटेनर आदि यहां प्रमोट किये जा रहे हैं। वास्तव में अक्षय नैनिताल के गुगुरखान गांव को गोद ले रखा है जहां ग्रामीण गर्म कपड़े घर पर ही तैयार करते हैं। अक्षय की टीम यहां पर ग्रामीणों को मार्केटिंग,स्कील डेवलपमेंट में निपुड बना रही है बल्कि पढ़ाई को बढ़ावा देने के लिए एक लाइब्रेरी भी चला रही है। आपको बता दें कि स्टार्ट अप अक्षय की टीम को टाइम्स ऑफ इंडिया चेंज मेकेर्स क्लब से मेंटरशिप मिलता है।

### घर का पिक्कल के स्टॉल पर बिक रहा है 8 तरह का आचार



कंपनी के एमडी बीके चतुर्वेदी अपने स्टॉल पर।

झारखंड महोत्सव मेले में एक और स्टाल आकर्षण का केंद्र है, घर का पिकल ब्रांड तले गिरिजा फूड प्रोडक्ट ने अपना स्टॉल लगा रखा है। इस स्टॉल पर आप 8 तरह के आचार खरीद सकते हैं। आपको बता दें गिरिजा फूड प्रोडक्ट की स्थापना 2003 में आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया में बीके चतुर्वेदी और उनकी धर्मपत्नी द्वारा की गई थी। घर का पिक्कल आप अमेजन, फ्लिपकार्ट और मेशो आदि ऑनलाइन माध्यमों से भी आप घर पर मंगा सकते हैं। घर का पिकल्स आम के अचार ,आम कटहल का अचार, मिक्स अचार, हरा मिर्चा का अचार, लाल मिर्चा का अचार, नींबू अचार, ओल का अचार आदि खरीद सकते हैं। इस स्टॉल पर आप 149 से लेकर 482 रूपये तक का आचार के बोतल ले सकते हैं। गिरिजा फूड प्रोडक्ट के प्रमोटर एवं एमडी पीके चतुर्वेदी झारखंड पुलिस में इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त हैं ।सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने अपनी धर्मपत्नी की आचार बनाने के शौक को उद्यम में बदल दिया है। आज उनके पास डायरेक्ट इनडायरेक्ट रूप से 1 दर्जन से अधिक लोग स्टाफ के रूप में जुड़े हुए हैं। बीके चतुर्वेदी बताते हैं कि जल्द ही देशभर में वितरण नेटवर्क के जरिए घर का पिकल्स को लोकप्रिय किया जाएगा।

## एक नजर में

### जुगसलाई में सांसद ने किया हीरो इलेक्ट्रिक स्कूटर शो रुम का उद्घाटन

**जमशेदपुर।** रविवार 4 दिसंबर 2022 को हीरो इलेक्ट्रिक स्कूटर के नए शोरूम ,डिस्पेंसरी रोड,जुगसलाई मैसर्स स्वास्तिक मोटर्स का भव्य शुभारंभ सांसद विद्युत वरण महतो के द्वारा प्रातः 11बजे किया गया। इस शोरूम से जुगसलाई, बागबेड़ा,स्टेशन रोड, हाता,जादूगोड़ा क्षेत्र के निवासियों को बिक्रय एवं सर्विस की सुविधा प्रदान की जाएगी। हीरो इलेक्ट्रिक के सभी मॉडल यहां उपलब्ध है। शोरूम के संचालक सुरेश हरनाथका ने इलेक्ट्रिक व्हीकल की विशेषताएं एवं वर्तमान में इसकी जरूरत के बारे में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को जानकारी प्रदान की।आज के कार्यक्रम में इंदर अग्रवाल, दिलीप गोयल ,संतोष खेतान,सुशील च'चरा , राधेश्याम अग्रवाल, नरेश हरनाथका, मनोज हरनाथका, राजेश हरनाथका, ब्रजेश हरनाथका, आनंद हरनाथका एवं बहुत से गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### रानी एडवेंचर एंड वेल्फेयर ट्रस्ट के सदस्यों ने दलमा ट्रेकिंग पथ को किया साफ

**जमशेदपुर।** स्वयंसेवी संगठन रानी एडवेंचर एंड वेलफेयर ट्रस्ट के दर्जनों सदस्य रविवार को दलमा के ट्रैकिंग पथ की साफ-सफाई के लिए फदलोगोड़ा से पैदल दलमा टॉप पिंड्राबेड़ा पहुंचे। इससे पूर्व ट्रैकिंग पर निकलने वाले रानी एडवेंचर वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों को विधायक सरयू राय जी ने पारडी काली मंदिर से झंडा दिखाकर बस से रवाना किया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने बताया कि बस से सभी लोग दलमा की तराई स्थल फदलोगोड़ा तक पहुंचे। इसके पश्चात फदलोगोड़ा से पैदल सभी लोग ट्रैंकिंग पथ के आसपास फैली गदंगी, कूड़ा करकट की सफाई करते हुए जमा करते हुए दलमा के टाप तक पहुंचेंगे। रानी एडवेंचर वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने बताया कि प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ दलमा बनाने की दिशा में संस्था का एक छोटी सी पहल है। उन्होंने बताया कि ट्रैकिंग पथ की साफ-सफाई के साथ ही दलमा की सफाई के बाद निकले कूड़ा करकट को दलमा के टाप पिंड्राबेड़ा ले जाया जाएगा। जहां सभी कूड़ा करकट, प्लास्टिक को एक वाहन में जमा कर मानगो लाया जाएगा। जहां मानगो नगर निगम को निस्तारण के लिए सौंप देगी।

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर के आश्वासन पर सहिया संघ का धरना समाप्त

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम समेत 24 जिले की जलसैया 3 तारीख को राजभवन में धरना में शामिल हुई। मिथिलेश ठाकुर पेयजल मंत्री मिलाने का आश्वासन दिए थे जब वह नहीं आने लगे तब जल सहिया बहनों ने उग्र होकर राजभवन का रोड जाम कर दिया किये। तब मंत्री ने जलसहिया को बुलाया और सब मांगको पूरा करने का 7 दिन का समय लिया। झारखंड जल सहिया संघ की अध्यक्ष एतवारी महतो, महामन्त्री गायत्री देवी ओर कुछ जलसहिया मिले बकाए मांगों को जल्द पूरा करने, फोन देने, समय पर मानदेय का भुगतान करने और मानदेय आंगनबाड़ी सेविकाओं के बराबर करने की मांग की। मंत्री ने 7 दिन में सब समाधान करने की बात कही और मुंह मीठा करा कर धरना को समाप्त करवाया। उक्त जानकारी पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष नीतू सिंह ने दी है।

### डिमना चौक पर चार दुकाने स्वाहा

**जमशेदपुर।** मानगो डिमना चौक के समीप चार लोगों का फुटपाथ की दुकान जलकर राख हो गया जिससे लाखों का नुकसान हुआ। दुकानदारों से मिलकर भाजपा नेता विकास सिंह ने दुख प्रकट करते हुए अभिलंब लोगों को से दुकान बनाने को कहते हुए कहा कि आप सभी को उजाड़ने की साजिश वर्तमान सरकार के द्वारा की जा रही है ।दुकानदारों ने बताया लाखों का सामान जलकर राख हो गया है कुछ नहीं बचा हम सभी सड़क पर आ गए हैं। प्रदीप पात्रा का फल दुकान, संजीव पात्रा का सब्जी दुकान, उज्जवल पात्रा का फूल दुकान, एवं चिरंजीव पात्रा का फल दुकान आग के चपेट में आ गया है। मौके में मौजूद बिजली के मिस्त्री ने बताया की शॉर्ट सर्किट से आग नहीं लगा है बल्कि दुकान में लगे आग के लपटे से बिजली का तार गल कर गिर गया है।

### गांव-गांव जाकर खतियान आधारित स्थानीय नीति की जानकारी देगी समिति

**जमशेदपुर।** आज पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम प्रखंड के मुकरुडीह पंचायत भवन प्रांगण में झाड़खंडी भाषा-खातियान संघर्ष समिति के बैनर तले सभी सक्रिय सदस्य गण का एक बैठक रखा गया जिसमें निर्णय लिया गया की पंचायत के हर गांव तक खातियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति तथा उद्योग नीति के बारे में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। प्रखण्ड स्तरीय जनसभा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टाईगर जयराम महतो को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। आगामी 25 दिसम्बर 2022 को वीर शहीद निर्मल महतो के जन्म जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन मुकरुडीह पंचायत परिसर में किया जाएगा और 14 जनवरी 2022 को मकर संक्रांति के दिन प्रत्येक गांव में टुसु विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में बिश्वनाथ, अरुण महतो ,प्रभास महतो, हिमांशु महतो, स्वपन कुमार, आशीष महतो, अशोक महतो, हेमंत महतो, मनोज महतो, सुभाष महतो, साधन महतो, संजय महतो, अजीत कुंभकार, भागवत दास, श्रीमंत महतो, सपन कुमार, बबलू मिश्रा, शंभू हंसदा, नेपाल महतो, करण महतो, निर्मल महतो, गुरुनायक महतो, लालमहन महतो, प्रकाश महतो, मानिक चंद्र बेसरा आदि शामिल थे।

### विधायक सरयू राय ने भालुबासा-सीतारामडेरा की बस्तियों का दौरा किया

**जमशेदपुर।** वृहत जनसंपर्क सह क्षेत्र भ्रमण अभियान कार्यक्रम के तहत आज दुसरे दिन विधायक सरयू राय ने भाजमो जमशेदपुर महानगर के तमाम कार्यकताओं और समर्थकों संग पूर्वी विस क्षेत्र के भालुबासा-सीतारमडेरा के इलाकों का दौरा किया। जम्बु अखाड़ा भालुबासा के प्रांगण में जुटे सैकड़ो भाजमो कार्यकताओं संग श्री राय ने मुखी बस्ती, भालुबासा, कालिंदी बस्ती, शीतला मंदिर, काली मंदिर, सीतारामडेरा थाना होते हुए सीतरामडेरा क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गली-मोहल्लों से महिलाओं एवं अन्य बस्तिवासियों ने विधायक पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया।

# हुसैनाबाद पुलिस ने मवेशियों से भरा ट्रक पकड़ा

## जेपी चौक के समीप हुई कार्रवाई, गाड़ी जब्त, चालक जेल भेजा गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाने की पुलिस ने शनिवार को रात्रि करीब 8:30 बजे मवेशियों से भरे ट्रक को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि बड़ा ट्रक गाड़ी सीजी04 जेबी-5857 से मवेशियों को तस्कर द्वारा दूसरे राज्यों में ले जाया जा रहा है।

उक्त सूचना के सत्यापन और कार्रवाई करने के लिए पुलिस घटना स्थल आकाशदीप होटल जेपी चौक के समीप गयी । जहाँ पर पूर्व से कुछ लोगो के द्वारा गाड़ी को रोक कर चालक को पकड़े हुए थे। इस दौरान पुलिस ने कारवाई करते हुए गाड़ी चालक और मवेशियों से भरी गाड़ी को जब्त करते हुए थाना लेकर आ गयी। वही ड्राइवर से पूछताछ किया गया। चालक ने अपना नाम नुसरत अली उम्र 38 पिता अरसुद्दीन खान, हैदरनगर थाना के ग्राम कुड़वा कला निवासी बताया तथा मवेशी व्यापारी समीर खान पिता महबूब खान, मांझीआव, जिला गढ़वा, नईम अंसारी पिता अस्लम अंसारी थाना मोहम्मदगंज का हैं । साथ ही गाड़ी की तलासी लेने पर कुल 22 मवेशी पाया गया। जिस पर पुलिस ने चालक और मवेशी व्यापारी पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत एफआइआर करते हुए चालक को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर जेल भेज दिया गया।





## विधायक ने किया मुसवाखाप में कब्रिस्तान की चहारदीवारी के निर्माण का शिलान्यास, कहा

# पांकी विस क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचायेंगे विकास योजनाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर-पीतांबरपुर (पलामू)।** पांकी विस क्षेत्र के विधायक डा शशिभूषण मेहता ने नीलांबर-पीतांबर पुर प्रखंड के कुंदरी पंचायत अंतर्गत ग्राम मुसवाखाप में कब्रिस्तान के चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक डा मेहता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को आत्मसात कर पांकी विधानसभा क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाना सुनिश्चित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कब्रिस्तान के चारों ओर चहारदीवारी के निर्माण हो जाने से लोगों को गंदगी व पशुओं के अन्यत्र विचरण से मुक्ति मिलेगी। विधायक ने कहा कि स्थानीय लोगों के आग्रह पर यहाँ एक चापाकल भी लगाया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में नीलांबर पितांबरपुर के जिला परिषद पूर्वी विजय राम, चतरा सांसद प्रतिनिधि निर्भय कुमार, नीलांबर-पितांबर पुर के सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह, प्रखंड के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, मनातू के सांसद प्रतिनिधि बिगू साव, मनदीप मेहता, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, देवराज कुमार ,ओम प्रकाश दुबे, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, वीरेंद्र मेहता, समाजसेवी धर्मेंद्र मेहता उर्फ तिवारी , सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता, मौलाना नईम उद्दीन अंसारी, छोटू अंसारी, चंदन सोनी, सुमित कुमार अनिल सिंह, रामराज सिंह चेरों, दिलीप मेहता एवं सैंकड़ों की संख्या में



### दिव्यांगजनों से मिलकर विधायक ने उनकी समस्याओं को जाना

**तरहसी।** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड के ग्राम पंचायत कसमार में भ्रमण के दौरान पांकी विस क्षेत्र के विधायक डा शशिभूषण मेहता ने दिव्यांगजनों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम पूछा। विधायक ने उनका हाल जाना और उनके समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर दिव्यांगजनों के आग्रह पर विधायक ने कहा कि इन्हें जल्द से जल्द सोलर ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। कहा कि दिव्यांग समाज के अभिन्न अंग हैं। इनकी समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता है। विधायक ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र में दिव्यांगजनों तक समस्त योजनाओं को सुगमता से पहुंचाने का काम कर रहे हैं ताकि वे सृजनात्मक, सुरक्षित और प्रतिष्ठित जीवन जी सकें।

### वनभोज सह जिला बैठक में शौर्य संचलन की तैयारियों पर हुई चर्चा

**मेदिनीनगर।** बजरंग दल के शौर्य संचलन संबंधी तैयारियों का जायजा लेने के लिए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल पलामू ने कोयल नदी के तट पर केचकि में एक वन भोज सह जिला बैठक का आयोजन किया। बैठक में विभिन्न प्रखंडों के प्रतिनिधि शामिल थे। 11 दिसंबर को आयोजित शौर्य संचलन के तैयारियों को अंतिम रूप देने पर चर्चा हुई। संचलन और धर्म सभा के समुचित व्यवस्था के लिए आज विभिन्न समितियां गठित की गई। समितियों में मुख्य रूप से यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, सभा स्थल की व्यवस्था, मंच व्यवस्था तथा भोजन व पानी की व्यवस्था को अलग-अलग कार्यकताओं को जिम्मेवारी सौंपी गई। शोर्य संचलन में जिला के विभिन्न प्रखंडों से हजारों बजरंग दल के कार्यकताओं तथा अन्य महत्वपूर्ण अतिथियों के आगमन और सहभागिता होने वाली है।

# निर्माण कार्य में गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता : पुष्पा



खबर मन्त्र संवाददाता

**नावाबाजार/छतरपुर।** पाटन-छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुष्पा देवी ने छतरपुर प्रखंड के दरोनवा नाला पर चेकडैम का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि विकास के मामले में छतरपुर विधानसभा नंबर वन बने इसके लिए वह निरंतर सक्रियता के साथ लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि अभी तक छतरपुर--पाटन विस क्षेत्र में सिर्फ कुछ खास लोगों तक ही विकास पहुंच पाता था लेकिन जब से वह विधायक बनी जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कर रही है। विधायक ने संवेदकों को कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी परिस्थिति में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की ओर निरंतर आगे बढ़ रहा है। आज भारत का परचम पूरे विश्व में लहराने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। हलाकि जिस गति से देश का विकास हो रहा है उसके अपेक्षा झारखंड में नहीं हो पा रहा है। राज्य सरकार की लापरवाही के कारण केन्द्र की योजनाएं भी सही समय पर धरातल पर नहीं उतर पा रहा है। मौके पर मुखिया राजेंद्र सिंह, गुड्डू अंसारी, इरफान अंसारी, रामयतन यादव, संवेदक श्रीराम मेहता, अनुज कुमार सिंह, संटु सिंह, रविन्द्र यादव, संजय यादव, सेठ अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### विहंगम योग संस्थान का वार्षिकोत्सव वाराणसी में संपन्न

**मेदिनीनगर।** सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान का 99वा वार्षिकोत्सव वाराणसी के उमराहा में संपन्न हुआ। संस्थान के पलामू जिला संयोजक गिरिजा प्रसाद सिंह ने बताया कि स्वर्वेद महामंदिर धाम परिसर में दो दिवसीय समारोह का भव्य आयोजन किया गया था। समारोह में पलामू जिले के सैकड़ों भक्त शामिल हुए। वार्षिकोत्सव पर पलामू के पूर्णकालिक प्रचारक राजेश भारद्वाज एवं पड़वा प्रखंड सेवा प्रभारी अमरेंद्र ठाकुर को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# भगवान राम ने मनुष्य योनी में आकर समाज को दिया नया संदेश : हेमलता

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नारायण सेवा संस्थान के तत्वधान में रेड़मा ठाकुरबाडी.में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवत कथा प्रवक्ता हेमलता शास्त्री ने प्रवचन करते हुए कहा कि सूर्यवंश में एक से एक बढ़कर प्रतापी राजा हुए,जिन राजाओं ने हमारे देश समाज के लिए बहुत कुछ दिया । सूर्यवंश में ही भागीरथ हुए जिन्होंने मनुष्य के कल्याण के लिए पृथ्वी पर मां गंगा को लाया। इसी वंश में राजा दशरथ हुए। उन्हीं राजा दशरथ के चार पुत्र राम लखन शत्रुघ्न भरत हुए। उन्हीं में भगवान श्रीराम मनुष्य योनि में आकर समाज को एक नया संदेश दिया। भरत ने त्याग दिया, लक्ष्मण ने भक्ति समर्पण ता शत्रुघ्न ने प्रेम धर्म की स्थापना में भगवान अपने समस्त सुख वैभव का त्याग किया।

# आपातकाल में जेल में पढ़ी गीता : नामधारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर ।** गीता प्रचार समिति ने गीता जयंती -सह-राजगृह दुबे किसन रचित गीता-सुरभि का लोकार्पण समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो सुभाषचंद्र मिश्र ने एवं संचालन समिति के सचिव राकेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में इंदर सिंह नामधारी, प्रो सुभाषचंद्र मिश्र,प्रो सूर्यकांत चौधरी, सत्येंद्र तिवारी,शिवनाथ अग्रवाल,श्रीधर प्रसाद द्विवेदी और राकेश कुमार के कर-कमलों से सेवा-निवृत्त कृषि पदाधिकारी राजगृह दुबे रचित गीता-सुरभि का लोकार्पण हुआ। इसके पूर्व गीता प्रचार समिति द्वारा कृष्णार्चन,शंखवादन एवं गीता-आरती से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मौके पर मुख्य अतिथि इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि गीता विदेशों में भी प्रतिष्ठा पूर्वक पढ़ी जाती है। आपातकाल के समय जेल में गीता पढ़ने का सुअवसर मिला । मुख्यवक्ता प्रो सूर्यकांत चौधरी ने कहा कि गीता एक क्रियात्मक और आंतरिक युद्ध का शास्त्र है। उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र के प्रति धृष्ट है वही धृतराष्ट्र है। अध्यक्षता करते हुए प्रो सुभाषचंद्र मिश्र ने कहा कि अर्जुन का मोहग्रस्त होना एक असाधारण घटना है। वह न केवल कुशल योद्धा था वरन काम और निद्रा को भी जीत चुका था।

# सरहु व अमही जीत के साथ ग्रुप में टॉप पर पहुंचे

## हुसैनाबाद अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में चल रही है कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल अंतर्गत कपूरी मैदान में खेले जा रहे हैं कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में रविवार को अमही का मुकाबला बेनी कलां से हुआ। जिसमें अमही ने बेहतर खेल दिखाते हुए बेनी कलां को 1-0 से पराजित कर दिया। अमही के ओर से एक मात्र गोल प्रह्लाद ने किया।

वहीं आज के दूसरे मुकाबले में सरहु ने अपना बेहतरीन खेल जारी रखते हुए जपला गुलबाग के टीम को 2-0 से हराकर अपने ग्रुप में टॉप स्थान हासिल कर लिया है। सरहु की ओर से छोटू और अरविन्द ने एक एक ने गोल किया। मैच के मुख्य अतिथि जमुआ पंचायत के मुखिया ओम प्रकाश राम और पूर्व नगर अध्यक्ष छठन पासवान ने मैच से पूर्व सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर मुबारकबाद दिया । साथ ही उन्हें बेहतर खेलने के लिए उत्साहवर्धन किया। मैदान में उपस्थित कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। खेल के आयोजन से युवाओं की प्रतिभा में निखार आयेगा। उन्होंने सभी बच्चे को अनुशासित ढंग से खेलने का सलाह दिया।

मैच में मुख्य रूप से चंचल सिंह, अनुज सिंह, पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह, नेहाल मिर्जा, जयकुश सिंह, सत्यनारायण यादव, अजय सिंह, सैयद इकबाल, विनय सिंह, इसरार अहमद, प्रह्लाद ठाकुर, रविंद्र सिंह, सुभाष कुमार, लड्डू, विशाल, अनुभव के अलावा हजारों फूटबॉल प्रेमी उपस्थित थे।

# रजवाडीह में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** रजवाडीह पंचायत भवन में एसएच हास्पिटल के तत्वावधान एवं मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी के संयोजन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। एसएच हास्पिटल की टीम ने मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यकता के अनुरूप दवाएं दी।

शिविर में ब्लड प्रेसर,आक्सीजन लेबल व ब्लड शुगर सहित कई रोगों के जांच किये गये। स्वास्थ्य जांच टीम में शामिल फणीन्द्र मोहन पाण्डेय, निलेश कुमार,रिंकू देवी,अनिशा प्रवीण व रितेश कुमार ने सुलभ तरीके से दक्षता पूर्वक पंचायत के नागरिकों को सेवाएं दीं। इस अवसर पर मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हमारा मकसद पंचायत के जरूरतमंद लोगों का निःशुल्क इलाज के साथ उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। कहा कि अच्छा स्वास्थ्य के बिना सब धन बेकार है। कहा कि उनके लिए जनता का हित सर्वोपरि है। उन्होंने पंचायत में शिविर लगाने के लिए डॉक्टर रोहित कुमार पाण्डेय का आभार व्यक्त किया। जांच शिविर में 150 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। मौके पर उप मुखिया प्रभात रंजन पाण्डेय,वार्ड सदस्य रामप्रवेश शुक्ला व रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### पुलिस ने दो वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार



**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना पुलिस ने रंगदारी काण्ड के फरार दो अभियुक्त के पुलिस ने गांव में इश्तेहार चिपकाया। अभियुक्त को तीस दिन के भीतर आत्मसमर्पण करने को कहा है । कहा गया कि आत्मसमर्पण नहीं करने पर अभियुक्तों के घर की कुर्की-जब्ती की जाएगी। थाना के एएसआई रामनाथ मंडल ने बताया कि चैनपुर थाना के उडनडा गांव कांड संख्या 137/17 के नामजद अभियुक्त संजय भुईयां पिता देवनारायण तथा उसी कांड के अभियुक्त पांकी थाना केरकी माडन निवासी गुड्डू भुईयां उर्फ प्रमेंद्र राम के इश्तेहार चिपकाया है। साथ ही तीस दिनों के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करने पर घर की कुर्की जब्ती करने की चेतावनी भी दी गई है।

### पीएम आवास के लाभुकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**पांकी।** पांकी पश्चिमी पंचायत के ग्राम पांकी निवासी ललिता देवी, रिंकी देवी, नारो कुंवर, सरिता देवी, यशोदा कुंवर, बिसी देवी ने पांकी विस क्षेत्र के विधायक डा शशिभूषण मेहता से मिलकर बिजली तारों के कारण उनके प्रधानमंत्री आवास के निर्माण में आ रही समस्या से अवगत कराया। लाभूकों ने विधायक को ज्ञापन भी सौंपा। महिलाओं ने विधायक को बताया कि उनके जमीन के ऊपर से 11000 वोल्ट के बिजली के तार गुजरने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे अपने मकानों की ढलाई नही करवा पा रही हैं। जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। मामला संज्ञान में आते ही विधायक डा मेहता ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि उपरोक्त स्थान से बिजली के तारों को अविलंब हटाया जाए ताकि इनलोगों को मकान के निर्माण में कोई कठिनाई न हो और महिलाएं इस जनकल्याकारी योजना से वंचित न रह जाएं।

### कंबल मिलने से गरीबों को मिलेगी ठंड से निजात : प्रमुख



**पाटन।** पाटन प्रखंड में बढ़ती ठंड को देखते हुए उताकी पंचायत के ग्राम गंगतुआ, नावाडीह, उताकी में घूम कर पाटन प्रमुख शोभा देवी के द्वारा गरीब, असहाय, बुजुर्ग लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए क्षेत्र में घूम कर लोगों की समस्या से अवगत हो रहे हैं।

### भाजयुमो जिलाध्यक्ष ज्योति ने किया कंबल वितरण



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ज्योति पांडे ने लहलहे के सिंदूरिया गांव में जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र, शॉल व कंबल वितरण किया । मौके पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नवनीत प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में भाजयूमो जिलाध्यक्ष श्री पांडे ने कहा कि जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए गांव में भ्रमण कर जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किये।

## एक नजर में

### विद्यालय प्रबंधन बनाये बेहतर शिक्षा का माहौल : लाला प्रसाद



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के मंदरिया में दीप ज्योति पब्लिक स्कूल का खोला गया । समारोह में मुख्य अतिथि अधिवक्ता सह समाजसेवी लाला प्रसाद यादव एवं विद्यालय के निर्देशक विकास कुमार तथा अन्य गणमान्य लोगों ने स्कूल का उदघाटन संयुक्त रूप से किया। मौके पर लाला प्रसाद यादव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रबंधन से कहा कि बच्चों के बीच शिक्षा के साथ-साथ संस्कार का भी माहौल बनाएं ताकि यहां के बच्चे यहां से पढ़ कर आगे उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके। विद्यालय के निर्देशक विकास साव ने मुंदरीया में नर्सरी से पांच बच्चों केलिए एक अच्छा इंग्लिश मीडियम स्कूल की स्थापना की गई है। विद्यालय प्रबंधन की हमेशा यह प्रयास रहेगा कि बच्चों को अच्छे माहौल के साथ-साथ गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सके।

### देवी धाम परिसर में बनेगी विशाल लाइब्रेरी



**विश्रामपुर।** विश्रामपुर प्रखंड के बरिगावां गांव में 17 दिसंबर को एक लाइब्रेरी का निर्माण कार्य कराया जाएगा। जिसे मूर्त रूप देने में अधीक्षण अभियंता जयंत कुमार दुबे स्थानीय युवा वर्ग के लोगों के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। लाइब्रेरी के लिए बरिगावां गांव के देवी धाम परिसर का चयन किया गया है। जहां आने वाले व्यक्ति अध्ययन और अध्यापन दोनों कार्य कर सकेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए सेवानिवृत्त अभियंता राम चंद्र दुबे ने बताया कि बरिगावां गांव में एक विशाल लाइब्रेरी खोलने का निर्णय लिया गया है। जो अस्थाई रूप से 17 दिसंबर को गांव के देवी मंडप परिसर में अवस्थित करते हुए शुरूआत की जा रही है। जो आगे समय के साथ विशाल रूप लेगा। इसकी तैयारी भी युद्ध स्तर पर की जा रही है। श्री दुबे ने बताया कि लाइब्रेरी खोलने का निर्णय उनके पुत्र अधीक्षण अभियंता जयंत कुमार दुबे का रहा है। जयंत इस विषय पर कार्य कई वर्षों से करते आ रहे हैं। लक्ष्य बनाकर सैकड़ों पुस्तकों का संग्रह किया जा चुका है।

### बसपा के प्रखंड कमिटी का पुनर्गठन



**नौडीहा बाजार।** नौडीहा बाजार प्रखंड के नावाटांड पंचायत के राजकीय प्राथमिक विधालय धोबनी के परिसर बसपा के प्रखंड कमिटी के पुर्नगठन के लिए बसपा के छतरपुर -पाटन विधानसभा के अध्यक्ष राम बाबू के अध्यक्षता में बैठक हुई । बैठक का संचालन गणेश कुमार ने किया। इस बैठक में सर्वम्मति से प्रखंड अध्यक्ष बेललाल अंसारी,प्रखंड प्रभारी विश्वप्रेम कुमार,उपाध्यक्ष उमेश कुमार,प्रखंड महासचिव चितरंजन कुमार यादव, सचिव अरविन्द कुमार, प्रखंड महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू बौद्ध,युवा मोर्चा अध्यक्ष अनुज कुमार , कोषाध्यक्ष आशीष कुमार को बनाया गया। इस चुनाव मे चुनाव प्रभारी बसपा के विधानसभा के संयोजक अजय कुमार और बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुहैल हक ने मुख्य अतिथि के रूप मौजूद थे। नवनियुक्त् सभी पदाधिकारी को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि पार्टी मजबूत और संगठन हितो मे कार्य करने अपने दायित्व के साथ करने के लिए कहा।

### शिक्षा चौपट कर रही केंद्र सरकार : त्रिलोकीनाथ



**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) जिला कमिटी ने शहर मुख्यालय के छह मुहान पर राज्यव्यापी प्रतिरोध किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दानिश खान व संचालन जिला सचिव गौतम दांगी ने किया। कार्यक्रम में राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ ने कहा कि प्री मैट्रिक स्कालरशिप खत्म कर देने का मतलब निचले पायदान के छात्रों को सीधे शिक्षा से बेदखल कर देना है मोदी जी अब शिक्षा बेचने का भी तैयारी कर रहे हैं । संविधान के आर्टिकल 21 में साफ तौर पर दशार्या गया है कि शिक्षा हमारा मौलिक अधिकार है और सरकार को इसकी संपूर्ण जिम्मेवारी है लेकिन केंद्र सरकार लगातार शिक्षा पर हमले कर रहे हैं । पीएम शिक्षा व्यवस्था चौपट करने में लगे हैं। 2020 में नई शिक्षा नीति लाकर गरीब व मध्यम वर्ग के छात्रों को बाहर करने का प्रयास किया है ।

### होटल रामाडा में डॉक्टर सम्मेलन का आयोजन



**मेदिनीनगर।** होटल रामाडा में एचसीजी अब्दुर्र रज्जाक अंसारी कैंसर हॉस्पीटल एवं आइएमए पलामू के तत्वावधान में डॉक्टर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन पूर्व सर्जन डा एसबी मेहता, पूर्व सिविल सर्जन डा आरपी सिन्हा,डॉअरूण शुक्ला, डॉ आरएन सिंह, सिविल सर्जन डा विजय सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर एचसीजी के हेड सेल्स एंड मार्केटिंग के निमिस कृष्णा, रौनिक कश्यप, विकास सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर मेडिकल आन्क्लोजिस्ट डा सतीश शर्मा ने कैंसर रोग पर विस्तार से चर्चा की।

### पलामू के दिव्यांग उपेक्षित : सुरेंद्र

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला दिव्यांग संघ के सुरेंद्र कुमार ने दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगों को शुभकामना देते हुए कहा कि आज दिव्यांग दिवस मनाया जा रहा है। जिसमें पलामू जिला के दिव्यांगों को निराशा ही हाथ लगी है। इस ओर जिला प्रशासन की संवेदनशीलता दिखाई नहीं देता है। कारण कि पलामू में एक मात्र दिव्यांग विद्यालय है जो वर्षों से बंद पड़ा है। विद्यालय बंद रहने के कारण जिले के दिव्यांग बच्चे व बच्चियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

# धनबाद: कोयला व्यवसायी के घर फायरिंग

## दहशत का माहौल

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में अपराधियों के हौसले बुलंद है । जहां एक और शुक्रवार को अपराधियों ने जिले के कतरास थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक दुकानदार के ऊपर 3 राउंड फायरिंग कर दहशत फैलाने का काम किया । वहीं दूसरी ओर इस घटना के ठीक 1 दिन के बाद जिले के बैंक मोड थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े अपराधियों ने कोयला व्यवसाई पप्पू मंडल के घर पर फायरिंग कर एवं पर्चा फेंक कर दहशत फैलाने का काम किया है। अपराधियों द्वारा कोयला व्यवसाई पप्पू मंडल के घर के दीवार पर 2 राउंड फायरिंग की गई ,एवं धमकी भरा पर्चा फेंका गया। यह पर्चा जेल में बंद गैंगस्टर रमन सिंह के नाम से फेंका गया है और दहशत फैलाने की कोशिश की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## फुसरो से दो कोयला व्यवसायी को गिरफ्तार कर साथ ले गई बरही पुलिस

**बेरमो।** बोकारो जिला अंतर्गत बेरमो अनुमंडल में बरही पुलिस ने फुसरो के कोल कारोबारी स्वर्गीय सबरमल अग्रवाल के पुत्र चिरंजीलाल अग्रवाल एवं रामदीन सिंह को पकड़ के अपने साथ ले गई। ये गिरफ्तारी बेरमो थाना के पुलिस की मदद से हुई। सूत्रों के मुताबिक इन कारोबारियों पर 420 का पुराना मामला दर्ज था। इसके बाद बरही पुलिस ने दोनों को पकड़ा। खबर लिखें जाने तकए अभी तक इस मामले पर किसी भी तरह का बयान पीड़ित की ओर से सामने नहीं आया है। खबर की पुष्टि बेरमो के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह ने भी की है।

## शरारती तत्वों ने गैरेज में लगाई आग

**झरिया।** बोर्रागढ ओपी क्षेत्र के शिमलाबहाल आदर्श नगर निवासी प्रकाश सिंह के गेराज मे शनिवार देर रात अपराधियों ने आग लगा दी। जिससे गेराज मे खड़ी छह बाइक जल कर राख हो गई। साथ ही गैरेज में खड़े मारुति कार भी पुरी तरह जल कर राख हो गया । सूचना पाकर आसपास के लोग जुट किसी प्रकार आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन तब तक सभी वाहन जल कर राख हो गए। बोर्रागढ ओपी प्रभारी सौरव चौबे व झरिया थाना प्रभारी पंकज झा दल बल के साथ पहुचे। वही पूर्व डिप्टी मेयर एकलव्य सिंह शिमलाबहाल पहुचकर मामले की जानकारी ली। साथ ही एस एसपी से फोन पर बात की। मामले का जल्द खुलासा करने का बात कहा। वही इस प्रकार की घटना से क्षेत्र के लोगो मे दहशत का माहौल है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल मे जुट गई है।

## जुआ के अड्डा पर छापामारी, एक गिरफ्तार छह बाइक किया जब्त

**झरिया।** भौरा ओपी प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने शनिवार को देर शाम भौरा 8 नंबर के समीप दल बल के साथ जुआ अड्डा पर छापेमारी किया। छापेमारी होते ही जुआडीयो में भगदड़ मच गई। जुआड़ी इधर उधर भागने लगे, लेकिन पुलिस भी मन बना कर गई थी, पुलिस ने एक जुआड़ी को काफी दूर तक पीछा कर धरदबोचा, वहीं पुलिस ने जुआ अड्डा से जुआड़ीयो की 6 बाइक सहित करीब 500 रुपया और ताशा की कई गड्डी भी जब्त किया है। भौरा पुलिस के छापेमारी से क्षेत्र के जुआड़ीयो में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं ओपी परिसर के आसपास पैरवी करो कि भी भीड़ जुटने लगी, लेकिन पुलिस के सख्ती के आगे सभी फेल साबित हो गए।

इस सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार भौरा ओपी प्रभारी जितेन्द्र कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि भौरा 8 नंबर के समीप बड़े पैमाने पर जुआ खेला जाता है जहां दूर दूर से जुआड़ी अपनी किस्मत को आजमाने के लिए कार वा बाइक से आते हैं। यहां लाखो की दाब लगाई जाती है। ओपी प्रभारी इसी सूचना के आधार पर प्रशिछु दरोगा विनय कुमार यादव, स अनी अमरेन्द्र यादव वा अन्य जवान के साथ उक्त स्थल पर छापेमारी कर दिया जहां से मुकेश कुमार नामक जुआड़ी को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा लिया। जबकि आधा दर्जन से अधिक जुआड़ी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। जिनकी तलाश जारी है। वहीं छह बाइक जब्त कर थाना ले गई है। वहीं पकड़े गए लोगो पर कानून के अनुसार करवाई की जाएगी।

# जेंडर हिंसा पर नियंत्रण को लेकर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम को लेकर सहयोगिनी संस्था की ओर से चलाए जा रहे 16 दिवसीय अभियान के तहत कसमार प्रखंड मुख्यालय के बहुद्देश्यीय भवन में स्टेकहोल्डर्स बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख नियोति देए कसमार बीडीओ विजय कुमारए जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराजए संस्था की अध्यक्ष सुचित्रा सिंहए सचिव कल्याणी सागर समेत अन्य कई पंचायतों के मुखिया व पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे। इस अवसर पर प्रमुख नियोति दे ने कहा कि जेंडर आधारित हिंसा को रोकने के लिए समाज के सभी तबके का सहयोग जरूरी है। कसमार बीडीओ विजय कुमार ने कहा कि महिला हिंसा हो या इस तरह की किसी भी तरह की घटना को रोकने के लिए प्रशासन हर समय तत्पर है। जिप सदस्य अमरदीप महाराज ने कहा कि महिला हिंसा को रोकने एवं सामाजिक बदलाव को लेकर संस्था का लगातार प्रयास सराहनीय है। कार्यक्रम में संस्था की सचिव कल्याणी सागर एवं अध्यक्ष सुचित्रा सिंह ने संस्था की ओर से चलाए जा रहे अभियान की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान नुक्कड़ नाटक भी दिखाया गया। मौके पर मुखिया हारू रजवार, रइस कौसर, विजय जयसवालए पंसस रवि कुमारए प्रिया देवीए वर्षा देवीए दिलीप महतोए सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागरए मोबीन अंसारीए मासूम अली रजाए कुमारी किरणए सूर्यमणि देवी मौजूद थे।

## युवक ने अपने क्वार्टर में फंदे पर झूल कर की आत्महत्या

### अनुकंपा पर मिली थी नौकरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के कथारा सावित्री कॉलोनी में एक सीसीएल कर्मी युवक का शव अपने ही क्वार्टर में फंदे से झूलता मिलाण सुबह में पड़ोसी ने क्वार्टर का दरवाजा खुला देख घर के अंदर गया तो शव लटकते देखाण मृतक का नाम सुधीर सिंह ;27द्ध हैण आनन.फानन में पड़ोसियों ने पुलिस समेत मृतक के मां को घटना की सूचना दीण मां किसी रिश्तेदार के श्राद्ध में शामिल होने बिहार की राजधानी पटना गई हैण जानकारी पाकर बोकारो थर्मल के एसआई आशीष कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और शव को फंदे से नीचे उताराण पड़ोसियों से प्रारंभिक पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट भेज दिया गयाण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा यह हत्या या आत्हत्या का मामला हैण मृतक के पिता राजेन्द्र सिंह का निधन पांच साल पूर्व हो चुका हैण अनुकंपा के आधार पर सुधीर सिंह को नौकरी मिली थीण मृतक की दो बहनें हैंए जिनकी शादी हो चुकी हैण वह अपनी मां के साथ क्वार्टर में रहता थाण मृतक कुंवारा थाण मां के पटना जाने के बाद घर पर अकेले थाण एक दो दिनों से ड्यूटी भी नहीं गया थाण नशा का भी सेवन करता था।

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री राजेश सिंह ने मुखिया सहित कई लोगों का किया स्वागत



**बेरमो।** भाजपा किसान मोर्चा नेता राजेश सिंह ने चलकरी दक्षिणी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दुर्गा सोरेन को अपने पंचायत का बेहतर विकास करने के लिए शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। वहीं जरीडीह पश्चिमी पंचायत के सौतारटांड़ आंगनबाड़ी सेविका सह दामोदर गुप्ता की पत्नी सविता देवी उनका दो पुत्र उदय गुप्ता और निर्भय गुप्ता को पढ़ा लिखाकर झारखंड पुलिस में दारोगा बनाने के लिए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने चलकरी बस्ती निवासी सह भाजपा नेता को समाजसेवा में जुड़े रहने के लिए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## 11 माह के बाद कथारा कोलियरी से उत्पादन शुरू

### उत्पादन के लिए क्लीयरेंस 31 दिसंबर 2024 तक दिया गया

### श्रमिकों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

लंबे अंतराल के बाद श्रमिकों के चेहरे पर मुस्कान लौटी है। भविष्य में श्रमिक किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं करेंगे इसके लिए प्रबंधन और श्रमिक संगठन को भी जागरूकता दिखाने की आवश्यकता होगी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** एक जनवरी 2022 कथारा कोलियरी का उत्पादन एनवायरमेंट क्लीयरेंस तथा सीटीओ के कारण बंद था। 11 माह 2 दिन के बाद 3 दिसंबर से उत्पादन की शुरूआत हुई है। इस बार का क्लीयरेंस 31 दिसंबर 2024 तक दिया गया है। एनवायरमेंट क्लीयरेंस तथा सीटीओ के कारण से कोलियरी के बंद होने से ओण्बीण तथा कोयले का उत्पादन बंद था। कोलियरी बंद होने के कारण श्रमिकों में काफी मायूसी थीए एक तरफ क्षेत्र का उत्पादन तो प्रभावित हुआ ही दूसरी ओर श्रमिकों का काफी नुकसान भी हुआ और कथारा कोलियरी से कोयले का उत्पादन नहीं होने के कारण कथारा वाशरी तथा स्वांग वाशरी के उत्पादन पर भी बुरा प्रभाव पड़ा । कुल मिलाकर क्षेत्र का ग्राफ उत्पादन के मामले में काफी पीछे चला गया। उत्पादन शुरू होने से क्षेत्र का ग्राफ तीव्र गति से आगे बढ़ेगा उत्पादन से ही मजदूरों का वेलफेयर तथा मासिक वेतन में भी बढ़ोतरी संभव हो सकेगा। जैसे ही सीटीओ की सूचना मिली अधिकारी से लेकर कर्मचारियों के बीच हर्ष का माहौल देखा गया सभी कार्यालय तथा मजदूरों के बीच मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने कहा श्रमिक कड़ी मेहनत कर प्रतिष्ठान को आगे ले जाने में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वाह करेंगे वहीं क्षेत्र के उत्पादन का भी ग्राफ बड़ेगा।

## न्याय सदन में कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** न्याय सदन बोकारो में जिला विधिक सेवा प्राधिकारए बोकारो द्वारा मनाए जाने वाले संविधान सप्ताह अन्तर्गत संविधान के महत्व पर कार्यशाला तथा राष्ट्रीय महिला आयोग के कार्यक्रमानुसार एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उक्त कार्यक्रमों कि शुरूआत प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्षएजिला विधिक सेवा प्राधिकार कुमारी रंजना अस्थाना ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्रधिकार के सचिव सुश्री नीभा रंजन लकड़ाए रिसॉस प्रर्सन के रूप में अधिवक्ता उषा श्रीवास्तवए सूचित्रा रानी हलदारए सहिया तेजस्वनी ग्रुप की महिला एवं दूर दराज से आएं महिलाएं उपस्थित थी।कार्यशाला में संविधान के विभिन्न पहलुओंए मौलिक अधिकारध्कर्तव्य एवं महिला संबंधी कानूनों की जानकारी दी गई तथा संविधान सप्ताह 2022 कार्यक्रम का समापन किया गया।

## गरीब-असहायों के बीच कंबल और मच्छरदानी का वितरण

**बेरमो।** भाजपा किसान मोर्चा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने रविवार को बेरमो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जरीडीह पश्चिमी पंचायत के सौतारटांड़ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र और चलकरी बस्ती मुस्लिम टोला में सैकड़ों गरीबों और असहायो के बीच कंबल और मच्छरदानी का वितरण कर गरीबों को ठंड और डेंगू मच्छर से बचाने का प्रयास किया। उनके साथ पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री अजीत दुबे और भाजपा नेता मुकेश चौरसिया आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। जरीडीह पश्चिमी पंचायत आंगनबाड़ी केंद्र में हुए कंबल वितरण में आंगनबाड़ी सेविका सविता देवीए बसंत कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे। इसके बाद श्री सिंह चलकारी बस्ती मुस्लिम टोला पहुंचे और हर जाति और धर्म के गरीबों और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल और मच्छरदानी का वितरण किए। यहां भाजपा नेता मनोहर नायकए मोण शमसुद्दीनए मोण तैयब हुसैनए मोण सैमुद्दीनए मोण इमाद्दून सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# शिविर में 552 लोगों की आंखों की हुई जांच

## रघुनाथ खाड़किया की 51वीं पुण्यतिथि पर लगा शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता




**चिरकुंडा।** चिरकुंडा स्थित लायंस क्लब रघुनाथ खरकिया मेमोरियल आई हॉस्पिटल में रविवार को स्व रघुनाथ खाड़किया के 51वीं पुण्यतिथि पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में कुल 552 लोगों की आंखो की जांच की गई जिसमें 106 लोगों में मोतियाबिन्द के लक्षण पाए गए जिनका निःशुल्क आपरेशन आई होस्पिटल में ही किया जाएगा साथ ही 350 लोगों को मुफ्त में दवा भी दी गई।इस होस्पिटल में यह 899 वां कैम्प आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र रोग से ग्रसित लोगों के आंखों का ऑपरेशन कर लैंस लगाया जाएगा । कैम्प में सर्वप्रथम रघुनाथ खरकिया के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गयी। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एग्यारकुण्ड के बीडीओ बिनोद कुमार कर्मकार, नगर अध्यक्ष डब्लू बाउरी,होस्पिटल के प्रमुख सह उद्धोगपति बिनोद कुमार अग्रवाल,सेक्रेटरी सुनील गढयाण व आसनसोल लायंस के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने दीप प्रवजलित कर किया।अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया व इसका समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। बताया गया कि वर्ष 1997 से होस्पिटल द्वारा मुफ्त नेत्र ऑपरेशन कैम्प लगाया जा रहा है। जहां अबतक 9लाख मरीजों का नेत्र जांच के साथ 61हजार मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया है। वहीं क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थान मे भी समय समय पर शिविर का आयोजन किया जाता है तथा मोबाईल वैन के द्वारा सुदूर ग्रामिण क्षेत्रो में भी कैप आयोजित कर नेत्र मरिजो का परिक्षण कर उनका सफल इलाज होता है। दूर -दूर से आये सैकड़ो नेत्र संबंधित मरीजों का आंखों की जांच के बाद आपरेशन किया जाएगा। यह कार्यक्रम लायंस क्लब द्वारा आगे भी की जाएगी। होस्पिटल के चिकित्सक शांतनु डे व डॉ सुर्यकांत द्वारा लोगों की आंखो की जांच की गई।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर होस्पिटल के प्रमुख व उद्धोगपति जगदिश अग्रवाल,कृष्ण लाल रूंगटा, मारवाड़ी महिला समिति के अध्यक्ष मंजु अग्रवाल, संजय शर्मा, दिनेश अग्रवाल ,रिपेन चौधरी, राहुल खरकिया, निरंजन अग्रवाल, महावीर शर्मा, मिठू गढयाण, महेंद्र अग्रवाल, रवि गढयाण, मुकुल अग्रवाल, निर्मल सिंह रखोराय आदि थे।

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में किन्नर घायल

**झरिया।** सिंदरी मुख्य मार्ग बनियाहीर के समीप 4 दिसंबर की करीब 1 तेज रफ्तार कार संख्या जेएच 10 बीसी– 3493 ने एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के दौरान ऑटो चालक और ऑटो पर सवार तीन किन्नर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को निजी क्लीनिक में इलाज के लिए भर्ती कराया। इसी बीच कार चालक मौके का फायदा उठाकर भाग खड़ा हुआ। आक्रोशित किन्नर समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही झरिया थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और भीड़ को समझाने का प्रयास किया किन किन्नरों द्वारा फरार कार चालक को पकड़ने की मांग को लेकर सड़क जाम कर दी, जिससे झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग पर कुछ देर तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। इस संबध में किन्नर ने बताया कि भूतगाड़िया से बधाई मांग कर घर जा रही थी, इसी बीच तेज रफ्तार से आ रही कार ने सीधी टक्कर मार दी।

### पाइप फटने से सड़क पर बह रहा पानी

**झरिया।** धनबाद जिले के झरिया प्रखंड क्षेत्र के नुनुडीह मोड़ में पानी का पाइप फटने से सड़क पर बाह पानी रही है। जिससे सड़क पानी के प्रकोप से तालाब में तब्दील हो रही है। लोगो का कहना है कि कुछ दिन पहिले से इस स्थान से थोड़ी थोड़ी पानी बह रही थी ।पर आज शनिवार को भारी मात्रा में पानी बह रहा है ।लोगो ने यह भी कहा कि यह के लोगो को पानी के लिए त्राहि त्राहि करना पड़ रहा है ।पर निगम की लापरवाही से हजारों लीटर से अधिक पेयजल की बबार्दी हो रही है ।वही इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय मासस नेता सबूर गोराई ने निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया है ।सबूर गोराई ने कहा कि इसमे निगम की लापरवाही है ।लोगो को पीने के लिए पानी मिलता नही है ।और इतना पानी बह रहा है इसका कोई हिसाब नही है।

### बाघमारा विधायक ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की

**बाघमारा।** क्षेत्र में बढ़ते अपराध को लेकर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो चिंतित है। कतरास भाजपा कार्यालय में एक प्रेस वार्ता कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की राजपाल मांग की है ।विधायक ने विरोधियों पर तीखी शब्द वाण चलाते हुए कहा एक ओर सरकार में बैठे हुए लोग अपराधी और चोरों को संरक्षण देकर गोली चलवाते हैं। लोहा ,कोयला चोरी करवाने का काम कर रहे हैं तो दूसरा अपने को समाजसेवी कहलाने वाले व्यक्ति पेट फाड़कर पैसा कमाने का फैक्ट्री लगा रखे हैं ।उन्होंने चुनौती देते हुए कहा 10 वैसे व्यक्ति का नाम बता दें जिसको मुफ्त में इलाज किया हो ।घर, जमीन ,जेवर बेचवा कर पैसा कमाने वाले व्यक्ति लूटेरा होता है समाजसेवी नहीं। विधायक ने कहा भारत जब से आजाद हुआ है तब से इस तरह की कोयले की लुट नहीं हुआ करता था। जो झारखंड में हेमंत सरकार बनने के बाद हो रहा है। विधायक ने कहा इस लूट और अपराध के विरोध में प्रदेश के जनता को गोलबंद होकर जन आंदोलन करने की जरूरत है।

### नाबालिग छात्रा अपहरण मामले में एक को जेल

**बेरमो।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गतए दांदुडीह निवासी 15 वर्षीय छात्रा के पिता ने अपनी बेटी की अपहरण की लिखित आवेदन 30 नवंबर को चंद्रपुरा थाना में दिया था। जिस पर चंद्रपुरा थाना प्रभारी कार्तिक महतो ने तत्परता दिखाते हुएए अपहरण मामले में संलिप्त आरोपी के दोस्त इंजमामुल को गिरफ्तार कर शनिवार को देर शाम तेनुघाट जेल भेज दिया है। इस मामले में चंद्रपुरा थाना प्रभारी कार्तिक महतो ने कहा कि इस मामले के मुख्य आरोपी 15 वर्षीय छात्रा को लेकर फरार चल रहा है। जिसकी तलाश में पुलिस चारों ओर गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर रही है। उम्मीद है बहुत जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर में

### बाघमारा के पत्रकार को मातृ शोक



**बाघमारा।** प्रसिद्ध चिकित्सक बाघमारा बाजार निवासी अंबिका सिंह की धर्मपत्नी तथा प्रभात खबर के वरिष्ठ संवाददाता रंजीत सिंह की माता तथा धनबाद के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉक्टर ऋतुराज की दादी कलावती देवी का रविवार तड़के हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। कलावती देवी की उम्र 79 साल था। वह अपने पीछे पूरा भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। मृदुभाषी और धर्म परायण महिला थी। निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। शोक संतप्त परिवार को ढाढस बनाने बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो प्रेस क्लब केवरिया संरक्षक उमेश श्रीवास्तव कांग्रेस नेता अशोक प्रकाश लाल पत्रकार डीएन ठाकुर पत्रकार एहसान फेज माधव सिंह बच्चु राय पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दिया। मौके पर बाघमारा बाजार के कई गणमान्य लोग आदि मौजूद थे उनका अंतिम संस्कार दामोदर घाट के तट पर किया गया।

### प्रयास इंडिया में लगा रक्तदान सह स्वास्थ्य जांच शिविर



**सिन्दरी ।** गैर सरकारी शैक्षणिक संस्था प्रयास इंडिया ने रविवार को डीएवी टासरा स्थित सेंटर 2 व ब्लाइंड स्कूल डोमगढ़ स्थित सेंटर 3 में रक्तदान सह नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया। इस आयोजन में 200 से ज्यादा यूनिट रक्त का सफलतापूर्वक संग्रह किया गया। बीआईटी सिन्दरी के छात्रों द्वारा संचालित इस संस्था में रक्तदान के साथ नि:शुल्क नेत्र जाँच, ब्लडप्रेशर जाँच व मधुमेह की जाँच की गई। सेंटर 2 में धनबाद के एशियन जालान अस्पताल, बोकारो की संस्था के एम मेमोरियल चास अस्पताल की टीम ने सहयोग किया। वहीं सेंटर 3 में एसएनएमएमसीएच धनबाद के चिकित्सकों ने रक्तदान की प्रक्रिया पूरी की। नेत्र जाँच के लिए संजीव नेत्रालय ने सहयोग किया। शिविर में चिकित्सकों की देखरेख व प्रयास इंडिया के स्वयंसेवकों व छात्र छात्राओं के सहयोग के साथ रक्तदान व नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच की पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई।

### डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती समारोह संपन्न

**बोकारो।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाशए अधिशासी निदेशक ;कार्मिक एवं प्रशासनद्ध संजय कुमारए अधिशासी निदेशक ;वित्त एवं लेखाद्ध सुरेश रंगानीए अधिशासी निदेशक ;सामग्री प्रबंधनद्ध अमिताभ श्रीवास्तवए अधिशासी निदेशक ;परियोजनाएंद्ध चितरंजन महापात्रा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस्पात भवन के समीपस्थ स्व डॉ राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।श्री प्रकाश ने इस मौके पर कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जीवन से प्रेरणा लेकर हम अपने समाज एवं देश को आगे ले जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त रॉयल पब्लिक स्कूल, डीएवी व अन्य संस्थानों में भी डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### बोकारो स्टील में राजभाषा पखवाड़ा का समापन

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास केंद्र में आयोजित हिन्दी दिवस के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश, विशिष्ट अतिथियों में ईडी संजय कुमार, सुरेश रंगानी, अमिताभ श्रीवास्तव, चितरंजन महापात्रा समेत बीएसएल के सीजीएम अन्य वरीय अधिकारी नराकास संगठन के सदस्यगण तथा पुरस्कार विजेता उपस्थित थे। वरीय प्रबंधक शशांक शेखर ने अतिथियों को पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। निदेशक प्रभारी श्री प्रकाश ने राजभाषा के न केवल उपयोग को बल्कि उसको सहज और सरल बनाए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

## पेज एक का शेष

### आठ को गढ़वा...

उसी दिन वे दूसरे जिले में कार्यकताओं के साथ जनसभा करेंगे।
यूपीए के नेता भी रहेंगे मौजूद : हेमंत सरकार में संसदीय और ग्रामीण विकास मंत्री का काम देख रहे आलमगीर आलम ने बीते दिनों ही कहा था कि खतियानी जोहार यात्रा के दौरान हर जिले में संयुक्त रूप से रैलियां निकाली जायेंगी। इसमें यूपीए के सभी नेता शामिल रहेंगे। साफ है कि यात्रा के माध्यम से हेमंत सरकार अपने एकजुटता को भी देखने का काम करेगी।

**घोषणापत्र के वादों को बताने पर जोर :** रैलियों और सभाओं में सीएम और यूपीए नेता अपने-अपने घोषणापत्र में किए वादों को भी जनता को बताने का काम करेंगे। इसमें पुरानी पेंशन योजना बहाली का काम, ओबीसी वर्ग सहित अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के आरक्षण का दायरा बढ़ाना, किसानों के लिए ऋण माफी और फसल राहत योजना, पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के लिए मानदेय और नियमावली, 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति और सरना धर्म कोड का प्रस्ताव विधानसभा से पास कर केंद्र को भेजना आदि शामिल है।

### देश के विकास में ...

आप लोगों में जॉब क्रियेटर बनने की भी असीम क्षमता है। मुझे विश्वास है कि इस संस्थान के विद्यार्थी आने वाले समय में राष्ट्र के विकास व ह्यआत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी अग्रणी भूमिका निभायेंगे। हम सभी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। मैं इस अवसर पर आप सभी युवाओं से विभिन्न उद्योगों में और क्षेत्रों में मेक-इन-इंडिया पहल में शामिल होने का आग्रह करता हूं। श्री बैस ने कहा कि आप सभी युवा व ऊजार्वान विद्यार्थियों के बीच सम्मिलित होकर हमें बड़ी प्रसन्नता है। सभी उपाधि ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों, उनके अभिभावक और मार्गदर्शन कराने वाले शिक्षकों को भी बधाई देता हूं।

**बीआइटी के छात्रों की विश्वव्यापी पहचान है :** उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह भी एक निर्विवाद सत्य है कि इस प्रतिष्ठित संस्थान के विद्यार्थी विश्व में कहीं भी हों, उन्होंने अपने चुने हुए क्षेत्रों में एक विशिष्ट पहचान स्थापित बनायी है। आप अपने ज्ञान और कौशल से देश और समाज के विकास में योगदान दें, जो आपने इस शिक्षण संस्थान से हासिल किया है। उन्होंने कहा कि बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान झारखंड राज्य का एक अग्रणी तकनीकी संस्थान है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में इसने विशिष्ट पहचान स्थापित की है। यहां से शिक्षा ग्रहण कर हमारे विद्यार्थी अपनी प्रतिभा से देश-विदेश में सेवा प्रदान कर संस्थान का नाम रौशन कर रहे हैं। खुशी है कि यह संस्थान अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ज्ञान का प्रसार करने में कई वर्षों से महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

### आइटी इंजीनियर जुड़वां...

शेल कंपनी से जुड़े मामले में कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल को राहत पहुंचाने के बदले उन्हें कैश के साथ कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। बाद में इडी ने इस केस को टेकओवर कर लिया था। इस मामले में लंबे समय तक जेल में रहने के बाद पिछले दिनों राजीव कुमार को जमानत मिली थी। बाद में इसी मामले में इडी ने अमित अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया था फिलहाल अमित अग्रवाल न्यायिक हिरासत में हैं।

# पाक से तनाव के बीच तालिबान सरकार ने भारत से मांगी मदद

## लंबित परियोजनाओं पर फिर काम शुरू करने का आग्रह किया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** 15 अगस्त, 2021 को जब तालिबान ने काबुल पर कब्जा जमाया था तब इसे अमेरिका के साथ ही भारतीय कूटनीति की भी शिकस्त के तौर पर देखा गया था। लेकिन पिछले 15 महीनों में काबुल में कूटनीतिक समीकरण काफी बदल गये हैं।

पाकिस्तान के साथ तालिबान के रिश्ते लगातार तनावपूर्ण हो रहे हैं जबकि पिछले दिनों वहां के दूतावास में कार्यरत कूटनीतिक तकनीकी टीम से तालिबान ने आग्रह किया गया है कि भारत वहां अपनी लंबित परियोजना को शुरू करें। हालांकि भारत वहां के हालात




को देखते परियोजनाओं को शुरू करने को लेकर बहुत उत्साह में नहीं है।

**तालिबान को वैश्विक स्तर पर मिले मान्यता :** विदेश मंत्रालय का यह भी मानना है कि, तालिबान वैश्विक स्तर पर अपनी सरकार को मान्यता दिलाने के मंसूबे से भी भारत के साथ संबंधों को लेकर ज्यादा उत्साह दिखा रहा है। सूत्रों ने बताया कि तालिबान की तरफ से मदद मांगी गई है, लेकिन यह अभी संभव नहीं दिखता। अगर भारत वहां पनबिजली या बिजली या संचार से जुड़ी परियोजनाओं को शुरू करने का फैसला भी करता है तो पहला सवाल यह है कि वहां उपकरण कैसे भेजा जाएगा। गेहूं तो भेजना संभव नहीं हो पा रहा है क्योंकि पाकिस्तान की तरफ से लगातार अड़चनें पैदा की जा रही हैं। दूसरी बात यह भी है कि अभी वहां के हालात ऐसे नहीं है कि श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर सुनिश्चित हुआ जा सके।

**परियोजनाओं को फिर से शुरू करने की शर्त :** तालिबान के आने के बाद भी वहां के सिखों पर हमले हुए हैं जिसकी वजह से भारत को वहां से सैकड़ों सिखों को निकालना पड़ा है। कई तरह की दूसरी समस्याएं भी हैं जैसे अफगानिस्तान में किसी तरह के कारोबार के लिए कोई बीमा कवरेज अभी उपलब्ध नहीं है। यहां तक वहां की बैंकिंग व्यवस्था बाहरी दुनिया से तकरीबन कटी हुई है। भारतीय कूटनीतिक टीम से मिलने के दौरान तालिबान में शहरी विकास मंत्री हमदुल्लाह नोमानी ने प्रमुख तौर पर चार मांगे रखी हैं। पहला भारत परियोजनाओं का काम शुरू करे। दूसरा, काबुल के विकास से जुड़ी परियोजनाओं के लिए फंड दे। तीसरा, अफगानिस्तानी छात्रों को वीजा देने का काम शुरू करे और चौथा, भारतीय विश्वविद्यालयों में पीएचडी करने के लिए अफगानी छात्रों को मदद करे। भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाया अफगान का मुद्दा : बताते चलें कि अगस्त, 2021 में काबुल दूतावास खाली करने के नौ महीने बाद भारत ने तालिबान से सीधी बात की थी। उसके बाद अफगानिस्तान को मानवीय आधार पर गेहूं और चिकित्सा सामग्री भी भेजी गई हैं। इस बीच भारत ने वहां अपने बंद दूतावास को भी दोबारा खोलने का निर्णय लिया। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफगानिस्तान के खराब होती स्थिति का मुद्दा उठाया था। दूसरी तरफ देखा जाए तो पाकिस्तान के साथ अफगानिस्तान के रिश्तों में लगातार तनाव घुल रहा है। दोनो देशों के सैनिकों के बीच सीमा पर कई बार गोलीबारी हो चुकी है। हाल ही में पाकिस्तान की विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार ने काबुल की यात्रा की थी लेकिन उसे पाकिस्तान की मीडिया ने असफल करार दिया है।

## स्पीड न्यूज

### पाक में आतंकवादी कमांडर सरकई ढेर



पेशावर। पाकिस्तान के अशांत उत्तर पश्चिम भाग में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी कमांडर को गिराया जो हाई प्रोफाइल आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता को लेकर वांछित था। सेना ने यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शनिवार को कहा कि दो दिसंबर को उत्तरी वजीरिस्तान के शेवा क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ आतंकवादी कमांडर मुहम्मद नूर उर्फ सरकई मारा गया था।

### दिल्ली निगम चुनाव में 50 फीसदी मतदान

**नयी दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के 250 वार्डों में शाम साढ़े पाँच बजे तक लगभग 50 फीसदी मतदान हुआ। राज्य चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार शाम साढ़े पाँच बजे तक लगभग 50 फीसदी दर्ज किया गया। शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ और किसी भी इलाके से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। नतीजे सात दिसंबर को आयेंगे। मतदान सुबह आठ बजे से शुरू हुआ और शाम 5:30 बजे तक चलेगा। मतगणना सात दिसंबर को होगी। राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में मतदाताओं की कुल संख्या 1,45,05,358 है।

### किन्नौर में ड्रोन से होगी सेब की ढुलाई

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के आदिवासी बहुल किन्नौर जिले के दूर-दराज और दुर्गम इलाकों में सेब उत्पादक एक नयी क्रांति की ओर बढ़ रहे हैं क्योंकि ड्रोन तकनीक के जरिए सेब का परिवहन जल्द ही एक हकीकत बन जाएगा। किन्नौर जिले के निचार प्रखंड के रोहन कांडा गांव में 20 किलोग्राम सेब के बक्सों के परिवहन का सफल परीक्षण किया गया और स्काईयर के सहयोग से वेग्रो सेब खरीद एजेंसी द्वारा छह मिनट में बक्सों को 12 किलोमीटर की दूरी तय कर एक बाग से मुख्य सड़क तक पहुंचाया गया।

### रायपुर में कांग्रेस का अधिवेशन फरवरी में

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस का तीन दिवसीय अधिवेशन अगले साल फरवरी महीने के दूसरे पखवाड़े में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होगा, जिसमें अध्यक्ष के तौर पर मल्लिकार्जुन खरगे के निर्वाचन पर मुहर लगेगी और फिर नयी कार्य समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू होगी। पार्टी अध्यक्ष खरगे की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस संचालन समिति की बैठक में अधिवेशन को लेकर यह निर्णय लिया गया। यह पार्टी का 85वां अधिवेशन होगा।

### मुंबई में महिला से सामूहिक बलात्कार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में 42 वर्षीय एक महिला से उसके घर में घुसकर तीन लोगों ने कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया है। साथ में आरोपियों ने उसपर धारदार हथियार से वार किया और उसके निजी अंगों को सिगरेट से दागा है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार को कुर्ला में हुई।

### भगत सिंह की शौर्य गाथा पर मराठी में बुक लॉन्च

**नयी दिल्ली ।** ऑल इंडिया श्याम भाऊ शिंदे युवा मंच ने शहीद भगत सिंह की शौर्य गाथा पर मराठी में किताबें छपवाई हैं, जिन्हें युवाओं के बीच पहुंचाने की अनूठी योजना बनाई गई है। श्याम भाऊ शिंदे ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह के पोते यादविंदर सिंह से मुलाकात कर सबसे पहले उन्हें ये किताब भेंट की है। शहीद भगत सिंह की बहादुरी और शौर्य के किस्से किसी से छुपे नहीं हैं। आजादी की लड़ाई में उनके योगदान को कभी भूला नहीं जा सकता है, लेकिन यह भी सच है कि कुछ लोगों, खास कर युवा पीढ़ी को उनकी वास्तविक कहानी नहीं पता है।

# गुजरात विधासभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान आज

एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में सोमवार को 14 मध्य और उत्तरी जिलों की 93 सीट पर मतदान होगा। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इनमें से 51 सीट जीती थी। कांग्रेस ने 39, जबकि तीन सीट पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की थी। मध्य गुजरात में भाजपा ने 37 सीट जीती थी। कांग्रेस को 22 सीट मिली थी। लेकिन उत्तर गुजरात में, कांग्रेस ने 17 सीट पर जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा को 14 सीट मिली थी। दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार शनिवार शाम को समाप्त हो गया था। सौराष्ट्र, कच्छ और दक्षिण गुजरात क्षेत्रों की 89 सीट पर पहले चरण में एक दिसंबर को मतदान हुआ था। पहले चरण में औसत मतदान 63.31 प्रतिशत दर्ज किया गया था। गुजरात विधानसभा में

### 93 सीटों पर डाले जायेंगे वोट सीएम भूपेंद्र पटेल घाटलोडिया से और पाटीदार नेता हार्दिक विरमगाम से लड़ रहे हैं चुनाव

कुल 182 सीट हैं। दूसरे चरण में जिन शेष 93 सीट पर मतदान होगा, उसके लिए 61 राजनीतिक दलों के 833 उम्मीदवार मैदान में हैं। राज्य चुनाव निकाय के अनुसार, उम्मीदवारों में 285 निर्दलीय भी शामिल हैं। भाजपा और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप सभी 93 सीट पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस 90 सीट पर चुनाव लड़ रही है और उसकी सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने दो सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं। अन्य दलों में, भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) ने 12 और बसपा ने 44 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। सोमवार को जिन 93 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा, वे अहमदाबाद, वडोदरा, गांधीनगर और अन्य जिलों में फैले हुए हैं।

### प्रधानमंत्री वोट डालने पहुंचे अहमदाबाद, मां से लिया आशीर्वाद

विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव से पहले रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद पहुंचे। पीएम गांधीनगर में मां हीराबेन मोदी से मिलने के लिए उनके आवास पर पहुंचे और चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। मोदी ने मां के यहां करीब 45 मिनट बिताया। जिसके बाद वह वहां से निकल गए। मोदी रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगे। प्रधानमंत्री सोमवार सुबह अहमदाबाद शहर के रानिप इलाके में एक विद्यालय में स्थापित मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री



और गांधीनगर से भाजपा सांसद अमित शाह अहमदाबाद के नारणपुरा में नगर निगम के एक कार्यालय में स्थापित केंद्र में मतदान करेंगे। मोदी रानिप क्षेत्र के पंजीकृत मतदाता हैं और उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव तथा पहले के अन्य चुनावों में भी यहां अपना वोट डाला था। यह मतदान केंद्र अहमदाबाद शहर की साबरमती विधानसभा के अंतर्गत आता है।

दूसरे चरण के कुछ महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्रों में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल का घाटलोडिया, भाजपा नेता हार्दिक पटेल का विरमगाम और गांधीनगर दक्षिण क्षेत्र शामिल हैं, जहां से भाजपा के ही अल्पेश ठाकोर चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा, दलित नेता जिग्नेश मेवानी बनासकांठा जिले की वडगाम सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, और गुजरात विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुखराम राठवा छोटा उदयपुर जिले के जेतपुर से उम्मीदवार हैं। वडोदरा जिले की वाघोडिया सीट से भाजपा के बागी मधु श्रीवास्तव निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं।

# जी 20 शिखर सम्मेलन को लेकर सर्वदलीय बैठक आज

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार अगले साल भारत की मेजबानी में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए सुझाव मांगने, रणनीतियों पर चर्चा करने और अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को बुलाई सर्वदलीय बैठक।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी की ओर से करीब 40 दलों के अध्यक्षों को बैठक में आमंत्रित किया गया है। राष्ट्रपति भवन में होने वाली इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहेंगे। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के भी बैठक में शामिल होने की संभावना है। भारत ने एक दिसंबर को आधिकारिक रूप से जी20 की अध्यक्षता ग्रहण की है। इस साल दिसंबर से हैदराबाद समेत देश के विभिन्न स्थानों पर 200 से अधिक जी20 बैठकों की मेजबानी किए जाने की उम्मीद है। अगले साल नौ और 10 सितंबर को नयी दिल्ली में जी20 नेताओं का शिखर सम्मेलन होना है। इससे पहले देश के विभिन्न हिस्सों में जी20 की कई बैठकें आयोजित की जाएंगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी

### बैठक में केंद्र सरकार ने 40 दलों के अध्यक्षों को आमंत्रित किया है



रविवार को दिल्ली पहुंचेंगी। बाद में वह सर्वदलीय बैठक में शिरकत करेंगी। हालांकि, बनर्जी ने कहा कि वह बैठक में तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में भाग लेंगी, न कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में। इंडोनेशिया ने इस महीने की शुरूआत में बाली शिखर सम्मेलन में, आने वाले वर्ष के लिए जी20 की अध्यक्षता भारत को सौंपी थी और प्रधानमंत्री मोदी ने इसे प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए गर्व की बात करार दिया था। जी20 दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर सरकारी मंच है। इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं।

# भाजपा की बैठक आज से

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक का उद्घाटन करेंगे। इसमें कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों और 2024 में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी के मद्देनजर पार्टी के राजनीतिक एजेंडे को रखा जाएगा। पार्टी ने कहा कि मोदी गुजरात विधानसभा चुनाव में मतदान करने के बाद दिल्ली पहुंचेंगे और देश भर से पार्टी के वरिष्ठ संगठनात्मक नेताओं को संबोधित करेंगे। परिपाटी के अनुसार राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अलावा, पार्टी की प्रदेश इकाइयों के अध्यक्ष और महासचिव (संगठन) भी बैठक में भाग लेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में पार्टी की भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा, राज्य विधानसभा चुनावों के अगले दौर के लिए तैयारियों का जायजा लिया जाएगा। पिछले लोकसभा चुनाव में जिन सीटों पर पार्टी को हार मिली थी, वहां स्थिति मजबूत करने और 2024 में जीत सुनिश्चित करने के मद्देनजर केंद्रीय मंत्रियों सहित पार्टी के नेताओं के विभिन्न समूह भी इस बैठक में हिस्सा लेंगे। लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान त्रिपुरा और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होने हैं।

### गया में गोबरधन योजना से मुफ्त में बनेगा भोजन

**गया।** जिले के बोधगया प्रखंड के बतसपुर गांव में गोबर और पराली के बदले ग्रामीणों के रसोई घर तक मुफ्त कुकिंग गैस पहुंचने वाली है। बोधगया के बसाढ़ी पंचायत के इस गांव के ग्रामीणों के घरों में रसोई तक पाईप लाईन से कुकिंग गैस पहुचने वाली है और वह भी मुफ्त। बदले में किसानों को अपने गाय-भैस का गोबर और कचरा भुगतान करना होगा। खेतों की पराली और अन्य बेकार की चीजें भी सौंपनी होगी। पराली जलाने की समस्या सरकार के लिए सिरदर्द बन चुकी है। ऐसे में इस योजना के तहत पराली और गोबर से बायोगैस बनेगी।

# पतरी कमरिया आय हाय हाय रिलीज

**पटना।** भोजपुरी अभिनेता रितेश पांडेय का नया गाना 'पतरी कमरिया आय हाय हाय' रिलीज हो गया है। आदिशक्ति फिल्म्स प्रा लि के बैनर तले मनोज मिश्रा प्रस्तुत गाना को रितेश पांडेय ने गाना 'पतरी कमरिया आय हाय हाय' अंतरा सिंह प्रियंका के साथ मिलकर गाया है। रितेश पांडेय ने कहा कि गाना 'पतरी कमरिया आय हाय हाय' फुल धमाल वाला गाना है। यह सबको झूमने को मजबूर कर देने वाला गाना है। हमने इस गाने को बेहद मेहनत और लगन से बनाया है। इसलिए सबों से आग्रह है कि आप



अपना प्यार और स्नेह बनाए रखें। और पहले से भी ज्यादा आशीर्वाद दें। हम आपके लिए हमेशा नए और धमाकेदार गाने लाते रहेंगे।। 'पतरी कमरिया आय हाय हाय' गाना के प्रोजेक्ट हेड फतह नारायण सिंह हैं। गीत विशाल भारती और संगीत श्यामसुंदर का है।

### छपरा : दारोगा व पुलिसकर्मी की हत्या में पांच अपराधी गिरफ्तार

छपरा। जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र में वर्ष 2019 में एसआइटी के दारोगा मिथलेश साह और हवलदार की हत्या के मामले के मुख्य अपराधी बिट्टू कुमार सिंह समेत पांच अपराधियों को हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। इस सूचना के आधार पर सारण जिले की एसआइटी टीम ने गड़खा पहुंच कर अपराधी जलालपुर थाना क्षेत्र के बसडीला गांव निवासी बिट्टू कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, सूरज कुमार, अभिषेक कुमार और रिविलगंज थाना क्षेत्र के रिविलगंज बाजार निवासी सौरभ कुमार उर्फ शिवम को गिरफ्तार कर लिया।

# भारत को हराकर ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज 4-1 से जीता

### हॉकी मैच : मौकों को छोड़ना और निरंतरता की कमी से सबक लेंगे : हरमनप्रीत सिंह

एजेंसी

एडिलेड । कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल दागे लेकिन भारत ने रविवार को यहां पांचवें और अंतिम मैच में संघर्षपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद आस्ट्रेलिया से 4-5 से करारी शिकस्त के साथ किया। इस तरह भारत मेजबान टीम से सीरीज 1-4 से हार गया। जनवरी में होने वाले आगामी एफआईएच ओडिशा हॉकी मेन्स वर्ल्ड कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला की तैयारी में महत्वपूर्ण पांच मैचों की श्रृंखला ने भारतीयों को न केवल छह साल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज करने में मदद की, बल्कि पांच मैचों में से चार में गोल दागे। रविवार के मैच में आधे समय तक 3-1 से आगे चल रहे ऑस्ट्रेलिया ने टॉम विकम (5', 17' मिनट), अरन जाल्वेस्की (30' मिनट), जैकब एंडरसन (40' मिनट), और जेक वेटन (54' मिनट) के माध्यम से अपने लक्ष्य प्राप्त किए। भारत के लिए



कप्तान हरमनप्रीत सिंह (24', 60' मिनट), अमित रोहिदास (34' मिनट) और सुखजीत सिंह (55' मिनट) ने गोल किए। श्रृंखला पर टिप्पणी करते हुए भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि मौकों को छोड़ना और 'निरंतरता की कमी' से सबक लेंगे, जो उन्होंने इस श्रृंखला से सीखे, जबकि सकारात्मक टीम पर अच्छी लड़ाई और स्कोरिंग दक्षता टीम के लिए अच्छी तरह से बढ़ी। भारत के कोच ग्राहम रीड ने कहा कि विश्व चैंपियन के खिलाफ उनकी टीम द्वारा बनाए गए 17 गोल मौजूदा विश्व चैंपियन के खिलाफ एक आकर्षण थे और कहा कि इन दौरों से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

### भारत ने 11 साल बाद बनाई विश्व कॉर्फबाल चैंपियनशिप में जगह

**बैंकॉक।** भारतीय कोर्फब्रॉल टीम ने एशिया ओशिनिया चैंपियनशिप 2022 में पांचवां स्थान हासिल करके विश्व चैंपियनशिप के लिए 11 साल बाद क्वालीफाई कर लिया है। भारत ने रविवार को यहां आईकेएफ एशिया-ओशिनिया कोर्फब्रॉल चैंपियनशिप के अपने आखिरी मैच में जापान को 12-10 से हराया।

### ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 164 रन से हराया

**पर्थ ।** मेजबान टीम ऑस्ट्रेलिया ने वेस्ट इंडीज को पर्थ में पहले टेस्ट मैच में 164 रन से हराया और आस्ट्रेलिया के लिए मार्नस लाबुशेन ने दोनों पारी में 308 रन का योगदान दिया। जिससे उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के लिए चुना गया। लाबुशेन ने पहली पारी में 204 और दूसरी पारी में 104 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में चार विकेट खोकर 598 रन बनाए थे।

**V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL**
Sr. Secondary (10+2) Affiliated to C.B.S.E. Delhi, Affiliation No. 3430175
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL

Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.

Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| * Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | * Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| * Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | * Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| * Mathematics Practical | ₹ 60 | | |
| * Science Practical | ₹ 60 | | |
| * S. Science Practical | ₹ 60 | | |
| * Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 | * Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 |
| * English Grammar– I | ₹ 60 | * English Grammar– I | ₹ 60 |
| * Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 | * Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !